राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 17 दिसंबर 2025
वर्ष 07,अंक 78, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सनकी युवक ने खतरनाक उठाया कदम शादी की ज़िद में मोबाइल टावर पर चढ़ा, पुलिस ने उतारा...03

पति ने गला दबाकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार.....12

# नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार



**ब्यूरो प्रयागराज।** नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है. दिल्ली की अदालत ने गांधी फैमिली के खिलाफ ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है. दरअसल, नेशनल हेराल्ड केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. इस फैसले में गांधी परिवार को राहत मिली है. राउज एवेन्यू कोर्ट ने गांधी परिवार के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया. साथ ही दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि सोनिया गांधी सहित अन्य आरोपियों को एफआईआर की प्रति फिलहाल नहीं दी जाएगी।

सोनिया गांधी और राहुल गांधी को मंगलवार को राहत देते हुए दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि इस स्तर पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता क्योंकि ईडी का मामला सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर निजी शिकायत और मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन आदेशों पर आधारित है, न कि किसी एफआईआर पर।

नेशनल हेराल्ड केस की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जांच एजेंसी सीबीआई ने अब तक कोई प्रीडिकेट अपराध दर्ज नहीं किया है, इसके बावजूद ईडी ने जांच आगे बढ़ाई. एफआईआर के अभाव में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच और उसके आधार पर दायर अभियोजन शिकायत (प्रोसिक्यूशन कम्प्लेंट) कायम नहीं रह सकती।

कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी शिकायत पर मनी लॉन्ड्रिंग की कार्यवाही भी बनाए रखने योग्य नहीं है. निजी व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अनुमेय नहीं है. इस मामले के गुण-दोष (मेरिट्स) आदि से जुड़े अन्य तर्कों पर विचार/निर्णय की आवश्यकता नहीं है।

कोर्ट के इस फैसले के बाद अब दिल्ली पुलिस की EOW द्वारा दर्ज FIR महत्वपूर्ण होगी. पिछले कुछ समय पहले ही नेशनल हेराल्ड केस में EOW ने मामला दर्ज किया था. दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज एफआईआर की कॉपी आरोपियों को उपलब्ध कराने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई. इससे पहले सोमवार को भी सुनवाई हुई थी. राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई आज यानी मंगलवार के लिए टल गई थी।

दरअसल, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 3 अक्टूबर को नेशनल हेराल्ड केस से संबंधित एक नई एफआईआर दर्ज की थी. इस एफआईआर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड और अन्य को आरोपी बनाया गया है.एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपियों की ओर से इसकी कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी. मगर अब कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आरोपियों को एफआईआर की कॉपी नहीं मिलेगी।

दिल्ली कोर्ट ने ईडी की जांच पर बड़ा सवाल उठाते हुए कहा, 'सीबीआई ने अब तक कोई प्रेडिकेट ऑफेंस दर्ज नहीं किया है, इसके बावजूद ईडी ने जांच जारी रखी.' कोर्ट ने यह भी कहा कि जब मूल अपराध ही दर्ज नहीं है, तो मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कैसे आगे बढ़ाई जा सकती है।

दरअसल, नेशनल हेराल्ड केस पहले से ही राजनीतिक हलचल का केंद्र बना हुआ है. नेशनल हेराल्ड अखबार की स्थापना 1938 में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी. इसका प्रकाशन एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की ओर से किया जाता था. आर्थिक संकट के कारण 2008 में अखबार बंद कर दिया गया, जिसके बाद विवाद की शुरुआत हुई. साल 2010 में 'यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना राष्ट्रपिता का अपमान', विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा, पूछा- ऐसा क्यों ?



**ब्यूरो प्रयागराज।** विपक्ष ने मनरेगा के स्थान पर नया कानून बनाने की तैयारी के बीच सोमवार को कहा कि आखिर इस योजना से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। उसने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का कदम महात्मा गांधी का अपमान है। सरकार 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ सकती है।नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांटी गई हैं।

सरकार के कदम के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी में बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं...जिसके लिए पैसा खर्च किया जाता है। तो, क्या फायदा है? ऐसा क्यों किया जा रहा है?''

उन्होंने कहा, ''महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी न केवल देश में, बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं, इसलिए उनका नाम हटाना, मुझे वास्तव में समझ में नहीं आता कि उद्देश्य क्या है। उनका (सरकार) इरादा क्या है?''

तृणमूल कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने सरकार के इस कदम को ''महात्मा गांधी का अपमान'' बताया। उन्होंने कहा, ''लेकिन फिर, क्या आप आश्चर्यचकित हैं। ये वही लोग हैं, जो महात्मा गांधी की हत्या करने वाले व्यक्ति का नायक की तरह सम्मान करते हैं। वे महात्मा गांधी का अपमान करना चाहते हैं और उन्हें इतिहास से हटाना चाहते हैं।''

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम ए बेबी ने इसे इस तथ्य को छिपाने का प्रयास बताया और कहा कि योजना को खत्म किया जा रहा है।उन्होंने दावा किया, ''मनरेगा के संपूर्ण सुधार पर केंद्र सरकार की यह मनमानी इस चौंकाने वाले तथ्य को छिपाने का एक प्रयास है कि जिस ढांचे के तहत यह योजना संचालित होती थी, उसे खत्म किया जा रहा है और केंद्रीय हिस्सेदारी में भारी कमी की गई है। '

वामपंथी नेता ने आरोप लगाया, ''इसकी जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है और केंद्र अब आवंटन में कटौती करके विपक्ष शासित राज्यों को दंडित कर सकता है। यह उन तकनीकी हस्तक्षेपों को भी कानून में शामिल करेगा, जिनके माध्यम से लाखों लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।''

## बीजेपी का एक और झूठ बेनकाबः 'नेहरू से संबंधित दस्तावेज गायब नहीं होने की बात सरकार ने स्वीकारी, क्या माफी मांगी जाएगी?'

**ब्यूरो प्रयागराज** कांग्रेस ने लोकसभा में संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लिखित उत्तर का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) से पंडित जवाहरलाल नेहरू से संबंधित कोई दस्तावेज गायब नहीं होने की सच्चाई सामने आ गई है तो क्या अब इस मामले में माफी मांगी जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने लोकसभा में सोमवार को पूछे गए तारांकित प्रश्न और उत्तर की प्रति साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कल आखिरकार लोकसभा में सच्चाई सामने आ ही गई। क्या अब माफी मांगी जाएगी?'' दरअसल, सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता संबित पात्रा ने लोकसभा में लिखित प्रश्न किया था कि क्या 2025 में पीएमएमएल के वार्षिक निरीक्षण के दौरान भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से संबंधित कतिपय दस्तावेज संग्रहालय से गायब पाए गए हैं? इसके उत्तर में संस्कृति मंत्री शेखावत ने कहा, ''2025 में पीएमएमएल के वार्षिक निरीक्षण के दौरान संग्रहालय से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से संबंधित कोई दस्तावेज गायब नहीं पाया गया है।'' बीजेपी ने पिछले साल दावा किया था कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा विभिन्न हस्तियों को लिखे गए पत्र 2008 में नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (अब पीएमएमएल) से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर ले जाए गए थे। उसे कहा था कि ये दस्तावेज वापस किए जाने चाहिए।

## मर्यादित जीवन जीने की सीख देती है श्रीराम कथा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के अठेहा बाजार स्थित बाला जी मन्दिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। मंगलवार को भगवान श्रीराम की कथा पर प्रवचन करते हुए कथाव्यास आचार्य शिवम मिश्र ने कहा कि श्रीराम की कथा मर्यादित व आदर्श जीवन जीने की शिक्षा देती है। उन्होने कहा कि कलियुग में भगवान श्रीराम के नाम का जप करने से जीव मोक्षगामी होता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम की कथा व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार है। कथा के दौरान प्रभु श्रीराम के भजनों से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा। क्षेत्र के दयाराम मौर्य, विशम्भरनाथ पाठक, बुधई लाल चौरसिया, बनवारी लाल विश्वकर्मा, रामबहोर पाल आदि ने कथा श्रवण किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बिसवां सीतापुर पारिवारिक कलह में व्यक्ति ने नहर में कूदकर की आत्महत्या

**बिसवां** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी नंदू रस्तोगी (55 वर्ष), पुत्र मेवा लाल, ने पारिवारिक कलह के चलते नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कर लगभग 800 मीटर दूर से शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### नाले की निकासी न होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी अरैल मेला वापसी मार्ग मैना देवी इंटर कॉलेज एवं बीएल एकेडमी वाली रोड पर नले का निर्माण हुआ है। लेकिन निकासी न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है जिसमें काई भी जमा गई है। जानकारी के मुताबिक इस सड़क से स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है। कुंभ मेले के दौरान नाले का निर्माण जब हो रहा था तब स्थानीय लोगों ने मोरी बनवाने के लिए कहा गया था। जो नहीं बना जिसके चलते नाला पूरी तरीके से भष्ट हो चुका है। जिसके वजह से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को इस बारे में अवगत भी कराया लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। नगर निगम को इस समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए ताकि माघ मेले मे यात्रियों को असुविधा ना हो।

## जोकनई गौशाला में बीमार पशुओं की अनदेखी, बदहाली, कई की मौत, चारा-पानी का अभाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोकनई स्थित अस्थाई गौशाला में पशुओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है।दर्जनों पशु गंभीर रूप से बीमार पड़े हैं,जबकि कुछ बीमार पशुओं को कौवों द्वारा नोचते हुए देखा गया,जो व्यवस्थाओं की पोल खोलता है। साफ-सफाई के अभाव में गौशाला में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे संक्रमण फैलने का लगातार खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पशुओं के नाम पर सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि समय से आ रही है, इसके बावजूद गौशाला में पशुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। समय रहते यदि पशु चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया होता, तो आज इतनी भयावह स्थिति ना होती। इलाज के अभाव में कई पशु तड़प रहे हैं,और कुछ की मौत तक हो चुकी है। जिससे पशु प्रेमियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अस्थाई गौशाला में लगभग 200 से अधिक पशु हैं,लेकिन उनके चारे-पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। पशुओं को केवल सूखा भूसा दिया जा रहा है।

जबकि कागज में हरा चारा भी दिखाया जाता है। काफी समय से गौशाला में लगे हैंडपंप के खराब होने से पानी की भी समस्या है,जिसके कारण समय से पशुओं को पानी भी नहीं मिल पाता, और पूरे दिन प्यासे तड़पते रहते हैं। इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान नन्हेंलाल गुप्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं, जब उनसे इस मामले में जानकारी लेने का प्रयास किया गया,तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और भी बढ़ गई है।लोगों का कहना है कि अस्थाई गौशाला की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है,और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हुए है। ग्रामीण और पशु प्रेमियों ने प्रशासन से मांग किया है, कि तत्काल पशु चिकित्सकों की टीम भेजकर बीमार पशुओं का इलाज कराया जाए, साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए,और चारे-पानी की भी नियमित व्यवस्था कर दी जाए। इसके अलावा गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों के लापरवाही बरतने पर उन्हें कड़े से कड़ा दंड भी दिया जाए।फिलहाल जोकनई गांव स्थित अस्थाई गौशाला की स्थिति बेहद दयनीय है, इसके जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी सहित ग्राम प्रधान भी हैं।

### अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा रामलीला मैदान मुंशी लाटपुर में अंतिम चरण में चल रहे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया समापन

शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के मार्गदर्शन में जिला पुलिस युवाओं और खिलाड़ियों को दुष्प्रभावों से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए आज दिनांक 16.12.2025 को एम.आर.सी.सी. क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में पूर्वांचल ञ्20 क्रिकेट महाकुंभ स्थान रामलीला मैदान मूंसी लाटपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रतियोगिता का फाइनल मैच में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मैच की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुई, जहां मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, बल्कि व्यक्ति को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हर युवा को खेलों में भाग लेकर अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक दिशा में करना चाहिए। क्रिकेट मैच रोमांचक अंदाज़ में संपन्न हुआ, जहां दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## पाल चौराहे पर पैसे के लेनदेन को लेकर दो भाइयों में मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के एडीए के पाल चौराहे के समीप मंगलवार को पैसे के लेन देन को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान एक भाई ने दूसरे भाई को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार नैनी कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। हालाकि घायल को उपचार के लिए सीएचसी चाका भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी एडीए के पाल चौराहे के समीप रहने वाले राजेश भारतीय और उनके भाई प्रदीप के बीच जमीन के बिक्री के पैसे को विवाद चल रहा था।

मंगलवार को राजेश और प्रदीप के बीच फीस के विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ा तो प्रदीप और उसके साथ रहे कुछ लोगों ने मिलकर राजेश को बुरी तरह से मारपीट के घायल कर दिया।घटना के दौरान राजेश का भाई महेंद्र बीच बचाव करने पहुंचा तो सभी ने मिलकर उसे भी मारा पीटा। इसके बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद महेंद्र, राजेश और अन्य परिवार के लोग नैनी कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने घायल राजेश को इलाज के लिए सीएचसी चाका भेज दिया। पुलिस ने महेंद्र की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

## ओवरलोड ट्रकों का भार नहीं झेल पाई, दो महीने के भीतर दोबारा टूटी पुलिया





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मुस्करा विकासखण्ड के बिवांर से जलालपुर जाने वाले रोड पर कस्बा बिवांर के बांधुर मोड़ पर बनी पुलिया दो महीने के भीतर दोबारा टूट गई। गौरतलब हो कि बिवांर से बांधुर, धौहल होते हुए जलालपुर और रिरुआ-बसरिया के मौरंग खंडों के लिए रास्ता जाता है, जिसकी वजह से यह रोड बहुत ज्यादा व्यस्त रहता है और इसमें ज्यादातर मौरंग के ट्रक चलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस रोड से लगभग तीन- चार सौ ट्रक रोजाना निकलते हैं। बताते चलें कि बीते लगभग दो माह पहले इस मोड़ पर नाली के पानी को निकालने के लिए बनाई गई पुलिया टूट जाने पर बनाई गई थी। लेकिन यह पुलिया बीते सोमवार के दिन फिर से टूट गई है। मोड़ पर दुकानें रखे मालिक यादव, सुरेश गुप्ता, ढरूू कुशवाहा आदि ने बताया कि यहां से निकलने वाले ओवरलोड मौरंग ट्रकों के भार से यह बार-बार टूट जाती है। दुकानदारों ने बताया कि इन ओवरलोड ट्रकों से अक्सर दुर्घटनाएं भी होती हैं। लोगों ने ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की मांग की है।

### न्यायालय के आदेश पर लालापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार हुआ वारण्टी अभियुक्त



**लालापुर, प्रयागराज।** लालापुर थाना पुलिस ने मंगलवार को वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी की। न्यायालय के आदेश पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने पूरी सतर्कता के साथ ग्राम अमिलिया तरहार में दबिश दी और आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त अजय कुमार द्विवेदी लंबे समय से न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहा था। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया और थाने लाकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं।

## गैंगरेप में फंसाकर ब्लैकमेलिंग, प्रधान से वसूले 50 हजार, प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** थाना करछना क्षेत्र में 1 ग्राम प्रधान को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पैसे ऐंठने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है,जबकि उसका एक साथी अभी फरार है। पुलिस के अनुसार,करछना क्षेत्र के डांडो,रोकडी निवासी ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार ने 14 दिसंबर को थाने में तहरीर दी थी।उन्होंने आरोप लगाया, कि पवन कुशवाहा और उसका साथी रामराज आदिवासी पिछले कई वर्षों से उन्हें धमका रहे थे। वर्ष 2021 में दोनों आरोपी प्रधान के घर पहुंचे और हर साल 1 लाख रुपए देने की मांग करने लगे। रुपए देने से इनकार करने पर उन्होंने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया।प्रधान का आरोप है कि 25 सितंबर 2023 को दोनों फिर घर आए और 2 लाख रुपए की मांग किया।

इस दौरान धमकाते हुए 50 हजार रुपए जबरन वसूल ले गए। कुछ समय बाद फिर से धमकियां दी जाने लगी। आरोप है कि एक नाबालिग को बहलाकर दुष्कर्म से जुड़ा झूठा बयान दिलवाने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस विवेचना में मामला फर्जी पाया गया, और प्रधान का नाम हटा दिया गया।लगातार मिल रही धमकियों के चलते प्रधान मानसिक रूप से टूटने लगे थे।उन्होंने बताया कि वह आत्महत्या तक का विचार करने लगे थे,लेकिन परिवार और ग्रामीणों ने उन्हें हिम्मत दी।13 दिसंबर को गांव में पवन कुशवाहा मिलने पर उसने दोबारा रुपया ना देने की स्थिति में दुष्कर्म के फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी।शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की, और सोमवार रात पवन कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि आरोपी के एक साथी की तलाश के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राइवेट दुकानों पर महंगे दामों पर बिक रहा यूरिया खाद



**266.50 रूपए कीमत की यूरिया निजी दुकानों से 500 से 600 रूपए में खरीद रहे किसान**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के प्राइवेट खाद की दुकानों पर यूरिया खाद के लिए किसानों से मनमाफिक दाम वसूले जा रहे हैं। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के जिगिना, जमुहानी, गंगवलियां, गंगापुर, हरलालगढ़ आदि प्राइवेट दुकानदार एक बोरी यूरिया की कीमत 500 से 600 रुपए किसानों से वसूल रहे हैं। इन दिनों किसान गेहूं का सिंचाई कर रहे हैं। ऐसे में गेहू के सिंचाई के बाद किसानों को यूरिया खाद की जरूरत है। निजी दुकानों पर खाद के दामों में सरकारी दर के अपेक्षा दोगुना दाम लिया जा रहा है। किसानों को सरकारी समितियों पर उनके आवश्यकता अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। इसी का फायदा उठाकर प्राइवेट खाद विक्रेता महंगें दामों पर किसानों को यूरिया बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। स्थिति यह है कि 266 रूपए कीमत की खाद किसानों को 500 से 600 रूपए देनी पड़ रही है। निजी दुकानों पर यूरिया खाद की हुई बढ़ोतरी ने किसानों के सिर पर कर्ज का बोझ बढ़ा दिया है। एक तरफ सरकार बीज व उर्वरक को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराने की योजना चलाई है। बावजूद इसके निजी दुकानदार फायदा उठाकर किसानों की जेब पर भारी बोझ डाल रहे हैं। ऐसे में क्षेत्र के किसानों ने जिले के आलाधिकारियों से प्राइवेट खाद विक्रेताओं पर नकेल कसने की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम नौतनवां नवीन कुमार ने कहा कि जांच-पड़ताल कर मनमाने दाम पर खाद बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### महिला दीवान के तबादला पर सहकर्मियों ने दी विदाई



**सीओ कार्यालय गोला में तीन साल तक सेवा देने के बाद जनपद देवरिया हुआ तबादला**

**गोला बाजार , गोरखपुर-** गोला तहसील परिसर में स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में कार्यरत रही महिला दीवान शीला पटेल का गैर जनपद में तबादला होने पर सोमवार के दिन उनके सहकर्मियों ने उन्हें विदाई दिया। इस दौरान सहकर्मी काफी भावुक दिखे। विभाग के सहकर्मी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह व उपनिरीक्षक प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन कर विभागीय अधिकारियों तथा सहकर्मियों ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर उन्हें विदाई दी। साथ ही साथ सभी ने उनके आगे के सफल कार्यकाल की कामना की। बताते चले कि गोला सीओ ऑफिस में तीन साल तक सेवा देने के बाद महिला दीवान शीला पटेल का जनपद देवरिया में तबादला हो गया है। यह जनपद गोरखपुर में 14 साल के कार्यकाल में कैंट, गगहा, बड़हलगंज समेत विभिन्न थानों पर तैनात रहते हुए सेवाएं दी। महिला दीवान शीला पटेल का व्यक्तित्व मिलनसार मृदुभाषी होने के कारण उनके सहकर्मी भावुक दिखे। इस विदाई समारोह के दौरान सीओ पेशकार एसआई दिनेश कुमार सिंह महिला दरोगा प्रियंका मौर्या, दीवान संजय यादव, दीपक राय, संतोष यादव, रविंजय सिंह, मनोज यादव, महिला कांस्टेबल वंदना यादव व आरती गिरी सहित सभी सीओ ऑफिस के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### 1 जनवरी 2026 अर्हता तिथि पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**देवरिया-** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1.1.2026 अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। बीएलओ द्वारा घर-घर गणना कार्य 26 दिसंबर तक किया जाएगा। 31 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। दावे व आपत्तियां 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक दाखिल की जा सकेंगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे फार्म-6 भरकर नाम दर्ज कराएं।

# डबल डेकर बस और ट्रक की आमने-सामने की भीषण टक्कर...4 की दर्दनाक मौत 15 से ज्यादा घायल, कई की हालत नाजुक

**●दुर्घटना के बाद एक बार फिर परिवहन और पुलिस विभाग पर लोगों की उठ रहीं उंगलियां...**

**बस्ती में भीषण सड़क हादसाः ट्रक और डबल डेकर बस की आमने-सामने टक्कर, कई हताहत; अवैध बस संचालन पर फिर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरदिया चौराहे के पास सोमवार रात करीब 10:15 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और एक डबल डेकर बस की आमने-सामने हुई टक्कर ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज दूर तक सुनाई दी और कुछ ही पलों में घटनास्थल चीख-पुकार और भगदड़ का केंद्र बन गया। 'ट्रक और डबल डेकर बस की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में बस चालक और ट्रक चालक समेत कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और चारों तरफ चीख-पुकार सुनाई देने लगी।

बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस संतकबीरनगर जनपद के बेलहर कला गांव से अजमेर शरीफ जा रही थी। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है और पुलिस उनकी पहचान कराने में जुटी हुई है।'

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डबल डेकर बस तेज रफ्तार में थी और अचानक सामने से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बस में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद बस और ट्रक दोनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी आवास पर फोन कर प्रशासन को अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस बल और राहत एवं बचाव टीम मौके पर पहुंची। घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से



बाहर निकालकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

सूचना पर तत्काल जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना, डीआईजी संजीव त्यागी और पुलिस अधीक्षक अभिनंदन भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत कार्यों की समीक्षा की। दुर्घटना के चलते हरदिया चौराहे के पास काफी देर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। हालांकि इस भीषण हादसे के बाद एक बार फिर बस्ती में अवैध और अनियंत्रित बस संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में लंबे समय से बिना परमिट, बिना फिटनेस और ओवरलोडिंग के साथ बसें सड़कों पर फर्राटा भर रही हैं। डबल डेकर जैसी भारी बसें संकरी और संवेदनशील सड़कों पर कैसे चल रही हैं, यह अपने आप में बड़ा सवाल है।

सबसे बड़ा सवाल परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की भूमिका को लेकर उठ रहा है। यदि जिले में नियमित चेकिंग, परमिट और फिटनेस की सख्त जांच होती, तो क्या ऐसी बसें सड़क पर दौड़ पातीं? आखिर इन अवैध बसों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही या मौन सहमति के चलते ऐसे वाहन संचालन की छूट मिल रही है? स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद जांच और कार्रवाई की बातें तो होती हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है और वही बसें फिर सड़कों पर दिखाई देने लगती हैं। यही लापरवाही बार-बार मासूम लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। फिलहाल पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जा रही है। घायलों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर प्रशासन नजर बनाए हुए है। लेकिन सवाल अब भी कायम है कि क्या इस हादसे के बाद अवैध बस संचालन पर वास्तव में सख्त कार्रवाई होगी, या फिर यह मामला भी अन्य हादसों की तरह फाइलों में सिमट कर रह जाएगा।

## आठवें वेतन आयोग के नोटिफिकेशन में पेंशनर क्लाज न होना दुभाग्यपूर्ण, धरना प्रदर्शन कर पीएम को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर फेडरेशन के आवाह्न पर सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति के बैनर तले केन्द्रीय 8 वें वेतन आयोग के नोटिफिकेशन में पेंशनरों का क्लाज शामिल न किये जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन कीर्ति प्रकाश भारती मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा गया जिसकी अध्यक्षता पेंशनर एसोसियेशन के संरक्षक श्रीनाथ मिश्र ने किया।उक्त जानकारी देते हुये जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकान्त पाण्डेय ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सरकार की गलत पेंशन नीति का विरोध दर्ज कराना चाहिये। एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय की अध्यक्षता ने कहा 8 वें वतन आयोग के नोटिफिकेशन मे पेंशनरों का क्लाज जब तक नही शामिल किया जायेगा, तब तक एसेसियेशन का विरोध जारी रहेगा। भेजे गये ज्ञापन में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को सम्मिलित किये जाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन का संचालन एसोसियेशन के जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया। जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन मे कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कर्मचारियों एवं शिक्षक पेंशनरों को शामिल



न किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की त्रृटिपूर्ण पेंशन नीति किसी कीमत पर बर्दाश्त नही की जायेगी और सकारात्मक परिणामों तक संघर्ष जारी रहेगा।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय महामंत्री अनिरूद्ध त्रिपाठी, ने कहा कि सरकार पेंशनरों के धैर्य की परीक्षा न ले। सरकार की फूड डालो की मंशा साकार नही होगी। जिला मुख्यालयों पर किये गये प्रदर्शन से सरकार नही जागी तो प्रदेश मुख्यालय पर अपनी ताकत और एकजुटता दिखायेंगे। माध्यमिक शिक्ष संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मारकन्डेय सिंह ने कहा कर्मचारियों व शिक्षकों को पेंशन देना सरकार की जिम्मेदारी है खैरात नहीं। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय न कहा कि लड़ाई लम्बी है लेकिन अंत मे विजय हमारी होगी। एसोसियेशन के उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि अंशदायी और गैर अंशदायी, परिभाषित करके सरकार पेंशनरों को बांटने की चाल चल रही है, सरकार इसमे सफल नही होगी।

# अनियंत्रित गन्ना लदे ट्रॉले की चपेट में आकर युवक की मौत, दो अन्य गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती ।** बस्ती जिले में परिवहन विभाग और पुलिस की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही है ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक तथा ट्रालों के अनियंत्रित ढंग से चलने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं उसके बाद भी प्रशासन द्वारा कभी- कभार एक दो वाहनों पर कार्यवाही कर खाना पूर्ति कर दी जाती है जिसका खामियाजा आम लोगों को अपनी जान देकर भरना पड़ रहा है

वहीं सूत्रों के अनुसार गन्ना ढुलाई का कॉन्ट्रैक्ट लेने वाले ठेकेदार द्वारा अपनी ऊपर तक पहुंच और लक्ष्मी जी की कृपा से किसी भी कार्यवाही से बचत निकलता है कभी कभार जब कोई बड़ी घटना होती है उस समय प्रशासन और पुलिस द्वारा कार्यवाही कर आम जनता के गुस्से को शांत कर दिया जाता है 7ऐसा ही एक दर्दनाक मामला जनपद के लालगंज थाना अंतर्गत बनकटी बाजार में आज शाम करीब पौने सात बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमे 1



युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा सूर्यबक्स पाल इंटर कॉलेज के सामने उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार और अनियंत्रित गन्ना लदा ट्रॉला बाइक सवार युवकों को रौंदता चला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कड़सरी गांव निवासी अमन, उम्र 18 वर्ष, अपने गांव के साथी बुजेश, उम्र 18 वर्ष, पुत्र विजय के साथ अपाची बाइक संख्या यूपी 51 बीयू 7991 से जा रहा था। जैसे ही वे बनकटी स्थित सूर्यबक्स पाल इंटर कॉलेज के सामने पहुंचे, तभी अनियंत्रित गन्ना लदे ट्रॉले ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रॉला चालक मौके से भागने लगा, इसी दौरान भागते ट्रॉले ने बाइक सवार एक अन्य युवक अजय, पुत्र स्व. मोहन, निवासी सजनाखोर (बनकटी मेन चौराहा) को भी जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा बाइक पर सवार बुजेश भी दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की। वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले गन्ना लदे ट्रॉले को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मृतक अमन अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मंदिर से लौटते समय दवा कारोबारी पर गाड़ी चढ़ाकर

**●जान से मारने की कोशिश, एसपी से लगाई गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकोतवाली थाना क्षेत्र के रामेश्वरपुरी निवासी दवा कारोबारी व सामाजिक कार्यकर्ता रत्नाकर श्रीवास्तव 'आदर्श' ने भाजपा नेता अनूप खरे के भतीजे दिव्यांशु खरे पर फारचूनर गाड़ी चढ़ाकर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया है। घटना पुलिस अधीक्षक के आवास निकट अमहट घाट की है। इस मामले में आदर्श ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर त्वरित कार्यवाही की मांग किया है।एसपी को दिये पत्र में आदर्श ने कहा कि वे रोजाना अमहट




घाट स्थित शिवमंदिर दर्शन पूजन करने जाते हैं। सोमवार को सुबह करीब 9 बजे मन्दिर से लौट रहे थे कि रास्ते मे पुलिस अधीक्षक के कैम्प कार्यालय के निकट दिव्यांशु खरे ने फारचूनर संख्या यूपी 51 बीएच 2525 को स्कूटी पर चढ़ाकर उन्हे व पत्नी को जान से मारने की कोशिश की। घटना के तुरन्त बाद उन्होने डायल 112 को सूचना देकर पुलिस बुलाया। आदर्श ने आशंका व्यक्त की है भाजपा नेता के भतीजे द्वारा उनके व परिवार के साथ कोई भी घटना कारित की जा सकती है। उन्होने एसपी से जानमाल की गुहार लगाया है।

इस पूरे मामले में भाजपा नेता अनूप खरे से बात की गई, तो उन्होने कहा कि आदर्श श्रीवासतव से 1.94 करोड़ रूपये के लेनदेन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। इससे पहले भी वे हमारे खिलाफ कई प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। दोनो पक्षों के बीच का विवाद डीजपी के निर्देश पर जांच के दायरे मे है। मामले से ध्यान हटाने के इरादे से आदर्श श्रीवास्तव दूसरे कूटरचित प्रकरण सामने ला रहे हैं। उन्होने कहा जांच चल रही है, सारी चीजें स्पष्ट हो जायेंगी। फिलहाल मामला गंभीर है, दोनो पक्ष कोई अनहोनी न कर बैठे इससे पहले इसका ठोस समाधान निकालना चाहियो।

### विभिन्न गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई के साथ शीघ्र गिरफ्तारी को डीआईजी ने दिए निर्देश



**देवरिया।** पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चन्नप्पा ने पुलिस लाइन देवरिया में अपराध गोष्ठी कर जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे। डीआईजी ने हत्या, लूट, डकैती, महिला अपराध, चोरी सहित गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई व शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। साइबर अपराध, एनडीपीएस, गौ-तस्करी, अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर सघन अभियान चलाने को कहा। लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण, प्रभावी रात्रि गश्त, चेकिंग अभियान तथा सोशल मीडिया पर अफवाहों की रोकथाम को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

### बलरामपुर में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजरःव्यक्ति ने कहा- 'पहले मुझ पर चलाओ जेसीबी', चौक बाजार से हटाया गया अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** नगर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन (नपाप) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। चौक बाजार से बड़े पुल चौराहे तक चलाए गए इस अभियान में सड़क किनारे बने अवैध छज्जे, चबूतरे और अन्य स्थायी-अस्थायी निर्माणों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।अभियान के दौरान कुछ स्थानों पर तनाव की स्थिति बन गई। एक स्थानीय व्यक्ति ने जेसीबी मशीन के आगे खड़े होकर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। उसने प्रशासन को धमकी देते हुए कहा, 'पहले मेरे ऊपर जेसीबी चलाओ, फिर तोड़फोड़ करना।' मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सूझबूझ से काम लेते हुए व्यक्ति को समझा-बुझाकर हटाया। इसके बाद अभियान सुचारू रूप



से जारी रहा।संभावित विवाद और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात व्यवस्था भी संभाली। प्रशासन ने बताया कि यह अभियान अवैध अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानी को दूर करने के लिए चलाया गया है। नगर पालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बिना अनुमति किए गए निर्माणों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## जगदीशपुर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का अनावरण

**● प्रकाश में आये 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जगदीशपुर अमेठी।** दिनांक 14.12.2025 को थाना जगदीशपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हारीमऊ में सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है । थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया गया एवं फॉरेन्सिक टीम व थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई । मृतक की पहचान मनोज उर्फ मुक्खन पुत्र पृथ्वी पाल सिंह निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष के रूप में हुई । मृतक के भाई अजीत सिंह पुत्र पृथ्वीपाल सिंह निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 347/25 धारा 103(1), 238 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात दिनांक 14.12.202 को पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे ।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत




कौशिक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे । अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 15.12.2025 को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों शिवलाल पुत्र नीमर निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व धर्मराज उर्फ डट्टू पुत्र दातादीन उर्फ दतई निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया । साक्ष्य संकलन के दौरान घटनास्थल से बरामद लकड़ी की फंटी व ईट से अभियुक्तों ने मनोज उर्फ मुक्खन की हत्या करना स्वीकार किया ।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 13/14.12.2025 की शाम समय करीब 08 बजे वह लोग निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थल पर आग जलाकर ताप रहे थे वहीं मनोज उर्फ मुक्खन भी मौजूद थे । मुक्खन ने शिवलाल के बेटे दिलीप को गाली दे दिया और एक डण्डा मार दिया था । इतने में दिलीप ने पास में पड़ी हथौड़ी से मुक्खन के चेहरे व सिर पर दो-तीन वार कर दिया था । धर्मराज उर्फ डट्टू ने भी पास में पड़ी ईट से व शिव लाल ने लकड़ी की फंटी से मुक्खन को मारा था । जब वह शांत हो गया तो उक्त घटना को एक्सीडेंट दिखाने के लिये साइकिल से ले जाकर कुछ दूरी पर लेटा कर ऊपर से साइकिल गिरा दिया था और जहां पर मारा था वहां वापस जाकर जो खून पड़ा था उस पर मिट्टी डाल दिया था ।

गिरफ्तारी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## गो तस्करी मामले में 15 हजार का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**●पचपेड़वा पुलिस को बड़ी सफलता, नेपाल ले जाकर बैल बेचने की थी योजना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थाना पचपेड़वा क्षेत्र में गो तस्करी के एक पुराने मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बलरामपुर पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। घटना के अनुसार 29 दिसंबर 2024 को इमिलिया कोडर निवासी पवन कुमार शुक्ला ने थाना पचपेड़वा में सूचना दी थी कि रात के समय खेत में फसल की रखवाली के दौरान उन्होंने तीन लोगों को दो बैलों को बांधकर मारते-पीटते हुए ले जाते देखा। विरोध करने पर एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जबकि दो को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम सुग्रीव प्रजापति और राजकुमार बताया था, जबकि फरार आरोपी का नाम गुलाम वारिस उर्फ काकू बताया गया।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि वे बैलों को जंगल के रास्ते नेपाल ले जाकर बेचने की योजना बना रहे थे, जहां उन्हें अधिक कीमत मिलती है। इस सूचना के आधार पर थाना पचपेड़वा में मुकदमा संख्या 258/2024 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस टीम ने 15 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त पीताम्बर पुत्र रामलखन निवासी अमरूतहवा डीहवा, थाना गनेशपुर, जनपद कपिलवस्तु (नेपाल) को भाथर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ बैलों को चोरी कर जंगल के रास्ते नेपाल ले जाकर बेचता था, जहां उन्हें अच्छा दाम मिलता था। उल्लेखनीय है कि इस मुकदमे से संबंधित अन्य तीन अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक जोखन प्रसाद, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, कांस्टेबल सतेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव एवं कांस्टेबल वासुदेव गौड़ शामिल रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**●हेल्पलाइन नंबरों, कानूनी अधिकारों व साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बलरामपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत जनपद भर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 16 दिसंबर 2025 को जनपद के समस्त थानों में गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रमों में महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा



112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट से बचाव, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपालों का आयोजन कर महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं और मौके पर ही उनके निस्तारण का प्रयास किया गया। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के उद्देश्य एवं वहां उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि महिलाएं एवं बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना तथा समाज में नारी सम्मान और गरिमा को और अधिक मजबूत करना है। बलरामपुर पुलिस द्वारा आगे भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े, एक परिवार के पांच लोग घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के गुमदापुर मंज़रे भीरा गोविंदपुर गांव में सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए।गांव निवासी माया ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह बंटवारे में मिली अपनी भूमि पर बांस गाड़ रही थी। इसी बात को लेकर आरोपियों ने बांस उखाड़कर फेंक दिया। विरोध करने पर इंद्रजीत, पिंकी, रामखेलावन और केकती ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।हमले में माया के पति रामनरेश, बेटी दिव्या, बहू ममता और बेटा रामनेवाज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल भिजवाया।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मधुमक्खियों के हमले से किसान की हालत बिगड़ी

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव में सोमवार शाम एक किसान पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है।गांव निवासी राकेश (50) वर्षीय घर के पास अलाव के लिए लकड़ी काट रहे थे। इसी दौरान पास के बेर के पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ते से मधुमक्खियां भड़क गईं और उन पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजनों ने आग जलाकर और कंबल की मदद से किसी तरह मधुमक्खियों के चंगुल से उन्हें छुड़ाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### भावना भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के भावना भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन बाल निकुंज इंटर कॉलेज में महबूल्लापुर लखनऊ में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नीरज बोरा, भावना के संरक्षक विनोद कुमार शुक्ला, अध्यक्ष रामलाल गुप्ता पीएएस, भावना के महासचिव प्रशासन जगमोहन लाल जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुंगनाथ कनौजिया, उपाध्यक्ष प्रथम देवेंद्र स्वरूप शुक्ला, उपाध्यक्ष द्वितीय अशोक कुमार मल्होत्रा, प्रमुख महासचिव सुधीर कुमार वर्मा, महासचिव कार्यान्वयन प्रभात किरण चौरसिया एवं महासचिव एडवोकेसी सत्यपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। जिसमें गरीब वर्ग के बच्चों को सहायता स्वरूप चेक प्रदान किया उनकी शिक्षा के लिए और उनकी डिग्री तक की शिक्षा की जिम्मेदारी ली।

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**मलिहाबाद लखनऊ** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद भेजा जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया और दूसरे को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रिंस यादव मूल रूप से रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जालामऊ मजरा सहिजना निवासी जो अब कस्बा माल में रहते हैं और फाइनेंस कंपनी में काम करते थे सोमवार शाम अपने मित्र अरुण निवासी कोनेश्वर जालामऊ अपने चाचा महादेव के घर गए थे जहां से वह बाइक से लखनऊ जा रहे थे जिस समय वह रहीमाबाद चौराहा क्रॉस करके हिंदुस्तान धर्म कांटा के सामने पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अनियंत्रित वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर उछलकर काफी दूर गिरे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले गई जहां डॉक्टरों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया और अरुण की हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सीसीटीवी के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## सनकी युवक ने खतरनाक उठाया कदम शादी की ज़िद में मोबाइल टावर पर चढ़ा, पुलिस ने उतारा

● किशोरी को भगाने के चक्कर में जेल जा चुका था युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में कोतवाली नगर इलाके में रील पार्टनर से शादी की जिद में एक सनकी युवक ने खतरनाक कदम उठा लिया युवती से शादी कराने की मांग को लेकर युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस टीम ने काफी समझाने-बुझाने और मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा बताया जा रहा है कि युवक और किशोरी लंबे समय से साथ मिलकर सोशल मीडिया पर रील बनाते थे। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद करीब एक माह पूर्व युवक पर किशोरी को भगाकर ले जाने का आरोप लगा था इस मामले में किशोरी के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किशोरी को बरामद किया और उसे न्यायालय में पेश किया न्यायालय में बयान दर्ज होने के बाद किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था मामले के बाद किशोरी के परिजनों ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी। उन्होंने किशोरी के बाहर आने-जाने और युवक से मिलने पर रोक लगा दी, जिससे दोनों की मुलाकात पूरी तरह बंद हो गई इसी बात से नाराज होकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाने जैसा कृत्य कर डाला जानकारी के अनुसार लहरपुर थाना क्षेत्र के काजी टोला निवासी राजा खान पुत्र जलीस शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली दलित समुदाय की किशोरी के साथ रील बनाता था सोमवार को युवक राजा खान कैंची पुल के पास लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने से इनकार करने लगा युवक टावर से नीचे उतरने के लिए केवल एक ही मांग कर रहा था कि उसकी शादी किशोरी से कराई जाए। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची पीआरवी में तैनात मुख्य आरक्षी ऋषि पटेल, आरक्षी कृष्ण कुमार और बंटी कुमार ने काफी देर तक युवक से बातचीत की और उसे समझाया काफी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया!!

## छप्पर में आग लगाने का आरोप, घरेलू सामान जलकर राख

घटना के मौके तक नहीं पहुंचा फायर ब्रिगेड वाहन, ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे पंची मजरे बसंतपुर कठोइया गांव निवासी कविता ने सोमवार को पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके घर में रखे छप्पर में गांव की गुड़िया पुत्री जयकरन लोध की बेटी ने आग लगा दी। आग लगने से रसोईघर में रखा आवश्यक घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। छप्पर में आग लगते देख पीड़िता ने आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन गांव का रास्ता संकरा होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक रसोई में रखा जरूरी सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## बगैर स्थलीय पैमाइश के लेखपाल द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर रिपोर्ट लगाने की उपजिलाधिकारी से शिकायत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बैंती, परगना कुम्हरावा में तैनात हल्का लेखपाल पर बिना स्थलीय पैमाइश किए मुख्यमंत्री पोर्टल पर बंजर भूमि की शिकायत के मामले ग़लत रिपोर्ट लगाने व बिना मौके पर पैमाइश किए बंजर भूमि एवं सरकारी भूमि से संबंधित मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में रिपोर्ट लगाने की शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई है।

तहसील क्षेत्र के बैंती परगना कुम्हरांवा निवासी अभय शंकर मिश्रा ने उपजिलाधिकारी गौतम सिंह को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि हल्का लेखपाल अभिषेक पटेल द्वारा सांठगांठ कर पड़ोसी के पक्ष में गलत तरीके से नाप कराकर जबरन कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप यह भी है कि सरकारी भूमि को निजी भूमि दर्शाकर रिपोर्ट में हेरफेर की गई। मामले में उपजिलाधिकारी व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच व लेखपाल की कार्यशैली पर कार्रवाई की मांग भी की है।

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब लेखपाल से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में लेखपाल की भूमिका को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। शिकायत कर्ता का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को बढ़ावा मिलेगा। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर छात्र ने मारपीट का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा महराजगंज स्थित राजा चन्द चूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर छात्रों के साथ गंभीर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दो छात्रों को डंडों से पीटा, जिससे एक छात्रा के हाथ में गंभीर चोट आई तो वही पीड़ित छात्र के पिता राज मोर्या निवासी ग्राम पूरे गया बक्स का पुरवा मजरे पोखरनी ने बताया कि 15 दिसंबर को दोपहर लगभग 12 बजे उनका पुत्र राजकुमार स्कूल गया था। वहां प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडों से जमकर मारपीट की। राज मोर्या के अनुसार बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी अभद्रता की गई और बच्चों तथा परिजनों को विद्यालय से भगा दिया गया। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी। घायल बच्चों का इलाज परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में कराया गया। तो वही परिजनों ने लिखित शिकायत कोतवाली महराजगंज में की है।

मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि तहरीर मिली है। प्रधानाचार्य अवकाश पर हैं वापस आते ही पूछताछ कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सीएचसी द्वारा कस्बे के प्रकाश नगर में कैंप लगाकर लाभार्थियों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

**महराजगंज/रायबरेली:** कस्बे के वार्ड संख्या 8 स्थित प्रकाश नगर में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया गया। यह कार्ड विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के बनाए जा रहे हैं। आपको बता दें कि, इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने बताया कि, आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन लगातार किया जाता रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि, आगामी बृहस्पतिवार को टाउन एरिया के पैगंबर नगर में भी कैंप लगाया जाएगा, जहां उन लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, जिन्हें अब तक सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल सका है। कार्यक्रम के दौरान विजय धीमान, धर्मेंद्र, सभासद नुरुल, सभासद रमजान अली, संदीप वैश्य सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार को जान से मारने की धमकी, तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे मौहारी का पुरवा गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार उमेश श्रीवास्तव को तीन लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पत्रकार ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पत्रकार उमेश श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही निवासी राजेंद्र सिंह और उनके पुत्र यज्ञदेव सिंह ने अज्ञात कार सवार नकाबपोश बदमाशों को बुलवाकर उन्हें धमकाया। इस दौरान गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई।पीड़ित के अनुसार, कुछ दिन पहले तक आरोपी राजेंद्र सिंह उनके साथ सातनपुर गांव जाते थे, जहां जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। आरोपी वहां मजदूरों की देखरेख करते थे। श्रमिकों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत मिलने पर पीड़ित ने उन्हें वहां जाना बंद करने की सलाह दी थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी बिना सूचना दिए निर्माण स्थल से कुछ सामान उठाकर अपने घर ले आए, जिसको लेकर विवाद और गहरा गया। पत्रकार का आरोप है कि सोमवार देर शाम आरोपी के बेटे ने सात से आठ अज्ञात नकाबपोश बदमाशों को बुलाया, जिन्होंने एकजुट होकर उन्हें धमकाया। पीड़ित ने बताया कि पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज उनके पास मौजूद है, जिसे साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपने की बात कही गई है।इस संबंध में इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के उपरांत आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## डीएम का औचक निरीक्षण तीन का रोका वेतन, सीएचसी में लापरवाही पर रुका वेतन, स्कूल में चूना देख बीएसए पर जताई नाराज़गी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को विकास खण्ड सकरन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साण्डा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्साधिकारी की अनुपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उनका आज का वेतन रोकने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर बीपीएम जयन्त नाथ तिवारी का 15 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर मरीजों से बातचीत की और बीसीपीएम से मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की जानकारी ली परिवार नियोजन कक्ष में रजिस्टर में कमी पाए जाने पर स्टाफ नर्स सविता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए वहीं मातृ सुरक्षा कक्ष के निरीक्षण के दौरान डॉ. अंकिता के अनुपस्थित मिलने पर उनका भी आज का वेतन रोकने का आदेश दिया गया जिलाधिकारी ने गोल्डन कक्ष, प्रसव कक्ष, नर्स ड्यूटी कक्ष, एक्स-रे कक्ष और लेबर रूम का निरीक्षण कर रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने बीसीपीएम को अधिक से अधिक लोगों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय टेड़वा कलॉ का औचक निरीक्षण किया यहां स्कूल के अंदर घुसते ही चूना पड़ा होने पर औचक निरीक्षण की जानकारी लीक करने पर बीएसए पर नाराजगी व्यक्त की इस दौरान उन्होंने निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन किया, कक्षा 3 व 4 के बच्चों से बातचीत की और एक छात्र से पुस्तक पढ़वाई, जिस पर संतोष व्यक्त किया मिड-डे-मील की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश व साफ-सफाई की व्यवस्था भी परखी। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने और अभिभावक की भूमिका निभाने का आह्वान किया निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे!!



## टीसीआई एक्सप्रेस फाउंडेशन जयपुर फुट एवं पुनर्वास केंद्र लखनऊ में 1 वर्ष से जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के टीसीआई एक्सप्रेस फाउंडेशन द्वारा संचालित जयपुर फुट एवं पुनर्वास केंद्र लखनऊ में बीते एक वर्ष से दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सेवाएँ लगातार दी जा रही हैं। इसी क्रम में केंद्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर पवन नेहरा ने स्वतंत्र प्रभात मीडिया की टीम से खास बातचीत की। बातचीत के दौरान डॉक्टर पवन नेहरा ने अपने लगभग 20 वर्षों के चिकित्सा और पुनर्वास क्षेत्र के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उनका सफर भारत से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक रहा है, जहाँ उन्होंने दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ0 पवन नेहरा ने खास तौर पर युवाओं को मेडिकल और रिहैबिलिटेशन क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल करियर का बेहतर विकल्प है, बल्कि समाज सेवा का भी एक सशक्त माध्यम है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार और समाज को संदेश देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को दया की नहीं, बल्कि सकारात्मक सोच और सम्मान के साथ देखने की आवश्यकता है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे से सब्जी मंडी मार्ग तक हटाया गया अतिक्रमण



**बिसवां सीतापुर** एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे से सब्जी मंडी मार्ग पर अतिक्रमण हटाया गया इस दौरान बुलडोजर से दुकानों के बाहर लगी हुई टीनो को ध्वस्त कर हटाया गया। इस मौक पर एसडीएम ने दुकानदारों को चेतावनी भी कि सड़क पर अतिक्रमण न करें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की अचानक इस कार्रवाई से दुकानदारों में अफरातफरी मच गई।इस अवसर पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## पुलिस को मिली कामयाबी डेयरी संचालक हत्याकांड में दो आरोपी को किया गिरफ़्तार, पुरानी रंजिश में गोली मारकर हुई थी हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सिधौली कोतवाली इलाके में रविवार को गोली मारकर डेयरी संचालक की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने इस हत्याकांड में वांछित चल रहे दो हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार भी बरामद किया गया है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में सैंकी मिश्रा पुत्र स्व. रामविलास मिश्रा और अभिषेक यादव पुत्र फूलचन्द्र यादव शामिल हैं। दोनों अभियुक्त ग्राम संसारपुर, पोस्ट खंतारी, थाना बक्शी का तालाब, जनपद लखनऊ के निवासी हैं पुलिस टीम ने दोनों को महमूदाबाद चौराहा से लखनऊ राज्य मार्ग पर गिरफ्तार किया उनकी निशानदेही पर एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। मालूम हो कि बीती 14 दिसंबर 2025 को सिधौली क्षेत्र के ग्राम सदरापुर मजरा हरदोइया निवासी अनुपम यादव पुत्र सूर्यप्रकाश ने थाना सिधौली में तहरीर दी थी तहरीर में बताया गया था कि उसके भाई राहुल यादव (उम्र करीब 25 वर्ष) की पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई आरोप था कि मटरू की पुत्री कोमल को लेकर चली आ रही रंजिश के कारण महेश पुत्र स्व. दुलारे, मटरू पुत्र स्व. दुलारे निवासीगण ग्राम सदरापुर मजरा हरदोइया तथा अभिषेक पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम संसारपुर, थाना बक्शी का तालाब, लखनऊ ने एक राय होकर साजिश के तहत राहुल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी उक्त सूचना के आधार पर थाना सिधौली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा विवेचना शुरू की गई थी। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह, निरीक्षक राममणि यादव, उपनिरीक्षक हरीशचन्द्र यादव, उपनिरीक्षक दयानन्द झा, आरक्षी प्रमोद यादव, फिरोज आलम व राजेश यादव शामिल रहे सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी!!




## गौसेवा और परिवार पर केंद्रित रहा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रान्द सरस्वती महाराज का आशीर्वचन

● गौसेवा राष्ट्रसेवा का आधार शंकराचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** श्री गोपेश्वर गौशाला पर आयोजित रामकथा के पंचम दिवस श्रद्धा का सैलाब उमड़ा।ज्ञान रामकथा के पंचम दिवस पर आध्यात्मिक जगत के पूज्य संत ऊर्ध्वाम्नाय श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रान्द सरस्वती महाराज का पदार्पण हुआ।गौशाला परिवार ने पूर्ण सेवाभाव और पारंपरिक सत्कार के साथ जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज का भव्य स्वागत किया इस मौके पर उन्होंने उमाकांत को सराहा। इस अवसर पर उन्होंने अपने दिव्य आशीर्वचन से उपस्थित विशाल जनसमूह को कृतार्थ किया जिसमें उन्होंने गौमाता की महिमा और परिवार के महत्व पर समाज को जागृत करने का आह्वान किया।

अपने उद्बोधन में शंकराचार्य महाराज ने गौमाता के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि साक्षात देवी का स्वरूप है। गौमाता का संरक्षण और संवर्धन प्रत्येक सनातनी का नैतिक कर्तव्य है। गौसेवा केवल धर्म नहीं बल्कि राष्ट्र की समृद्धि और पर्यावरण की शुद्धि का आधार है।उन्होंने समाज से गौशालाओं के प्रति उदारता और सेवाभाव बनाए रखने की अपील की।

गौमाता के साथ ही उन्होंने समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने वर्तमान समय में टूटते पारिवारिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा परिवार समाज की नींव है। यदि परिवार मजबूत होगा तो समाज स्वतः ही सुदृढ़ हो जाएगा। हमें अपने बच्चों को संस्कारों और आपसी प्रेम का महत्व सिखाना चाहिए। संयुक्त परिवार की शक्ति को पुनः स्थापित करना समय की मांग है।उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को एकजुट होकर रहने और एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रखने का संदेश दिया। जगद्गुरु शंकराचार्य के सारगर्भित और प्रेरणादायक आशीर्वचन दिए। गौशाला परिवार ने इस गरिमामयी उपस्थिति के लिए महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया। रामकथा का यह आयोजन क्षेत्रवासियों को धर्म संस्कृति और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**मलिहाबाद। लखनऊ–** हरदोई रोड पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। रहीमाबाद क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर रियाज ढाबे के पास किसी अज्ञात और तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रिंस यादव और उनके साथ मौजूद अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर अरुण हेलमेट नही पहने हुए थे। राहगीरों की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत सीएचसी मलिहाबाद पहुँचाया।सीएचसी पर डॉक्टरों ने प्रिंस यादव को मृत घोषित कर दिया।गंभीर रूप से घायल अरुण को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।पुलिस ने मृतक प्रिंस यादव के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतक की पहचान सुनिश्चित होने के बाद परिजनों को सूचित कर दिया गया है। अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**मलिहाबाद लखनऊ** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद भेजा जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया और दूसरे को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रिंस यादव मूल रूप से रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जालामऊ मजरा सहिजना निवासी जो अब कस्बा माल में रहते हैं और फाइनेंस कंपनी में काम करते थे सोमवार शाम अपने मित्र अरुण निवासी कोनेश्वर जालामऊ अपने चाचा महादेव के घर गए थे जहां से वह बाइक से लखनऊ जा रहे थे जिस समय वह रहीमाबाद चौराहा क्रॉस करके हिंदुस्तान धर्म कांटा के सामने पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अनियंत्रित वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर उछलकर काफी दूर गिरे राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले गई जहां डॉक्टरों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया और अरुण की हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सीसीटीवी के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# परमाणु क्रांति 2.0: निजी भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत

**[ कार्बन-मुक्त शक्ति का महाविधान: भारत की ऊर्जा क्रांति ]**

**[ परमाणु शक्ति का नया सूर्योदय: भारत की संप्रभु ऊर्जा का उदय ]**



अंधेरे पर नहीं, रोशनी पर टिकी है किसी राष्ट्र की असली ताक़त। वही रोशनी जो कारखानों को गति देती है, तकनीक को जीवन देती है और अर्थव्यवस्था को निरंतर आगे बढ़ाती है। भारत आज उसी रोशनी के एक नए युग के द्वार पर खड़ा है, जहाँ ऊर्जा की कमी विकास की रफ़्तार तय नहीं करेगी और पर्यावरण प्रगति की कीमत नहीं बनेगा। दिसंबर 2025 में कैबिनेट द्वारा मंजूर और लोकसभा में 15 दिसंबर को पेश किए गए शांति विधेयक (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) ने निजी निवेश के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को खोलने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह मात्र एक विधेयक नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जलवायु नेतृत्व और आर्थिक महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा का निर्णायक उद्घोष है।

लंबे समय तक भारत का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र नीतिगत जड़ता और सरकारी एकाधिकार की सीमाओं में कैद रहा। वर्ष 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम, राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संवेदनशीलता के तर्कों के साथ, इस क्षेत्र को बाहरी भागीदारी से दूर रखता आया। इसका नतीजा यह हुआ कि आज भारत की परमाणु क्षमता महज़ 8.88 गीगावाट पर सिमटी है, देश के कुल बिजली उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी तीन प्रतिशत से भी कम। उसी दौर में विकसित राष्ट्र परमाणु ऊर्जा को अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ बना चुके हैं, जबकि भारत कोयले पर अत्यधिक निर्भर बना रहा। इस निर्भरता ने न केवल पर्यावरणीय दबाव बढ़ाया, बल्कि आयातित ईंधन पर खर्च का बोझ भी भारी किया। शांति विधेयक इसी ठहराव को तोड़ने वाला निर्णायक हस्तक्षेप है। यह निजी कंपनियों को रिएक्टरों के निर्माण, संचालन और सहायक गतिविधियों में भागीदारी की अनुमति देता है, जबकि ईंधन उत्पादन और परमाणु कचरा प्रबंधन जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र सरकारी नियंत्रण में ही रहेंगे।

इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। यह लक्ष्य कोई साधारण संकल्प नहीं, बल्कि भारत की नेट-ज़ीरो 2070 प्रतिबद्धता की मजबूत आधारशिला है। कोयला आधारित बिजली पर निर्भरता घटाना, चौबीसों घंटे स्वच्छ और स्थिर बेसलोड ऊर्जा उपलब्ध कराना तथा भविष्य की तेज़ी से बढ़ती मांग को पूरा करना—ये सभी इसी लक्ष्य से गहराई से जुड़े हैं। अब तक सरकारी प्रयास इसलिए सीमित रहे क्योंकि परमाणु परियोजनाएँ अत्यंत पूंजी-गहन होती हैं; एक गीगावाट क्षमता स्थापित करने में हजारों करोड़ रुपये की आवश्यकता होती है। निजी क्षेत्र की भागीदारी न केवल विशाल निवेश को आकर्षित करेगी, बल्कि उन्नत वैश्विक तकनीकों का द्वार भी खोलेगी। विशेष रूप से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) भारत के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं—जो फैक्ट्री में निर्मित होकर स्थल पर असेंबल होते हैं, जिससे निर्माण समय और लागत दोनों कम होंगे।

इस विधेयक की असली ताक़त इसकी संतुलित और दूरदर्शी सोच में निहित है। यह विस्तार और सुरक्षा के बीच किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करता। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा 49 प्रतिशत पर निर्धारित कर, नीति निर्माताओं ने तकनीकी सहयोग और पूंजी प्रवाह का मार्ग तो खोला है, लेकिन राष्ट्रीय संप्रभुता और रणनीतिक नियंत्रण को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 में प्रस्तावित संशोधन वर्षों से चली आ रही आपूर्तिकर्ताओं की आशंकाओं का समाधान करते हैं। दुर्घटना दायित्व से जुड़ी अनिश्चितता के कम होने से अब वैश्विक परमाणु कंपनियों के लिए भारत एक अधिक भरोसेमंद और आकर्षक निवेश गंतव्य बन सकता है। यह दृष्टिकोण अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जहाँ निजी भागीदारी ने परमाणु ऊर्जा को न केवल सुरक्षित, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सफल बनाया है।

फिर भी, यह यात्रा सहज नहीं, बल्कि चुनौतीपूर्ण है। सबसे बड़ी अड़चन बीमा संरचना की कमजोरी है। वर्तमान भारतीय परमाणु बीमा पूल मात्र 1,500 करोड़ रुपये का कवर प्रदान करता है, जो निजी संचालकों के जोखिम प्रोफ़ाइल के मुकाबले अपर्याप्त है। विशेष रूप से 'हॉट ज़ोन' अर्थात रिएक्टर क्षेत्रों की परिसंपत्तियों को बीमा दायरे में लाना अनिवार्य होगा, ताकि अंतरराष्ट्रीय पुनर्बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों का भरोसा जीता जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि व्यापक और विश्वसनीय बीमा सुरक्षा के बिना बड़े निवेशक कदम बढ़ाने से हिचकेंगे। दूसरी प्रमुख चुनौती ईंधन सुरक्षा की है। भारत वर्तमान में अपनी यूरेनियम आवश्यकताओं का लगभग 70 प्रतिशत आयात करता है, जो दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति के लिए जोखिमपूर्ण है। ऐसे में थोरियम-आधारित परमाणु तकनीक भारत के लिए गेम-चेंजर सिद्ध हो सकती है, क्योंकि विश्व के सबसे बड़े थोरियम भंडार हमारे पास हैं। उन्नत परमाणु ईंधन (एएनईएल) जैसे प्रयोग यदि सफल होते हैं, तो वे न केवल यूरेनियम पर निर्भरता घटाएंगे, बल्कि भारत को परमाणु ईंधन तकनीक में वैश्विक अग्रणी भी बना सकते हैं।

मानव संसाधन का सुदृढ़ीकरण इस परिवर्तन की अनिवार्य शर्त है। परमाणु क्षेत्र में विश्व-स्तरीय इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और कुशल तकनीशियनों की कमी लंबे समय से इसकी गति को सीमित करती रही है। निजी भागीदारी के साथ प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार, अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई धार मिलेगी। साथ ही, परियोजनाओं की लंबी समय-सीमा को मौजूदा 11-12 वर्षों से घटाकर छह-सात वर्ष तक लाना आवश्यक होगा, जिसके लिए पेशेवर प्रबंधन, दक्ष आपूर्ति श्रृंखला और समयबद्ध निर्णय प्रक्रिया अपरिहार्य हैं। ये सुधार केवल क्षमता विस्तार तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि परमाणु ऊर्जा को लागत और विश्वसनीयता दोनों के लिहाज़ से प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

यह विधेयक भारत को वैश्विक परमाणु परिदृश्य में एक नई पहचान देगा। जिस समय चीन और रूस तेज़ी से अपनी परमाणु क्षमता बढ़ा रहे हैं, भारत अब निजी नवाचार और पूंजी की शक्ति के साथ इस रणनीतिक दौड़ में निर्णायक प्रवेश कर रहा है। यह ऊर्जा सुरक्षा का ठोस आश्वासन है—जो आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगा, मुद्रास्फीति पर दबाव कम करेगा और ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक भरोसेमंद बिजली सुनिश्चित करेगा। जलवायु परिवर्तन के इस निर्णायक दौर में परमाणु ऊर्जा सबसे स्वच्छ और स्थिर बेसलोड स्रोत के रूप में उभरती है, जो कार्बन उत्सर्जन में भारी कटौती का मार्ग प्रशस्त करेगी।

शांति विधेयक मात्र एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि भारत की उस दीर्घकालिक सोच का उद्घोष है जहाँ विकास और सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं, और निजी उद्यमिता राष्ट्रीय लक्ष्यों को गति देती है। यदि इसका क्रियान्वयन दूरदर्शिता और अनुशासन के साथ हुआ—बीमा, ईंधन और मानव संसाधन से जुड़ी चुनौतियों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया तो यह पहल भारत को स्वच्छ ऊर्जा महाशक्ति बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगी। आने वाले दशकों में, जब 100 गीगावाट की परमाणु ऊर्जा से प्रकाशित एक विकसित भारत की कल्पना साकार होगी, तब यही विधेयक उस परिवर्तनकारी यात्रा के प्रथम अध्याय के रूप में स्मरण किया जाएगा। यह केवल ऊर्जा क्रांति नहीं, बल्कि भारत की संप्रभु शक्ति और आत्मनिर्भरता के नए सूर्योदय की घोषणा है—जो अंधकार को पीछे छोड़ उजाले की नई सुबह रच रहा है।

**प्रो. आरके जैन**

# मनरेगा के बाद ग्रामीण रोजगार की नई रूपरेखा



ग्रामीण भारत के विकास की यात्रा में मनरेगा एक ऐतिहासिक पड़ाव रहा है। वर्ष 2005 में जब यह कानून अस्तित्व में आया थाए तब देश के ग्रामीण समाज की जरूरतेंए चुनौतियां और संरचना आज से बिल्कुल अलग थीं। उस समय व्यापक गरीबीए सीमित आजीविका के साधन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने सरकार को एक ऐसे अधिकार.आधारित कानून की ओर प्रेरित कियाए जो ग्रामीण नागरिक को काम का वैधानिक भरोसा दे सके। दो दशक बाद सरकार अब मनरेगा की जगह विकसित भारतदृगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ;ग्रामीणद्ध या श्विकसित भारत जी राम जीश् नाम से नए कानून को लाने की तैयारी कर रही है। यह बदलाव केवल योजना का नहींए बल्कि सोच और नीति के ढांचे का भी संकेत देता है।

सरकार का दावा है कि नया कानून मनरेगा की कमजोरियों को दूर करेगा और ग्रामीण भारत को अधिक मजबूतए आत्मनिर्भर और भविष्य के प्रति सक्षम बनाएगा। 100 दिनों की जगह 125 दिनों की रोजगार गारंटीए साप्ताहिक भुगतानए डिजिटल निगरानीए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नियंत्रण और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे प्रावधान निस्संदेह आकर्षक लगते हैं। जल संरक्षणए जलवायु अनुकूलनए आजीविका आधारित अवसंरचना और बाजार से जुड़ाव जैसे क्षेत्रों पर जोर यह दर्शाता है कि सरकार अब ग्रामीण रोजगार को केवल राहत के उपाय के रूप में नहींए बल्कि दीर्घकालिक विकास की रणनीति के रूप में देख रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना संग्रह में परिसंपत्तियों का पंजीकरण इस सोच को और स्पष्ट करता है कि गांवों में होने वाला हर कार्य राष्ट्रीय विकास की बड़ी तस्वीर से जुड़ा हो।

यह भी सच है कि पिछले वर्षों में ग्रामीण भारत में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं। गरीबी दर में गिरावटए डिजिटल भुगतान की व्यापकताए आधार से जुड़ी सेवाएं और ग्रामीण आजीविका के नए अवसरों ने मनरेगा के मूल स्वरूप को कुछ हद तक अप्रासंगिक बना दिया है। मनरेगा के अंतर्गत दुरुपयोगए कागजों पर बने कामए मशीनों का अनुचित इस्तेमाल और फर्जी उपस्थिति जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे में सरकार का यह कहना कि एक अधिक अनुशासितए पारदर्शी और परिणामोन्मुखी ढांचे की जरूरत हैए पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता।

फिर भीए इस नए कानून को लेकर सबसे बड़ा सवाल उसके मूल दर्शन से जुड़ा है। मनरेगा की आत्मा यह थी कि काम मांगने पर काम देना राज्य का कानूनी दायित्व है। यह अधिकार गरीब ग्रामीण नागरिक को प्रशासन के सामने खड़ा होने का नैतिक और कानूनी बल देता था।

नए कानून में मांग आधारित व्यवस्था की जगह मानक वित्तपोषण को अपनाने की बात कही गई हैए जिसमें राज्यों के लिए बजट की एक तय सीमा होगी। भले ही सरकार यह आश्वासन दे कि रोजगार का अधिकार सुरक्षित रहेगा और समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगाए लेकिन व्यवहार में यह व्यवस्था अधिकार की धार को कुछ कुंद करती दिखाई देती है। जब संसाधन पहले से सीमित होंगेए तो काम मांगने की स्वतंत्रता स्वतः ही सीमित हो सकती है। कृषि मौसम में 60 दिनों तक सार्वजनिक कार्यों को रोकने का प्रावधान भी दोहरे अर्थ रखता है। एक ओर यह किसानों के हित में बताया जा रहा हैए ताकि बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी न हो और कृषि लागत न बढ़े। दूसरी ओरए यह प्रावधान प्रशासनिक विवेक पर अत्यधिक निर्भर हो सकता है। यदि किसी क्षेत्र में खेती के मौसम के बावजूद बेरोजगारी की स्थिति बनी रहती हैए तो मजदूर के पास काम मांगने का विकल्प सीमित हो जाएगा। बिना स्पष्ट दिशा.निर्देश और अपील की व्यवस्था के यह प्रावधान नियंत्रण का औजार भी बन सकता है।

राज्यों पर वित्तीय बोझ का प्रश्न भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। केंद्र और राज्य के बीच 60रू40 का वित्तीय अनुपात अपेक्षाकृत सक्षम राज्यों के लिए भले ही व्यावहारिक होए लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि राज्य अपने हिस्से का भुगतान समय पर नहीं कर पातेए तो रोजगार और मजदूरी दोनों प्रभावित होंगी। ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि अंतिम जिम्मेदारी किसकी होगी और गरीब नागरिक को अपने अधिकार के लिए किस दरवाजे पर जाना होगा।

पारदर्शिता और निगरानी के लिए प्रस्तावित तकनीकी उपायकृजैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ताए जीपीएस आधारित निगरानी और वास्तविक समय में जानकारी देने वाले डैशबोर्डकृसैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं। लेकिन तकनीक अपने आप में समाधान नहीं होती। यदि ग्राम पंचायतें केवल आंकड़े भरने वाली इकाइयों में बदल जाती हैं और ग्राम सभा की भूमिका कमजोर पड़ती हैए तो स्थानीय स्वायत्तता का मूल विचार प्रभावित होगा। ग्रामीण विकास की सफलता अंततः इस बात पर निर्भर करती है कि स्थानीय समुदाय को योजना बनाने और निगरानी में कितनी वास्तविक भागीदारी मिलती है।

इस पूरे विमर्श में राजनीतिक और वैचारिक पहलू भी जुड़े हुए हैं। मनरेगा के नाम से जुड़ा सामाजिक न्याय और अधिकार आधारित राजनीति का प्रतीकात्मक अर्थ रहा है। उसका हटना केवल नाम परिवर्तन नहींए बल्कि नीति की दिशा में बदलाव का संकेत भी माना जा रहा है। यही कारण है कि विपक्ष इस विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने और व्यापक चर्चा की मांग कर रहा हैए जिसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिहाज से असंगत नहीं कहा जा सकता।

अंततः विकसित भारतदृगारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन को न तो पूरी तरह आशंका के चश्मे से देखा जाना चाहिए और न ही बिना शर्त उम्मीदों के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए। यह एक ऐसा नीतिगत प्रयोग है जिसमें संभावनाएं भी हैं और जोखिम भी। यदि इसे सहमतिए पारदर्शिताए संघीय संतुलन और स्थानीय क्षमता निर्माण के साथ लागू किया गयाए तो यह सचमुच ग्रामीण भारत को टिकाऊ विकास की राह पर ले जा सकता है। लेकिन यदि अधिकार की भावना कमजोर पड़ी और क्रियान्वयन में राज्यों व पंचायतों की भूमिका सीमित हुईए तो यह सुधार के नाम पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच के क्षरण का कारण भी बन सकता है। विकसित भारत की नींव मजबूत तभी होगीए जब विकास के साथ अधिकार और विश्वास भी समान रूप से मजबूत रहें।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## वीआईपी दर्शन पर सुप्रिम आदेश, निर्णय केंद्र करे



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' सुविधा को चुनौती देने वाली याचिका भले ही खारिज कर दी, किंतु इस याचिका पर कोर्ट द्वारा कही गई बातों की गूंज दूर तक जाएगी। यह गूंज केंद्र सरकार को विवश करेगी कि वह मंदिरों में हाने वाले वीवीआईपी दर्शन पर रोक लगाने वाला निर्णय लें । कोर्ट की ये गूंज आने वाले समय में मंदिरों के वीवीआईपी दर्शन कर रोक लगाने का रास्ता प्रशस्त करेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। यह याचिका मंदिरों की तरफ से वसूले जाने वाले वीआईपी दर्शन शुल्क को समाप्त करने की मांग कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमारी राय है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का उपयुक्त मामला है।' यह आदेश में दर्ज किया गया लेकिन मामला सरकार के विचार के लिए छोड़ दिया गया।ष्छ्द्ध खन्ना ने कहा कि यह मामला कानून-व्यवस्था का प्रतीत होता है और याचिका इस पहलू पर होनी चाहिए थी। बेंच ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज होने से संबंधित अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'आज 12 ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ इस प्रैक्टिस को फॉलो करते हैं। ये मनमाना और भेदभाव वाला है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने भी आंध्र प्रदेश से इसकी समीक्षा करने को कहा है। चूंकि, भारत में 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक है, इसलिए ये भगदड़ की प्रमुख वजह भी है।' सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका विजय किशोर गोस्वामी ने डाली थी। उन्होंने मंदिरों में अतिरिक्त शुल्क लेकर 'वीआईपी दर्शन' के चलन को आर्टिकल 14 के तहत समानता के अधिकार और आर्टिकल 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने दलील दी कि जो लोग इस तरह का शुल्क अदा करने में असमर्थ हैं, ये उनके खिलाफ भेदभाव है। याचिका में जोर देकर कहा गया था कि कई मंदिर 400 से 500 रुपये में लोगों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था करते हैं। इससे आम श्रद्धालु और खासकर महिलाएं, स्पेशली एबल्ड लोग और सीनियर सिटिजंस को दर्शन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मामला देश भर के मंदिरों में आम लोगों और वीआईपी के बीच भेदभाव के मुद्दे को उठाता है। वीआईपी दर्शन की सुविधा से आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जबकि वीआईपी आसानी से दर्शन कर लेते हैं।

ये एक जगह नही है,श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगह -जगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकत्ता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रृद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया। यहां पुजारी पांच रूपया प्रति व्यक्ति लेकर सीधे दर्शन करा रहे थे। अभी वेट द्वारिका जाना हुआ। हम परिवार के छह सदस्य थे। एक पंडित जी ने हमसे पांच सौ रूपये लिए।अलग लाइन से हमें आराम से दर्शन कराए। भीड़- भाड़ भी बची।वैसे दर्शन में दो से तीन घंटे लगते पांच सौ रूपये में आधा घंटा में दर्शन कर मंदिर से बाहर आ गए।

करीब दस साल पहले हम गुजरात में अम्बा जी गए थे। दर्शन की लाइन में लगे थे कि कर्मचारियों ने यह कह कर हमके रोक दिया कि दर्शन का समय समाप्त हो गया, जबकि कुछ अन्य को लगातार प्रदेश दिया जा रहा। किसी तरह हम अन्यों वाली पंक्ति में शामिल हुए। तब दर्शन हुए। दर्शन भी बड़े आराम से हुए। काफी समय हम मंदिर में रूके , जबकि ऐसा पहले संभव नही था। इस तरह का भेदभाव हमें कई जगह देखने को मिला। उज्जैन में तो आप पंडित को पांच सौ के आसपास रूपये दीजिए। वह मंदिर के गर्भ गृह में ले जाकर पूजन अर्चन कराते हैं। जो ये रकम नही देते वे गर्भगृह के बाहर ही दूर से दर्शन कर तृप्त हो जाते हैं। ओंकारेश्वर में तो पंडित जी पूजा भी आराम से और श्रद्धालुओं की पंक्ति से अलग लेकर कराते हैं। मथुरा जी के बांके बिहारी मंदिर में सुपरिम आदेश से यह व्यवस्था रूकी है, अन्यथा लगभग सभी मंदिरों की हालत ऐसी ही है।

सुपरिम कोर्ट ने याचिका तो खारिज कर दी, किंतु इस वीआईपी दर्शन पर रोक वाली गेंद केंद्र सरकार के पाले में यह कह कर डाल दी । बेंच ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। सुपरिम कोर्ट का यह निर्देश अब केंद्र सरकार को विवश करेगा कि मंदिरों में आम आदमी के साथ हो रहे भेदभाव को रोके और बांके बिहारी मंदिर की तरह पैसा लेकर कराए जा रहे वीआईपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करे। व्यवस्था अयोध्या जी के श्रीराम मंदिर जैसी हो, जहां श्रद्धालू बिना भेदभाव आराम से 25-30 मिनट में दर्शन कर बाहर आ सके।

**अशोक मधुप**

# कट्टरपंथी हैवानियतः पहलगाम के बाद सिडनी में निर्दोषों से खूनी होली



भारत के पहलगाम की तर्ज पर आस्ट्रेलिया में हुए भयावह आतंकी हमले से एक बार फिर दुनिया सन्न रह गई है। सिडनी के बोंडी बीच पर रविवार को यहूदी पर्व हनुक्का के दौरान दो आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाई, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 साल की बच्ची भी शामिल है, वहीं करीब 50 लोग घायल हुए हैं। दोनों आतंकी जिस तरह खुशियां मनाते लोगों पर बेरहमी से गोलियां चलाने लगे, उसने पहलगाम आतंकी हमले की खौफनाक याद दिला दी। बॉडी बीच पर दोनों आतंकियों के गोलियां बरसाते वीडियो सामने आए हैं। जिस अंदाज से उन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उससे अनुमान लगता है कि उनके पास न केवल अत्याधुनिक हथियार थे, बल्कि उन्हें चलाने का बाकायदा प्रशिक्षण भी उन्हें मिला है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गोलीबारी के बाद पास की एक सड़क पर एक कार से कई 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' यानि विस्फोटक बरामद किए गए, यानी हमले की साजिश इससे कहीं ज्यादा तबाही फैलाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मारने की थी।

आपको बता दें कि आतंकियों का मंसूबा और अधिक खून खराबा करने का रहा होगा जो पूरा नहीं हो सका। एक आतंकी तो पुलिस की गोली से घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि दूसरा अभी घायल है। पुलिस के मुताबिक दोनों आतंकी बाप-बेटे थे। उनके नाम साजिद और नवीद अकरम बताए गए हैं। खबर है कि मूल रूप से ये दोनों पाकिस्तान के थे। भारत के बाद अब आस्ट्रेलिया हमले में भी पाकिस्तान का नाम आने के बाद शाहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रमुख असीम मुनीर की चुनौतियां बढ़ने वाली हैं, क्योंकि अब इस घटनाक्रम में ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ इजरायल भी जुड़ चुका है, यानी परोक्ष तौर पर अमेरिका भी जुड़ा ही हुआ है।

पता हो कि यह हमला यहूदियों पर हुआ है, इसलिए इजरायल की स्वाभाविकतौर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने इसे यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया 'आतंकवादी हमला' करार दिया है, यानी आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी माहौल बन रहा है, इसे सरकार ने भी मान लिया है। बता दें कि बोंडी बीच इलाका, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े यहूदी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां करीब 40,000 यहूदी रहते हैं। हनुक्का उत्सव के पहले दिन आयोजित इस समुद्र-तटीय कार्यक्रम में करीब 1,000 लोग मौजूद थे। यानी आतंकी जानते थे कि किस वक्त हमला करके सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

शांति और खुशी के माहौल में त्योहार मना रहे लोगों से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है? लेकिन नस्ल और धर्म आधारित नफरत के शैतान हमेशा इंसानियत के कत्ल से अपनी खूनी प्यास मिटाने की जुर्रत करते हैं यह हमला पहलगाम की पुनरावृत्ति मालूम पड़ रहा है इस हमले के वीडियो देखकर पहलगाम हमले की यादें ताजा हो जाती हैं। वहां भी आम लोग छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, बोंडी बीच पर भी लोग छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे थे। पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर गोलियां बरसाई थीं, बोंडी बीच पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई, क्योंकि पहले से पता था कि ये यहूदी हैं, जो हनुका त्योहार मनाने के लिए इकट्ठे हुए हैं। हंसी-खुशी का माहौल मातम में बदल गया। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्टों में एक हमलावर का नाम (पाकिस्तानी मूल का) नवीद अकरम बताया जा रहा है। इस बात का पहले से ही शक था। यूं तो ऑस्ट्रेलिया काफी शांत और सुरक्षित देश माना जाता है, लेकिन इसकी सरकारों ने पिछले तीन दशकों में प्रवासियों के मामले में जो उदारता दिखाई, अब उसके फल मिलने लगे हैं। इस देश को श्रम शक्ति बढ़ाने के लिए लोगों की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, बांग्लादेश, सीरिया, लीबिया जैसे देशों के नागरिकों के लिए अपने दरवाजे खोले थे। यह गलत नहीं है, लेकिन जिन लोगों को बुलाया गया, उनकी जांच-पड़ताल करनी चाहिए थी। ऑस्ट्रेलिया में कई इलाके ऐसे हैं, जहां पाकिस्तानी बड़ी तादाद में रहते हैं। अक्सर स्थानीय लोग शिकायत करते हैं कि ये हमेशा असंतुष्ट रहते हैं, ज्यादा से ज्यादा अधिकारों की मांग करते हैं, खुद नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हैं, गंदगी फैलाते हैं और अपनी मर्जी चलाने की कोशिश करते हैं।

स्पष्ट कर दें कि ऑस्ट्रेलिया में लोग चिंता जता चुके हैं कि देश में कट्टरपंथ बढ़ता जा रहा है और सरकार को कोई परवाह नहीं है। बोंडी बीच हमले के बाद एजेंसियां जांच में जुटी हैं। अगर इस घटना के पीछे पाकिस्तानियों का पूरा नेटवर्क निकल आए तो इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस बात को समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान में यहूदियों से बहुत ज्यादा घृणा की जाती है। वहां कट्टरपंथी उपदेशक यहूदियों के खिलाफ आग उगलते रहते हैं। ऐसा ही भारत में होता रहा है यहां भी मजहबी उपदेशक अपनी कट्टरपंथी मजहबी सोच को अशिक्षित अनुयायी लोगों के जहन को जहरीला बनाने के लिए बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। इससे आम लोगों की सोच प्रभावित हो रही है। जब बोंडी बीच हमले की खबरें पाकिस्तानी चैनलों के सोशल मीडिया पेजों पर प्रसारित हुई तो टिप्पणियों में कई पाकिस्तानी नागरिक खुशियां मना रहे थे। वे इसे गाजा, फिलिस्तीन, लेबनान, ईरान से जोड़कर देख रहे थे। आम लोगों की हत्याओं पर कोई व्यक्ति खुशी कैसे मना सकता है? इससे उसकी कैसी मानसिकता झलकती है? पहलगाम हमले के बाद भी पाकिस्तानी नागरिक खबरों पर ऐसी ही प्रतिक्रिया दे रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई एजेंसियों को चाहिए कि वे वास्तविकता को स्वीकार करें। देश सुरक्षित होगा तो लोकतंत्र सुरक्षित होगा, लोगों के अधिकार सुरक्षित होंगे। वे अपनी सरकार पर दबाव डालें कि कट्टरपंथ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पाकिस्तान जैसे देशों, जहां कट्टरपंथ जड़ जमा चुका है, के नागरिकों को वीजा और नागरिकता देने में बहुत सावधानी बरतें। लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों को गंभीरता से लें। जो व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया में रहकर उसके कानून का सम्मान नहीं करता, संस्कृति की खिल्ली उड़ाता है, हर कहीं अपनी मर्जी चलाता है, उसे स्वदेश भेजने का इंतजाम करें। ऑस्ट्रेलिया के पास मौका है कि वह अपनी पुरानी गलतियों को सुधारे। अति-उदारवाद दिखाने की कोशिश में यूरोप के कई देशों ने मुसीबत मोल ले रखी है। अब उन्हें पछतावा हो रहा है, लेकिन वहां कानून ऐसे हैं कि सरकारें कुछ खास कर नहीं सकतीं। वोटबैंक की राजनीति भी एक बड़ी समस्या है।भारत ने भी पूर्ववर्ती कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार सियासती दलों की गलत नीतियों के कारण लम्बे समय तक कट्टरपंथी आतंकवाद को झेला है काश्मीर में जिस तरह एक ही रात में कट्टरपंथी मजहबी ताकतों ने मस्जिदों से एलान कर हिन्दूओं को पलायन के लिए मजबूर किया वह इसी कथित सेकुलर उदार सोच का घातक नतीजा था। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता है। यह स्थिति भविष्य में अप्रिय मोड़ ले सकती है।आस्ट्रेलिया समेत तमाम यूरोपीय देशों में जिस तरह एक कट्टरपंथी समुदाय के लोगों द्वारा इन देशों की उदारवादी नीतियों का फायदा उठाकर पैर जमाने की सुनियोजित साजिश पर काम किया जा रहा है वह इन तमाम देशों पर भविष्य में खतरे की घंटी बजा रही है पिछले दिनों फ्रांस ने भी कट्टरपंथी आगजनी को झेला है। दुनिया को अपनी सोच और नीतियों की समीक्षा करनी होगी ताकि कट्टरपंथी मजहबी ताकतें उनकी डैमोग्राफी को बदलने और कट्टरपंथी सोच को थोपने के षडयंत्र में नाकाम हों। पाकिस्तान का चरित्र एक बार फिर जगजाहिर हो रहा है उसके आतंकी नागरिक दुनिया में खून बहाने की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### खड़ी कार में लगी आग, धू धू कर जलकर खाक



**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिदापुर चौराहे के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक एक चार पहिया वाहन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वाहन धू-धू कर जलने लगा। वाहन में सवार चार लोग अंदर फंसे हुए थे, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने साहस और तत्परता दिखाते हुए समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी की जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि चार पहिया वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड बभनजोत

**मनकापुर गोण्डा**– विकास खंड बभनजोत के ग्राम पंचायत अल्लीपुर में ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा उपस्थित रहे।अपने संबोधन में विधायक जी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है। उन्होंने विधानसभा गौरा में कराए गए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की लाभकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी बभनजोत राम लखन वर्मा , मुकेश मौर्य, एडीओ पंचायत हुकुम सिंह , एडीओ आईएसबी ईदल प्रसाद, ज्ञान बहादुर वर्मा , धर्मेंद्र पाठक, निर्मल मोर्या , सचिन मलिक राम , राम बाबू मौर्य , गोमती यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत वार्षिक बैठक 2025-26 संपन्न



**मनकापुर गोण्डा** – विकास खंड बभनजोत के सभागार में क्षेत्र पंचायत की वार्षिक बैठक (वर्ष 2025-26) का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक जी ने दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया।अपने संबोधन में विधायक जी ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में यदि कोई छूटे या अधूरे विकास कार्य शेष हैं तो उनके प्रस्ताव शीघ्र कार्यालय में भेजें, ताकि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा सके। बैठक में कुल 15 से 20 करोड़ लगभग कार्ययोजना तैयार किया गयाविधायक जी ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचा रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत नीरज पटेल, खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा, आई एस बी इंदल प्रसाद, अनिल कुमार चौधरी, संजीव कुमार वर्मा, अरविंद शुक्ला, अवर अभियंता आंनद कुशवाहा, सोहरथ वर्मा, राम सेवक गौतम गुलाब वर्मा सुरेश वर्मा, प्रमोद वर्मा,सहित सम्मानित प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत के सदस्यगण सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विधायक खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी लेंगे सांसद खेल स्पर्धा में भाग

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र देवरिया में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी व टीमें सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम, देवरिया में आयोजित होगी। विधानसभा स्तर पर 8 खेल विधाओं में तथा 4 खेल विधाओं का सीधा जिला स्तर पर आयोजन होगा। विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं 20, 22 एवं 23 दिसंबर को आयोजित होंगी, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह 25 दिसंबर को संपन्न होगा।

# धूमधाम से मनाया गया एतिहासिक विजय दिवस

### ●नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे उपस्थित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर**- अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कुशीनगर के तत्वावधान में 16 दिसंबर 2025 को विजय दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन नगरपालिका परिषद पडरौना के जलकल भवन परिसर में संपन्न हुआ। यह दिवस वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय तथा 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण की स्मृति में पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विजय जुलूस के रूप में जलकल भवन से प्रारंभ होकर कोतवाली रोड, तिलक चौक, मेन रोड, विवाह भवन गली, नौका टोला, रामकोला रोड होते हुए सुभाष चौक से गुजरते हुए पुनः जलकल भवन पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान 'भारत माता की जय ', 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के क्रम में राष्ट्रगान एवं शहीदों को नमन भी किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए वक्ताओं ने 1971 के युद्ध की गौरवगाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर पी. एन. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 1971 का युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिसमें भारतीय सेना ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, रणनीतिक कौशल और वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान को निर्णायक रूप से पराजित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर देशसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि यह भारतीय सेना के त्याग, बलिदान और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।कार्यक्रम के अंत में वीर पूर्व सैनिकों को माल्यार्पण तथा शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनके योगदान और बलिदान को नमन किया। यह क्षण भावुकता और गर्व से भरा रहा। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

इस दौरान पूर्व सैनिकगण विंग कमांडर आलोक सक्सेना, मेजर एन के बर्नवाल, कैप्टन एल बी त्रिपाठी, कैप्टन समसुद्दीन, कैप्टन डी एस पाण्डेय, कैप्टन नागेंद्र पाण्डेय, कैप्टन बी बी कुशवाहा,अध्यक्ष प्रतिनिधी मनीष जायसवाल कैप्टन महेश राय, हवलदार अनिल सिंह, सीताराम शर्मा, चंद्रिका प्रसाद, मुरारी शर्मा, जगन्नाथ सहित मातृ संगठन की लीलावती देवी, सीमा मिश्रा, अफसरा देवी, चम्पा देवी, राधिका देवी, किशनावती देवी, ममता देवी के अलावा अरुण सिंह राजेश जायसवाल अमित तिवारी कुंदन सिंह संतोष चौहान नीरज मिश्रा भरत चौधरी ब्रजेश शर्मा शिव मद्धेशिया आलोक विश्वकर्मा आकाश वर्मा भोला साहा विनय गौड आलोक श्रीवास्तव अशोक जायसवाल गोपी वर्मा अभय तिवारी राजू जायसवाल मंथन सिंह आनंद जायसवाल अशोक गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# खजनी में भीषण जाम से हाहाकार, सड़क पर उतरे खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला-डंडा लेकर खुद संभाली व्यवस्था

### ●खजनी कस्बे के जाम से खजनी पुलिस कोसों दूर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी।** कस्बा खजनी इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। हालात इतने बदतर हो गए कि प्रशासनिक लापरवाही के चलते आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। मंगलवार को जब लंबे समय से लगे जाम ने विकराल रूप धारण कर लिया और कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा, तब खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला को खुद सड़क पर उतरना पड़ा। हाथ में डंडा लेकर उन्होंने मोर्चा संभाला और जाम छुड़ाने में जुट गए। खजनी-सिकरिकगंज-जैतपुर-कौड़ीराम-गोला को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग इन दिनों भारी वाहनों के दबाव से कराह रहा है। टोल टैक्स से बचने के लिए बड़ी संख्या में ट्रक और डंपर इसी मार्ग से गुजर रहे हैं। नतीजा यह कि दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, वहीं सड़क भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होती जा रही है। जगह-जगह गड्ढे और टूटे हिस्से हादसों को खुला न्योता दे रहे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि घंटों जाम लगे रहने के बावजूद खजनी पुलिस नदारद रही। जाम से निजात दिलाने की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, वे पूरी तरह उदासीन नजर आए। मजबूरन खंड विकास अधिकारी रमेश शुक्ला को आगे आना पड़ा। उन्होंने न सिर्फ यातायात को सुचारु कराया, बल्कि भारी वाहनों को नियंत्रित कर आम लोगों को राहत दिलाई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते पुलिस और जिम्मेदार विभाग सक्रिय रहते, तो हालात इतने खराब न होते। लोगों ने स्थायी समाधान, भारी वाहनों पर रोक और सड़क मरम्मत की मांग की है। खजनी की यह तस्वीर सिस्टम की सुस्ती और जिम्मेदारों की बेरुखी को उजागर करती है, जहां एक अधिकारी को डंडा उठाकर सड़क पर उतरना पड़ा–तब जाकर जाम से राहत मिली।

# ऑनलाइन ठगी पर चिलुआताल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पीड़िता को 2.36 लाख वापस दिलाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** साइबर अपराधियों के खिलाफ गोरखपुर पुलिस की सख्त मुहिम एक बार फिर रंग लाई है। थाना चिलुआताल पुलिस और साइबर सेल की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकार महिला को पूरे 2,36,000 (दो लाख छत्तीस हजार रुपये) की रकम सुरक्षित वापस करा दी गई है। इस कार्रवाई से न केवल पीड़िता को राहत मिली है, बल्कि साइबर ठगों के हौसले भी पस्त हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देश पर साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चिलुआताल के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने यह सफलता हासिल की।

**ऐसे हुई ठगी**

पीड़िता ने थाना चिलुआताल में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि एक साइबर अपराधी ने खुद को टेलीग्राम पर 'डिवाइन' नामक एस्ट्रोलॉजर बताते हुए पूजा-पाठ और ग्रह दोष निवारण के नाम पर उससे संपर्क किया। धीरे-धीरे विश्वास में लेकर आरोपी ने अलग-अलग बहानों से पीड़िता से बड़ी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करा ली। जब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ तो उसने तुरंत पुलिस से संपर्क किया।

**त्वरित कार्रवाई से मिली राहत**

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना चिलुआताल की साइबर सेल टीम ने बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद संबंधित बैंक और तकनीकी एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर ठगी की गई रकम को तत्काल होल्ड कराया गया। प्रभावी फॉलोअप के चलते पूरी 2.36 लाख की राशि पीड़िता के खाते में सुरक्षित वापस करा दी गई।

**टीमवर्क बना सफलता की कुंजी**

इस सराहनीय कार्रवाई में थानाध्यक्ष सूरज सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक सच्चिदानन्द पाण्डेय, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी अभिराम तथा आरक्षी सत्येन्द्र चौधरी की अहम भूमिका रही। टीम की तत्परता और तकनीकी दक्षता के चलते यह मामला समय रहते सुलझाया जा सका।

**पुलिस की अपील**

गोरखपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पूजा-पाठ, निवेश या अन्य आकर्षक ऑफर के नाम पर पैसे न भेजें। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। यह कार्रवाई गोरखपुर पुलिस की सजगता और साइबर अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का मजबूत संदेश देती है।

# डीएम दीपक मीणा का सख्त संदेश: सड़क चौड़ीकरण में जिनकी जमीन गई, उन्हें परेशान किया तो होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने डीएम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए स्पष्ट कर दिया कि सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों के नाम पर किसानों व जमीन मालिकों को परेशान करना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ऐसे फरियादी पहुंचे, जिनकी जमीन सड़क चौड़ीकरण के कार्य में गई है और वे मुआवजा, माप-जोख व भुगतान को लेकर लंबे समय से कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। फरियादियों ने जिलाधिकारी को बताया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा उनकी जमीन तो ले ली गई, लेकिन मुआवजा देने में अनावश्यक देरी की जा रही है। कई मामलों में माप-जोख अधूरी है तो कहीं दस्तावेजों के नाम पर फाइलें अटकाई जा रही हैं। किसानों का आरोप था कि विभागीय अधिकारियों के यहां उनकी सुनवाई नहीं हो रही, जिससे उन्हें मानसिक तनाव के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है, उन्हें पूरा सम्मान, उचित मुआवजा और सभी वैधानिक सुविधाएं मिलनी चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या टालमटोल सामने आई तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) हिमांशु वर्मा को निर्देश दिए कि सड़क चौड़ीकरण समेत अन्य विकास परियोजनाओं में अधिग्रहित की गई जमीन से जुड़े सभी मामलों का तत्काल और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा भुगतान, दस्तावेजों की जांच और अन्य औपचारिकताओं में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं है।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को अपने हक के लिए बार-बार जिला कार्यालय नहीं आना चाहिए। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसके लिए पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों की सूची तैयार करने और तय समय सीमा में उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण जैसे कार्य जनहित में जरूरी हैं, लेकिन इनकी आड़ में किसी किसान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। जनसुनवाई में डीएम के सख्त रुख से फरियादियों को राहत मिली। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की सख्ती के बाद अब उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और उन्हें अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा।

# 18 दिसंबर को रुपईडीह ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख की अध्यक्षता में में क्षेत्र पंचायत की अहम बैठक, विकास को मिलेगी नई दिशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रुपईडीहा (गोण्डा)।** क्षेत्र पंचायत रुपईडीह के ब्लॉक सभागार में 18 दिसंबर, दिन गुरुवार को एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक क्षेत्र पंचायत प्रमुख बबीता सिंह की अध्यक्षता में संपन्न होगी, जिसमें क्षेत्र पंचायत के समस्त निर्वाचित सदस्य, जिला पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।बैठक के दौरान विगत वर्ष में संपन्न कराए गए विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की जाएगी। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हुए कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और जनहित पर पड़े प्रभाव पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी।उनके सुधार हेतु ठोस सुझावों पर विचार किया जाएगा, ताकि आगे होने वाले विकास कार्य और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनोपयोगी बन सकें। इस अवसर पर एक गरिमामयी कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत प्रमुख बबीता सिंह एवं प्रमुख प्रतिनिधि महेश सिंह द्वारा 'स्मृति शेष पंडित सेह सिंह ब्लॉक सभागार' का उद्घाटन किया जाएगा। यह सभागार भविष्य में क्षेत्र पंचायत की प्रशासनिक बैठकों, जनसंवाद और विकास योजनाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा।

बैठक के अगले चरण में आगामी विकास कार्यों पर विचार-विमर्श कर उनके प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। इसमें सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिल सके। क्षेत्र पंचायत प्रमुख बबीता सिंह ने अपील की है कि 18 दिसंबर, दिन गुरुवार को क्षेत्र पंचायत के समस्त सदस्य, जिला पंचायत सदस्य तथा क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक समय से उपस्थित होकर बैठक में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह बैठक क्षेत्र के विकास को मजबूत आधार देने और जनआकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# रोड हादसे में मृतक शिक्षकों के परिजनों का सड़क पर हंगामा, शव रखकर लगाया जाम

### ●ट्रैक्टर-ट्राली चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर**- जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के जैतपुर नन्दापार चौराहे के पास सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो शिक्षकों की मौत के बाद मंगलवार को इलाके में भारी तनाव देखने को मिला। मृतक शिक्षकों के परिजनों एवं ग्रामीणों ने कटसहरा-सिसवा सोनबरसा मार्ग स्थित पचौरी चौराहे पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया और ट्रैक्टर-ट्राली चालक की तत्काल गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग पर अड़ गए। जानकारी के अनुसार, हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचौरी निवासी दोनों शिक्षक नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, समुदा सिसवा सोनबरसा में कार्यरत थे। सोमवार को दोनों शिक्षक बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी खजनी थाना क्षेत्र के जैतपुर नन्दापार चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है।

मंगलवार को आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि हादसे के बाद भी ट्रैक्टर-ट्राली चालक की गिरफ्तारी नहीं हुई है और प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक चालक की गिरफ्तारी नहीं होती और शासन की ओर से मुआवजे की घोषणा नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही हरपुर-बुदहट, सहजनवां, गीडा सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीओ गीडा और एसडीएम खजनी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन आक्रोशित भीड़ अपनी मांगों पर डटी रही।

कई घंटों तक चले जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम जनजीवन प्रभावित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक शिक्षक अपने परिवार के एकमात्र सहारे थे और उनकी असमय मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। अब शासन-प्रशासन से ही उन्हें न्याय की उम्मीद है। फिलहाल प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा है और मृतक शिक्षकों के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया जा रहा है।

# BBSS इंटर कॉलेज में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का सातवें दिवस पर भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** BBSS इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का सातवें दिवस भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की नवीन शिक्षिका वीना मौर्या द्वारा किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ शिक्षिका रूबी सिंह एवं वरिष्ठ अंग्रेज़ी विषय के शिक्षक दिनेश भारती ने शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने शिक्षा शब्द के अर्थ, महत्व तथा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।वरिष्ठ शिक्षिका रूबी सिंह ने समय प्रबंधन एवं शिक्षकों के नैतिक दायित्वों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, वहीं दिनेश भारती ने अंग्रेज़ी भाषा के वर्ण लेखन कौशल की बारीकियों को समझाया। प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य यशोदानंद शुक्ला, परीक्षा प्रभारी पंकज सिंह, सुश्री तमन्ना खान, शशी गोस्वामी, उम्मेहनी एवं गरिमा सिंह ने भी अपने अनुभव और प्रतिभा के माध्यम से सभी शिक्षकों को प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया।इस प्रकार का शिक्षक प्रशिक्षण शिविर इस क्षेत्र में पहली बार आयोजित किया गया, जिसे लेकर शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूरे मनोयोग एवं जिज्ञासा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा उसे अपने शिक्षण कार्य में लागू करने का संकल्प लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि अयोध्या धाम से पधारे महान कथावाचक सर्वेश महाराज रहे। उन्होंने अपने संबोधन में गुरु को ईश्वर प्राप्ति का माध्यम बताते हुए कहा कि प्रथम गुरु माता-पिता और द्वितीय गुरु शिक्षक होते हैं। उन्होंने एक लघु कथा के माध्यम से गुरु के आचरण पर प्रकाश डाला और विद्यालय की निरंतर उन्नति के लिए आशीर्वचन प्रदान किया।

विशिष्ट अतिथि मुंबई से पधारे प्रसिद्ध व्यवसायी रिजवान खान (सेठ), केसईपुरवा रहे। उन्होंने महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार सीमित औपचारिक शिक्षा के बावजूद माता के प्रोत्साहन और अथक परिश्रम से उन्होंने वर्ष 1879 में विद्युत बल्ब का आविष्कार कर विश्व को प्रकाशमान किया। कार्यक्रम में शमशुद्दीन खान, मंशाराम तिवारी एवं टिन्नू सोनी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट के0 पी0 सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया तथा विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, भौतिक संसाधनों एवं शिक्षकों के गुणों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्राप्त सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति करते हुए उन्हें शिक्षण कार्य में अपनाने का आह्वान किया तथा अंत में सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।उक्त कार्यक्रम में अशोक सिंह, एस0 पी0 सिंह, रश्मि विश्वकर्मा, साक्षी सिंह, प्रतिभा सिंह, रानी शुक्ला, अनूपा यादव, साबिर अली, विद्यालय समिति के सदस्य राघवेन्द्र सिंह सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# छात्रों को प्रशिक्षण देकर आगजनी से बड़े नुकसान होने से किया ज़ा सकता है बचाव: एम एन त्रिपाठी

### ●एसबीटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीखे आग बुझाने के उपाय



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एसबीटी पब्लिक स्कूल, बिशनपुरा बखरा में मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अग्निशमन केंद्र देवरिया से आए प्रशिक्षक आरक्षी मोहम्मद करीम एवं दीपक कुमार यादव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में उस पर काबू पाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि आग क्या होती है, इसके कितने प्रकार होते हैं और अलग अलग प्रकार की आग पर किस विधि से नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य आग पर कूलिंग विधि, तरल पदार्थ एवं गैस सिलेंडर में लगी आग पर स्मदरिंग मेथड (ऑक्सीजन की आपूर्ति कम कर), धातु की आग पर डीपीसी (ड्राई केमिकल पाउडर) तथा विद्युत/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में लगी आग पर CO2 एवं स्मदरिंग विधि का प्रयोग किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों, छात्र छात्राओं तथा चालक परिचालकों ने भी अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग कर आग बुझाने का अभ्यास किया। विद्यालय के चेयरमैन एम.एन. त्रिपाठी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से भविष्य में आगजनी से होने वाले बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि अग्निशमन केंद्र देवरिया द्वारा प्रशिक्षण हेतु उनके विद्यालय का चयन किया गया और बच्चों को जीवनोपयोगी सुरक्षा कौशल सिखाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी, प्रशासक अबू दानिश, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, चालक-परिचालक एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईटीआई देवरिया में 18 को प्लेसमेंट का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में एच आर. इंडस्ट्रीज, जालंधर द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य के. राम ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्लेसमेंट 18 दिसंबर को 10 बजे से आईटीआई परिसर में आयोजित होगा। प्लेसमेंट में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, ड्राफ्टसमैन (सिविल), ड्राफ्टसमैन (मैकेनिकल), टर्नर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर, फाउंड्रीमैन, शीट मेटल वर्कर, डीजल मैकेनिक, वेल्डर एवं वायरमैन ट्रेड के अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्र एवं प्रमाणपत्रों की मूल प्रति व छायाप्रति, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा चार पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर ने विकासखंड सकरन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांण्डा का किया निरीक्षण



**बिसवां/सीतापुर** सीतापुर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास खण्ड सकरन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साण्डा का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी की अनुपस्थिति पर आज का वेतन रोकने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल में साफ-सफाई न मिलने पर बीपीएम जयन्त नाथ तिवारी का आधे माह का वेतन काटने के आदेश दिए गए। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से वार्ता कर बीसीपीएम से भोजन व्यवस्था की जानकारी ली गई। परिवार नियोजन कक्ष में रजिस्टर में कमी मिलने पर स्टाफ नर्स सविता को नोटिस तथा मातृ सुरक्षा कक्ष में अनुपस्थित डॉ. अंकिता का आज का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। गोल्डेन कक्ष, प्रसव कक्ष, नर्स ड्यूटी कक्ष, एक्सरे कक्ष, लेबर रूम सहित विभिन्न कक्षों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। फैमिली काउंसलर नीतू गुप्ता व हाई रिस्क प्रेगनेंसी ट्रैकिंग रजिस्टर में कमी पर स्टाफ नर्स सरिता वैश्य को नोटिस के निर्देश दिए गए। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय टेड़वा कलॉ का भी निरीक्षण किया। निपुण तालिका रजिस्टर देखा, कक्षा 3-4 में बच्चों से संवाद किया और पठन-पाठन पर संतोष जताया। मिड-डे-मील की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश व साफ-सफाई की जांच की तथा शिक्षकों को बच्चों के साथ भोजन करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ट्रांसफर व एरियर भुगतान को लेकर एएनएम स्वास्थ्य कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़** में एएनएम स्वास्थ्य कर्मियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्रांसफर एवं एरियर भुगतान से संबंधित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

एएनएम स्वास्थ्य कर्मियों ने अवगत कराया कि 2000 से 2800 ग्रेड पे के एरियर का भुगतान प्रदेश के अन्य सभी जनपदों में हो चुका है, लेकिन आजमगढ़ जनपद में अब तक एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों का आरोप है कि एरियर भुगतान के नाम पर प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) स्तर पर अवैध धन की मांग की जा रही है, जिसके कारण भुगतान लंबित है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि महिला स्वास्थ्य कर्मियों को 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर HV प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने का प्रावधान है, लेकिन इसमें भी अनियमितता बरती जा रही है। सीनियर कर्मियों को नजरअंदाज कर जूनियर कर्मियों को HV प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि एरियर भुगतान शीघ्र कराया जाए, ट्रांसफर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए तथा HV प्रशिक्षण में हो रही धांधली की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला मंत्री सुशीला भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में एएनएम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहीं।

### यमुना पुल के पास ट्रक ने पीछे से महिला को टक्कर मार दी, मौत



**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद के सजेती थाना क्षेत्र के यमुना नदी पुल के पास ट्रक ने महिला को पीछे से टक्कर मार दी म्रतक महिला रामदेवी पत्नी रामचंद्र निवासी श्यामपुर थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर अपने पुत्र शिव भजन के साथ बाइक से कानपुर की ओर जा रहे थे, पीछे से ट्रक संख्या यूपी 32 डब्ल्यू एन8379 की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए,व अचेत अवस्था में थी तत्काल निवेली चौकी प्रभारी अनुराग सिंह, एवं कांस्टेबल रोहित कुमार के द्वारा तत्काल एंबुलेंस की मदद से हमीरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महिला को म्रत घोषित कर दिया, यातायात को सुचारू रूप से खुलवाया गया, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# रविवार रात गौ तस्करी का बड़ा भंडाफोड़ दो कुंतल से अधिक गौ व नीलगाय मांस बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** देर रात प्रयाग गौ सेवा संगठन की सजगता और साहसिक कार्रवाई से गौ तस्करी के एक संगठित, आपराधिक और हिंसक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। संगठन को मिली गोपनीय सूचना के बाद बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई, जिससे स्पष्ट हुआ कि तस्कर पूरी तैयारी के साथ गौ माता एवं संरक्षित वन्य जीव नीलगाय के अवैध वध और मांस तस्करी में लिप्त थे। कार्रवाई के दौरान मौके से दो कुंतल से अधिक संदिग्ध मांस बरामद किया गया, जिसे विधिवत पोस्टमार्टम व लैब जांच के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में मांस के गौ व नीलगाय का होने की प्रबल आशंका जताई जा रही है।

रिपोर्ट आने के बाद मामला और गंभीर धाराओं में दर्ज किया जाएगा। इस पूरे अभियान में संजय केशरवानी की भूमिका अत्यंत सराहनीय और निर्णायक रही। उनकी सतर्कता, त्वरित सूचना संकलन और मौके पर सक्रिय सहयोग के कारण समय रहते कार्रवाई संभव हो सकी। संगठन के अनुसार यदि यह तत्परता न होती, तो तस्कर मांस को ठिकाने लगाने में सफल हो सकते थे।सबसे गंभीर और चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि तस्कर हथियारों से लैस थे। मौके से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जिसे ऑटो रिक्शा के स्पेयर टायर के नीचे छिपाकर रखा गया था। यह साफ दर्शाता है कि तस्कर पकड़े जाने की स्थिति में हिंसक वारदात को अंजाम देने से भी पीछे नहीं हटते। गौ सेवकों की संख्या और सतर्कता के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। कार्रवाई के दौरान दो तस्करों को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, जबकि दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस द्वारा फरार तस्करों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है और पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही प्रयाग गौ सेवा संगठन की राष्ट्रीय टीम एवं सभी सक्रिय गौ सेवक सीओ कार्यालय, मेजा तहसील पहुंचे। इस दौरान मौके पर प्रयाग गौ सेवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव शिवम्, हरी मोहन पाण्डेय, गोरेलाल तिवारी शुभम तिवारी, मुख्य सहयोगी संजय केशरवानी, हर्ष तिवारी, सचिन तिवारी, मोहित तिवारी, कृष्णन तिवारी, विकास शुक्ला, सत्यम मिश्रा, उपलक्ष्य मिश्रा, विजय कुमार शुक्ला सहित अन्य गौ सेवक भाई मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर इस कार्रवाई को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। सभी गौ सेवक द्वारा इस गंभीर प्रकरण को लेकर सीओ मेजा को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया।

### नाले में लहूलुहान मिला घायल युवक, मचा हडकंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नाले में लहूलुहान युवक के अचेतावस्था में पड़े मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम इलाके में तिनमोहनिया के समीप एक नाले में मंगलवार की सुबह करीब दस बजे एक युवक के अचेतावस्था में पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आयी। यहां हालत गंभीर देख घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर पुलिस की छानबीन में युवक की पहचान लीलापुर थानान्तर्गत सरायताल सरैंया मकई निवासी 44 वर्षीय दिनेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा के रूप में हुई। सूचना पर परिजन भागकर अस्पताल पहुंचे। परिजनो के मुताबिक घायल युवक ईरिक्शा चलाकर जीविकोपार्जन करता है। सोमवार की सुबह वह घर से ईरिक्शा लेकर निकला था। इसके बाद वापस घर नहीं लौटा। परेशान परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने युवक की हत्या का प्रयास करने की आशंका जतायी है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि घायल युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं, अभी युवक कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। घटना की छानबीन की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## व्यवहारिक ज्ञान व वैज्ञानिक तकनीक ज्ञान के लिए जरूरी है प्रदर्शनी- गीता सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** छात्र-छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ वैज्ञानिक तकनीक व आत्मविश्वास का होना भी बहुत जरूरी है वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान के माध्यम से विभिन्न क्षेत्र में लोगों के लिए बहु उपयोगी रोजगार उपलब्ध हैं तकनीकी ज्ञान से व्यक्ति न केवल अपना बल्कि सशक्त समाज व देश का निर्माण करता है। इस तरह के आयोजनों से छात्राओं में अपने अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मार्ग प्रशस्त होता है जिससे उनके अंदर आत्म चिंतन की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है साथ ही साथ उनका आत्म बल भी बढ़ता है।

उक्त बातें ईशा आर डी पी स्कूल एंड कॉलेज बाबूगंज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रदर्शनी में मुस्कान आयुषी स्नेह व साक्षी ने जहां वाटर डैम का मॉडल प्रस्तुत किया वहीं पल्लवी, शगुफ्ता, सिमर Slegs hierdieÙ, संजना, अंजली यादव, आयुषी, बसु यादव, दृश्या मिश्रा, छवि मिश्रा आदि ने वॉटर पॉल्यूशन का मॉडल देख विशिष्ट अतिथि राम सुमेर पाल ने सभी छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आयुष जायसवाल आदित्य अर्पित सिंह यशराज विश्वास नाजिम आयुष जायसवाल राज यादव आदि ने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का माडल प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में डॉक्टर राकेश केसरवानी, आलोक गुप्ता, रोहित विश्वकर्मा दुखी पटेल, रिखीराम पटेल, राहुल मिश्रा, अब्दुल समद, सुषमा सिंह, दुर्गेश मिश्रा, राजू जायसवाल, श्वेता मिश्रा, दीपक जायसवाल, सुनील पांडे, संदीप केसरवानी, अनुपम कुमार सिंह, सुरेंद्र यादव, रेहाना बानो, सानिया मंजू यादव आज उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में आए हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों का प्रबंधक विजय पाल ने आभार प्रकट किया।

## काशी मॉडलिंग कंप्टीशन में बिहार की काजल कुमारी प्रथम स्थान पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

डी एस त्रिपाठी की रिपोर्ट।







**ब्यूरो प्रयागराज।** काशी मॉडलिंग कंप्टीशन में बिहार की काजल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बिहार का नाम एक बार फिर से रौशन किया हैं। दिनांक 15.12.25 को काशी में यह मॉडलिंग कंप्टीशन आयोजक वंदना अग्रवाल और नीलेश शर्मा जी के संस्था द्वारा उनके ही सान्निध्य में सम्पन्न हुआ हैं। जिस में देश के हर कोने से कुल 17 लड़कियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश स्तुति से किया गया। सभी सहभागियों ने अपने सुंदरता का प्रदर्शन किया। अनेक भारतीय और विदेशी पोशाक में सबने अपनी प्रतिभाओं को दर्शाया। उन्हीं प्रतिभागियों में से एक सबसे अलग ड्रेस और लुक में, मंच पर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरने वाली बिहार की काजल कुमारी हैं। ऐसे तो इस प्रतियोगिता में कई सुंदर लड़कियां वेस्टर्न ड्रेस और लुक में आई थी लेकिन काजल जी ने अपनी सादगी और देशी लुक से सबको मात दे दी और प्रथम स्थान प्राप्त कर ली। द्वितीय स्थान कानपुर की सोनिया सिंह ने और तृतीय स्थान राबिया खातून ने प्राप्त किया। सम्मान प्रदान करते हुए प्रतियोगिता के जज नीलेश शर्मा ने कहा आज काजल जी ने ये साबित कर दिया कि असली सुंदरता मर्यादित वस्त्रों में ही हैं। इनके पहाड़न लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया और हम सबने इन्हें ही प्रथम स्थान प्रदान करने का निश्चय किया हैं। सभी ने काजल कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चकबंदी व अभियोजन कार्यालय के विस्तारीकरण शुद्धीकरण का डीएम ने दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चकबंदी कार्यालय एवं अभियोजन कार्यालय के विस्तारीकरण एवं शुद्धीकरण को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध स्थान, आवश्यक सुविधाओं और कार्यालयीन कार्यप्रणाली का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों कार्यालयों का विस्तारीकरण इस प्रकार किया जाए, जिससे कार्यस्थल सुव्यवस्थित हो और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। साथ ही शुद्धीकरण कार्य के अंतर्गत साफ-सफाई, मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यालयों के सुदृढ़ीकरण से न केवल कर्मचारियों को कार्य करने में सुविधा होगी, बल्कि वादकारियों एवं आम नागरिकों को भी त्वरित और सुचारु सेवाएं मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

### एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, उड़ीसा से आ रहा 3.90 कुंतल गांजा बरामद, अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**गोपीगंज।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तर प्रदेश को बड़ी सफलता मिली है। थाना मेरठ एवं ऑपरेशनल यूनिट प्रयागराज की संयुक्त टीम ने उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 3 कुंतल 80 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोनूपाल पुत्र स्व. बदन सिंह, निवासी ग्राम ढीपा, थाना जैथरा, जनपद एटा के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से गांजे के साथ एक कैन्टर वाहन, एक मोबाइल फोन तथा 2160 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई 16 दिसंबर 2025 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर पाण्डेय ढाबा के सामने की गई, जहां से तस्कर को दबोच लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अभियुक्त उड़ीसा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सप्लाई करने की फिराक में था। इस संबंध में थाना गोपीगंज, जनपद भदोही में एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सप्लाई चैन की जानकारी जुटाने में लगी है।

### धड़ल्ले से बिक रहा मौत का चाइनीज मांझा ,बच्चों की सुरक्षा ताक पर



**हमीरपुर :-** सरकारी प्रतिबंध के बावजूद कस्बे सहित क्षेत्र में चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। पतंगबाजी का मौसम शुरू होते ही दुकानों पर बच्चों को खतरनाक मांझा बेचा जा रहा है। मोहल्ला उपरौस, देवी चौराहा सहित कई इलाकों में दुकानदार नियमों को ताक पर रखकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में चाइनीज मांझे से कटकर लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों का आरोप है कि पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी हुई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों ने मांग की है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## वंदे मातरम एक गाना नहीं है बल्कि महान स्वतंत्रता सेनानियों की आत्मा का अस्तित्व है- केशव मौर्य



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज प्रयागराज के भारत स्काउट एंड गाइड स्कूल के प्रांगण में सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1500 से ज्यादा बच्चे मौजूद रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वंदे मातरम या एक गाना नहीं है बल्कि यह उन महान स्वतंत्रता सेनानियों की आत्मा का अस्तित्व है जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपने प्राण निछावर किए हैं।

बंकिम चंद्र चटर्जी स्वयं प्रयागराज की धरती से संबंधित है और उनका यही पर निवास रहा है। बंकिम चंद्र चटर्जी ने न केवल वंदे मातरम् गाने को लिखा है बल्कि उन्होंने सभी हिंदुस्तानियों के दिल में अंग्रेजी शासन और हुकूमत के खिलाफ एक ऐसी ज्वाला जगाई है जिसमें जलकर अंग्रेजी हुकूमत खाक हो गई।

उन्होंने कहा कि जो लोग वंदे मातरम के खिलाफ अपना प्रचार चला रहे हैं वह यह नहीं जानते कि अभी तो आधा वंदे मातरम का गाना गया जाता है जिस देश के दो टुकड़े करने में उन्हें सफलता मिली थी, लेकिन जिस दिन देश की पीढ़ी में यह तय कर लिया की वंदे मातरम को पूरा का पूरा गया जाएगा उसे दिन अखंड भारत बनने में देर नहीं होगी।

2027 के चुनाव मेंभारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बल पर उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भगवा लहर दौड़ेगी और भगवान श्री राम के आशीर्वाद से हरे रंग के चादर वाले लोगों की पार्टी एक कार के अंदर सिमट कर रह जाएगी। उन्होंने आगामी आने वाले विकास के नए-नए युग परियोजनाओं के विषय में बोलते हुए कहा कि जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की एक और ऐसी लहर दौड़ेगी इसके आगे न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश का विकास होगा।

# अमीरों की विशेष पूजा से भगवान का विश्राम भंग': SC ने जताई नाराजगी, बांके बिहारी मंदिर पर अधिकारी-यूपी सरकार तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे देकर कराई जाने वाली 'विशेष पूजाओं' को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। सोमवार (15 दिसंबर) को शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी प्रथाओं के कारण देवता के विश्राम समय में बाधा पड़ती है, जो परंपरा और धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। यह टिप्पणी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन समय और पूजा पद्धतियों में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान की गई। इसी के साथ अदालत ने याचिका पर अधिकारियों से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पामचोली शामिल थे, उन्होंने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय मंदिर प्रबंधन समिति को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में होगी।

सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा, 'मंदिर दोपहर 12 बजे बंद होने के बाद भगवान को एक पल भी विश्राम नहीं दिया जाता। जो लोग मोटी रकम दे सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा की अनुमति दे दी जाती है। यह देवता के साथ शोषण जैसा है।' सीजेआई ने यह भी कहा कि 'इसी समय में वे लोग बुलाए जाते हैं, जो पैसे दे सकते हैं और विशेष पूजाएं कराई जाती हैं, जबकि यह भगवान के विश्राम का अत्यंत पवित्र समय होता है।' वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और अधिवक्ता तन्वी दुबे, जो मंदिर के सेवायतों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पूजा और दर्शन के समय को पवित्र माना जाए और उसमें किसी भी तरह का बदलाव न किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी बताया कि मंदिर में मौसम के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी रही है। गर्मी और सर्दी में दर्शन और पूजा के अलग नियम हैं, जो सीधे तौर पर आंतरिक अनुष्ठानों से जुड़े हैं।

## घने कोहरे में ट्रक से टकराई स्विफ्ट डिजायर तीन महिलाएं गंभीर पांच घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** के सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर मंगलवार सुबह घने कोहरे के चलते सड़क हादसा हो गया। संदना थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना के समीप मारुति स्विफ्ट डिजायर कार और एक ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया जानकारी के अनुसार मारुति स्विफ्ट डिजायर कार में सवार सभी लोग अयोध्या से नैमिषारण्य दर्शन के लिए जा रहे थे मंगलवार सुबह करीब 9 बजे जब कार सिधौली की ओर से संदना थाना क्षेत्र में पहुंची, उसी दौरान घना कोहरा छाया हुआ था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए दोनों एयर बैग खुलने के बावजूद भी कार सवार जख्मी हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य शुरू किया सूचना मिलते ही संदना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला गया इसके बाद एम्बुलेंस के जरिए सभी घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर भेजा गया जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि घायलों में से जम्मू निवासी कार चालक दर्शन लाल सहित कार में सवार पांच लोग घायल हो गया। जिनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है, जबकि दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

सभी घायलों का इलाज जारी है इस संबंध में संदना थानाध्यक्ष अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण घना कोहरा और कम दृश्यता प्रतीत हो रहा है पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और कार को कब्जे में ले लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है!!

# घरेलू कलह के चलते युवक ने नहर में लगाई छलांग घर में मचा कोहराम, घटनास्थल से 800 मीटर दूर मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी एक युवक ने नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली इस वारदात के पीछे पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव की तलाश कर शव को बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार युवक नंदू पुत्र मेवा लाल, निवासी मोहल्ला संजय नगर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नंदू मंगलवार सुबह करीब 10:15 बजे पुरैनी पुल के पास पहुंचा और वहां से नहर में छलांग लगा दी आसपास मौजूद लोगों ने जब युवक को नहर में कूदते देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह, महेश गंगवार और मनजीत खारवाल शामिल रहे स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। तेज बहाव और गहराई के चलते शव की तलाश में पुलिस और गोताखोरों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद युवक का शव घटनास्थल से लगभग 800 मीटर दूर नहर से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया युवक की मौत की खबर मिलते ही उसके घर में मातम छा गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और मोहल्ले में शोक का माहौल व्याप्त है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार युवक के आत्महत्या करने की वजह पारिवारिक विवाद बताई जा रही है, हालांकि पुलिस इस बिंदु पर सभी पहलुओं से जांच कर रही है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि फिलहाल मामला संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है!!

### सड़क चौड़ीकरण से उजड़ते व्यवसाय को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते नगर पंचायत ज्ञानपुर में कई दुकानों के टूटने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे लगभग 80 से 90 परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इन दुकानों पर निर्भर करीब एक हजार लोगों की आजीविका पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, जिससे भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर नगर पंचायत ज्ञानपुर के व्यापारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास की मांग उठाई। व्यापारियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण विकास की दृष्टि से आवश्यक है, लेकिन इसके साथ प्रभावित दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। यदि समय रहते पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई, तो वर्षों से छोटे-छोटे व्यवसाय कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले लोग बेरोजगार हो जाएंगे। ज्ञापन में व्यापारियों ने सुझाव दिया कि पुरानी दिवानी न्यायालय परिसर एवं रजिस्ट्री ऑफिस कैंपस में मुख्य मार्ग/दुर्गागंज रोड के किनारे दुकान निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराई जाए। ऐसा होने पर सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित दुकानदारों को दुकानें उपलब्ध कराई जा सकेंगी और सैकड़ों परिवारों को भुखमरी की स्थिति से बचाया जा सकेगा। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से इस मामले में गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है, ताकि विकास कार्य के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण को भी संतुलित रखा जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### ओपन जिला वालीबॉल चैंपियनशिप (महिला वर्ग) का आयोजन 21 दिसंबर को

**चुनार, मीरजापुर ।** जिला वॉलीबॉल संघ एवं फोर्ट क्लब चुनार के संयुक्त तत्वाधान में चुनार किले में वॉलीबॉल कोर्ट पर एकदिवसीय ओपन जिला वालीबॉल चैंपियनशिप महिला वर्ग का आयोजन किया 21 दिसंबर को किया जायेगा । बालिवाल प्रतियोगिता का आयोजन पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। जिला ओलम्पिक संघ के जनरल सेक्रेटरी सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 7 व 8 दिसंबर को महाशक्ति इंटर कॉलेज बिहसड़ा में पुरुषों का भी प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। जिला ओलंपिक एवं वालीबाल संघ के महासचिव एस.पी. त्रिपाठी के अनुसार विजय वर्मा जी अध्यक्ष जिला सहकारी संघ मिर्जापुर, सोनभद्र को इस चैंपियनशिप का (अध्यक्ष संयोजक) बनाया गया है ।जबकि पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सुरेश कुमार वर्मा को (आयोजन सचिव) होंगे। उक्त चैंपियनशिप में जनपद की टीम का चयन भी किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी प्रादेशिक चैंपियनशिप जौनपुर में भाग लेंगे।इस चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह दिनांक 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सायं 4 बजे किया जाएगा। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को निशुल्क भोजन तथा विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने सभी कोच एवं टीम प्रबंधकों से आग्रह किया है कि प्रातः 9 बजे क्रीड़ा संकुल पर अपनी टीमों के साथ अवश्य उपस्थित हों ,जिससे मैच समय से आरंभ किया जा सके।

### गोकुल के कहर में बिखरी तमिलनाडु की टीम उत्तर प्रदेश की टीम ने जीता अपना पहला मैच

रवि ने बनाई शानदार 70 रन बने मैन ऑफ द मैच



**मीरजापुर।** विजयवाडा आंध्र प्रदेश में चल रहे नागेश ट्रॉफी ब्लाइंड क्रिकेट टी 20 नेशनल टूनार्मेंट के आठवां संस्करण में। उत्तर प्रदेश की टीम ने अपना पहला मैच सात विकेट से जीत लिया है पहले उत्तर प्रदेश के कैप्टन शौकत अली ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। निर्धारित 20 ओवर में तमिलनाडु की टीम ने 135 रन बनाकर उत्तर प्रदेश की टीम को 136 रनों का टारगेट दिया। उत्तर प्रदेश की तरफ से गोकुल वर्मा ने शानदार बोलिंग करते हुए तीन ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट लिया। उत्तर प्रदेश के कप्तान शौकत अली द्वारा शुरुआती ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में दो विकेट लिए वही उत्तर प्रदेश के ऑलराउंडर की भूमिका निभा रहे बालमुकुंद चतुर्वेदी द्वारा सधी हुई गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 20 रन दिए हालांकि विकेट नहीं प्राप्त कर पाए परंतु उनके द्वारा सधी हुई गेंदबाजी करने का नतीजा रहा की बाकी गेंदबाजों द्वारा विकेट प्राप्त किया गया। वही जब उत्तर प्रदेश की टीम बल्लेबाजी करने के लिए उतरी तो विक्रम सेन और रवि वर्मा द्वारा सधी हुई शुरुआत करते हुए उत्तर प्रदेश को जीत दिलाई। उत्तर प्रदेश की तरफ से विक्रम सेन ने 31 वही रवि वर्मा ने 44 गेंद में 70 रनों की शानदार पारी खेली उसी का नतीजा रहा कि उत्तर प्रदेश की टीम ने 14 ओवर एक गेंद में लक्ष्य को प्राप्त किया। गौरव बिंद ,दिनेश, उस्मान के द्वारा बेहतरीन फील्डिंग पेश की गई। शानदार बल्लेबाजी करने पर रवि वर्मा को मैन ऑफ़ द मैच से पुरस्कृत किया गया।

### पुरैनिया फाउंडेशन के सौजन्य से जरूरत मंदों में बंटा कंबल

**चुनार, मीरजापुर ।** पुरैनिया फाउंडेशन की ओर से सोमवार को जरूरतमंद लोगों के बीच गरम कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने पूर्व ग्राम प्रधान राकेश सिंह, अनूप कुमार वर्मा, राष्ट्रीय समन्वयक संजय वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष अमन वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) अभय कुमार वर्मा,अजीत कुमार वर्मा सहित अन्य गणमान्य व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के अनुसार फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण समाज के हित में जनपद स्तर पर और भी सेवा कार्य किए जायेंगे।

# विन्ध्य धाम सेवा समिति के तत्वावधान में विंध्य धाम महोत्सवक्ककार्यक्रम आयोजित हुआ

● मां के चरणों में कजली महोत्सव कलाकारों ने प्रस्तुति दी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में विंध्य धाम सेवा समिति के तत्वाधान में सोमवार की रात विंध्य धाम परिसर मे विंध्य धाम महोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया। समिति के तहत आयोजित विंध्यधाम महोत्सव में ख्यातिलब्ध कला-साधकों ने अपनी प्रस्तुतियों को माता के चरणों में समर्पित किया। वाराणसी, इलाहाबाद, औरंगाबाद, बिहार , जौनपुर, लखनऊ,मिर्जापुर के कलाकारों सहित कई अन्य हिस्सो से आए कलाकारों ने अपने देवी गीत गायन, वादन, एवं नृत्य की प्रस्तुतियों से भक्तों को खूब प्रसन्न किया। विंध्य धाम महोत्सव का शुभारंभ माँ की चारो श्रृंगार आरती सेवा से होती है उसके बाद चंडी पाठ कन्या पूजन भण्डारा भोग वितरण जैसी अनेक सेवा पुरे दिन माँ के प्रांगण में चलती है और संध्या कल में जागरण का आयोजन अतिभव्य रूप में किया जाता है.. जागरण की शुरुआत मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली एवं काशी क्षेत्र के संत दिव्य विष्णुप्रिय पाण्डेय जी के साथ समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मां विंध्यवासिनी देवी के विधिवत पूजन-अर्चन व दीप जलाने के साथ किया।पौष कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि सोमवार की रात कलाकारों के देवी गीतों के माध्यम से नृत्य का आनंद लेते रहे।भजन गायक भानु प्रताप ने सर्वप्रथम गणेश वंदना से विंध्य महोत्सव कार्यक्रम का आगाज किया उन्होंने जय मां काली जय मां दुर्गे विंध्याचल की पर्वत वाली सहित कई अन्य प्रस्तुत किया भजन गायक विकास इलाहाबादी ने जगराते की रात आई, भजन गायक प्रवीण सिंह ने निमिया के डार मैया झुलेली झुलनवा, भजन गायक भजन गायिका वर्षा तिवारी ने बड़ी शेर पर सवार रुपवा मनवा मोहत बा, भजन गायक विक्की तिवारी ने बम बम बोल रहा है काशी, कथक कलाकार रवि सिंह ने मां के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई इसके अलावा भजन गायक सनी सिंह मनीष मनचला पूजा गुप्ता दिशा पटेल ने भी मन के चरणों में अपने-अपने गीतों के माध्यम से मां के चरणों में दी हाजिरी मंच का संचालन कमलेश पांडेय ने किया। कार्यक्रम के प्रबंधक मां विंध्यवासिनी जागरण ग्रुप पंकज अग्रहरि ने किया एवं सभी कलाकारों के साथ कुशल संगत किया समिति द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं सभी कलाकारों का मां की चुनरी एवं अंग वस्त्र भेंट कर सभी का स्वागत एवं सम्मान किए गए। इस दौरान संस्था के संस्थापक पंडित आशीष पांडेय, अध्यक्ष शेखर पांडेय, मंत्री अनमोल त्रिपाठी, सचिव विश्वनाथ पांडेय ,सह मंत्री अभिषेक पांडेय, कोषाध्यक्ष चंद्रमणि मिश्रा, व्यवस्थापक अजय मिश्रा ,सहव्यवस्थापक विकास त्रिपाठी, एवं सदस्य सूरज भट्ट,रामगढ़ से ओमसिंह व मनीष कुमार सिंहसपरिवार, डॉक्टर दिनेश दुबे, मनोज झा, विष्णु प्रिय पांडेय, विक्रम सिंह, शशांक गोस्वामी( आधारशिला) सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क बाल योग संस्कारशाला कि दूसरे दिन बच्चों ने किया सूर्यनमस्कार का अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में नगर के कजरहवा पोखरा पुलिस लाइन स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय निशुल्क बाल योग संस्कारशाला के दूसरे दिन राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने बच्चों को सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। योग गुरु ने कहा कि सूर्यनमस्कार शरीर के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है , यह शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है ,पाचन तंत्र में सुधार कर ,रक्त संचार को संतुलित कर शरीर को हृष्ट पुष्ट और मजबूत बनाता है , अतः नियमित रूप से सूर्यनमस्कार का केवल पांच से सात आवृत्ति अभ्यास करने वाले व्यक्ति का शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य मजबूत होता हैं। तथा अगर किसी के पास समय का अभाव है तो वह व्यक्ति रोज केवल सूर्यनमस्कार का अभ्यास कर ले , तब भी उसका जीवन स्वस्थ और सुंदर हो बन सकता है। इस अवसर पर मुख्य महिला केंद्रीय प्रभारी संगीता व्यास ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को प्रातः काल जागरण के बाद धरती मां को प्रणाम करते हुए अपने माता-पिता को प्रणाम करना चाहिए तत्पश्चात किसी कुचालक वस्तु जैसे दरी चटाई या किसी मैट पर बैठकर एक गिलास गुनगुने पानी का प्रयोग कर दिन की शुरुआत करनी चाहिए। क्योंकि ठंड के मौसम में प्रातः काल बासी मुंह गुनगुने जल के सेवन करने वाले लोगों को किसी पर भी प्रकार की गैस की समस्या कब्ज की समस्या या पेट सम्बंधी समस्याओं से हमेशा के लिए छुटकारा मिल सकता है। इस अवसर पर रतन जॉनसन ने कहा कि आज हर घर में कोई न कोई व्यक्ति , किसी न किसी रोग से पीड़ित है , जो कि एलोपैथिक दवाइयों के सेवन से थक चुके है। और उनकी समस्या का कहीं कोई समाधान नहीं दिख रहा , अगर वह लोग भी प्रतिदिन योग करना प्रारंभ कर दें , तो अपनी हर प्रकार की बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं। योग संस्कारशाला के दूसरे दिन अंत में योग गुरु ने बच्चों को भजन का अभ्यास कराते हुए कहां की योग की शरण में जिसका निवास होगा जग में कभी ना उसका चेहरा उदास होगा , अंत में बच्चों को हास्य आसन के साथ शांति पाठ कराते हुए द्वितीय दिवस के योग सत्र को पूर्ण किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी युवा भारत प्रवीण मौर्या ने अपने कुशल संचालन में कार्यक्रम को भव्य बनाया । योग संस्कारशाला कार्यक्रम में प्रतीक्षा शिवम दीपांशु भावना शालिनी संस्कृति संस्कार काव्या विधि प्रियल शिवांशी वैष्णवी राजलक्ष्मी अदिति शिवानी वेद आर्यन रितिका संग आदि बच्चों ने योग सत्र में हिस्सा लिया।

# स्वच्छता कार्यों व अंत्येष्टि स्थल की प्रगति पर जिलाधिकारी ने की समीक्षा,समयबद्धता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश

● प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट,गोबरधन योजना,मॉडल ग्राम, भदोही स्वच्छता मार्ट आदि आयामों पर डीएम ने की समीक्षा

● प्रत्येक ग्राम पंचायत में आरआरसी संचालन, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और शौचालय शत-प्रतिशत कराए क्रियाशील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी के कार्यक्रम व अंत्येष्टि स्थल की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट की प्रगति, गोबरधन योजना, मॉडल ग्राम के विभिन्न स्तर, भदोही स्वच्छता मार्ट आदि आयामों पर भी समीक्षा हुई। समीक्षा में स्वच्छता ही सेवा 2025 प्रगति पर विचार,ग्रामों में आर आर सी निर्माण की स्थिति, आर आर संचालन की स्थिति, मॉडल ग्राम के विभिन्न स्तरों की स्थिति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति का विवरण, जनपद के ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय में नियुक्त केयरटेकर की स्थिति आदि की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन के सभी अभियानों, कार्यक्रमों को समय सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो आरआरसी सेन्टर बन गये है, जो आरआरसी सेन्टर निर्माणाधीन है की प्रगति अगले बैठक में सभी फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराने की हिदायत दी। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत शौचालय हेतु जो पात्र व्यक्ति छुटे हैं उनका ऑनलाइन आवेदन करा कर ग्राम प्रधान से सर्टिफिकेट ले लें कि, इसके अलावा अब कोई पात्र व्यक्ति ग्राम में नहीं छूटा हैं। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी का संचालन जल्द ही सुनिश्चित हो।जिन ग्राम पंचायत में आरआरसी केंद्र बन गया है, उन ग्राम पंचायत में क्वालिटी के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराए कूड़ा का सेग्रीगेशन भी करने का निर्देश संबंधित ग्राम पंचायत के अधिकारियों को दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति का विवरण लक्ष्य के क्रम में 7260, व डीडीडब्ल्यूएस बेवसाइट पर ऑनलाईन पेन्डिंग प्रार्थना पत्रों की संख्या 8114, विकास खण्डों से प्राप्त सत्यापन पात्र लाभार्थियों की संख्या 4364, विकास खण्डों से अवशेष सत्यापन पात्र लाभार्थियों की संख्या 2896 है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के क्रियाशीलता की स्थिति में विकास खण्डों में स्थित ग्राम पंचातयों की कुल संख्या 546, क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों की संख्या 540, क्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों का 99.34 प्रतिशत, अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों के ग्राम पंचायतों की संख्या 06 अवशेष है। डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अन्दर शत-प्रतिशत शौचालय क्रियाशील कराने का निर्देश दिया। भारत सरकार के पोर्टल पर मॉडल कैटेगरी में मार्क किए गए राजस्व ग्रामों को उनके मार्ग किए गए तिथि से 90 दिनों के बाद ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा वेरिफिकेशन किया जाना है अधिक राजस्व ग्रामों का वेरीफिकेशन रिपोर्ट अपलोड किया जा चुका है। शेष बचे पेंडिंग वेरिफिकेशन को भी जल्द ही वेरीफाई करने का निर्देश डीएम ने निर्देश दिया। । बैठक में शौचालयों के प्रगति, चयनित मॉडल गॉव, शौचालयों के रेट्रोफिटिंग के प्रगति बिन्दुओं पर बल दिया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, डीसी मनरेगा राजाराम, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ.सरोज पांडेय, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक ने विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण पश्चात किया एसआईआर समीक्षा बैठक

● विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि के साथ रोल प्रेक्षक ने की एसआइआर समीक्षा बैठक

● मंडलायुक्त ने औराई विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या-200, 201 व 202 काशीराज इंटर कालेज का स्थलीय निरीक्षण कर दिया निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही**-मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक , विन्ध्याचल मण्डल ,मीरजापुर राजेश प्रकाश ने विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण पश्चात उनके अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार भदोही में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 विषयक बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार व विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ संपन्न हुई। जनपद भदोही में कुल 03 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हैं। जनपद में पंजीकृत 1233324 मतदाताओं के सापेक्ष अब तक 1024044 मतदाताओं का (83.03%) गणना प्रपत्र कलेक्टेड / डिजिटाइज्ड हो चुके हैं, जिसमें 392-भदोही विधानसभा क्षेत्र में 81.48%, 393-ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र में 83.6% एवं 394-औराई विधानसभा क्षेत्र में 84.21% मतदाताओं के गणना प्रपत्र कलेक्ट हो चुके हैं। अवगत कराया गया कि जनपद के सभी विधान सभा क्षेत्रों में बीएलओ बीएलए की बैठकें 12 एवं 13 दिसम्बर 2025 को सम्पन्न हो चुकी है, जिनमें एएसडीडी ( अब्सेंट,सिफ्टेड, डेथ, डुप्लीकेट) की सूची राजनैतिक दलों द्वारा तैनात किये गये। सम्बन्धित बीएलए को उपलब्ध कराते हुए उनसे उनका निरीक्षण कर फीड बैंक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जनपद के अनकलेक्टेड एएसडीडी गणना प्रपत्रों के सम्बन्ध में ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 को निर्देशित किया गया कि एएसडीडी के रूप में चिन्हित मतदाताओं का अगले 03 दिनों में अतिरिक्त कर्मी लगाकर घर-घर बी0एल0ओ0 एवं सहयोगी टीम भेजकर इस आशय का सप्रमाणन पुनः सत्यापन करा लें कि वास्तव मे सम्बन्धित मतदाता एएसडीडी श्रेणी के ही है। सभी ईआरओ एईआरओ को निर्देशित किया गया कि यदि मतदाता दिये गये पते पर नहीं पाये जाते हैं तो उनके आस-पड़ोस के 02 व्यक्तियों से इस आशय की गवाही करा ली जाये कि सम्बन्धित मतदाता वास्तव में त?दनिवास से अन्यत्र शिफ्ट हो गये हैं। यदि आस-पड़ोस के व्यक्ति हस्ताक्षर करने को तैयार नही हों तो ऐसे गणना प्रपत्र पर उन पडोसियों का नाम व मोबाईल नम्बर दर्ज करके यह अंकित कर दिया जाये कि उन्होंने मौखिक रूप से तो बताया है परन्तु हस्ताक्षर करने से मना कर दिया है। जनपद में अभी भी अनमैप्ड मतदाताओं की संख्या 86153 (8.41%) है। सभी ई0आर0ओ0 / उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में बूथवार मैपिंग कार्य की स्वयं समीक्षा करें तथा जहां पर औसत से कम मैपिंग हुई है उन बूथों पर अतिरिक्त कर्मी लगाकर अगले 03 दिनों में गुणवत्तापूर्ण मैपिंग का कार्य पूर्ण करा लें। जनपद की ग्रामीण पृष्ठभूमि के कारण सम्भावना है कि अधिकतर मतदाता कृषि कार्य अथवा मजदूरी हेतु दिन में घर से निकल जाते होंगे। सम्बन्धित समस्त ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 को निर्देशित किया गया कि पुनर्सत्यापन हेतु क्षेत्र भ्रमण प्रातः 8 बजे से ही प्रारम्भ कर दिया जाये ताकि लोग आसानी से अपने घरों में ही मिल जाय। ए0एस0डी0डी0 मतदाता के सम्बन्ध में लिखित सूचना के साथ-साथ फोटोग्राफ्स, शार्ट वीडियो भी बना लिया जाये। इसके अतिरिक्त इस कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र कार्यवृत्त, उपस्थिति एवं पावती पर भी सम्पूर्ण विवरण अंकित कराते हुए सम्बन्धित बी0एल0ए0 को सूची देने के प्रमाणन हेतु उनके हस्ताक्षर भी प्राप्त कर लिया जाये। नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु बी0एल0ओ0 के माध्यम से फार्म-6 एवं घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) के वितरण का कार्य किये जाने एवं उनको भरवाकर अग्रिम कार्यवाही समयबद्ध तरीके से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 हेतु जिला प्रशासन द्वारा कराये गये कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। मंडलायुक्त द्वारा 394-औराई विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या-200, 201 व 202 काशीराज इंटर कालेज औराई का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया, जिसमें सम्बन्धित ई0आर0ओ0 / ए0ई0आर0ओ0 के साथ सम्बन्धित बूथों के बी0एल0ओ0 क्रमशः सुरेश कुमार यादव शिक्षा मित्र, हरिशंकर सहायक अध्यापक एवं श विद्या मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा सम्बन्धित बूथों के बी0एल0ए0 भी उपस्थित रहे। सत्यापन में यह पाया गया कि सम्बन्धित बी0एल0ओ0 द्वारा ए0एस0डी0डी0 के सम्बन्ध में डाकूमेंटेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है। पुनः निर्देशित किया गया कि ए0एस0डी0डी0 मतदाताओं का सत्यापन सावधानीपूर्वक किया जाय ताकि किसी सही मतदाता का नाम त्रुटिवश छूटने न पाये और किसी गलत व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ा न रह जाये। बैठक मे समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी / प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में एस0आई0आर0 का कार्य संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है। उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से समन्वय भी अच्छा है। उपर्युक्त बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य समस्त ईआरओ, एईआरओ एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# भदोही में अपने ही बड़ें भाई ने रची साजिश, फर्जी हस्ताक्षर से बेची गाड़ी, मारपीट कर छीनी सोने की माला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**औराई,भदोही**, जिले के औराई थाना क्षेत्र के बनौली गांव में परिवारिक रिश्तों को तार-तार करने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मुंबई में बैंक में नौकरी करने वाले भरत मिश्रा अपने भाई राकेश मिश्रा, भतीजे अंकित मिश्रा और वाराणसी के श्यामबहादुर प्रजापति के हाथों धोखाधड़ी व हिंसा का शिकार हो गए। आरोपियों ने भरत की टाटा सफारी कार को फर्जी हस्ताक्षर से बेच दिया, उनके साथ मारपीट की, घर में तोड़फोड़ की और गले से कीमती रुद्राक्ष वाली सोने की माला छीन ली। अनुमानित नुकसान करीब 50 हजार रुपये बताया जा रहा है। पीड़ित भरत मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि घटना दोपहर 12 बजे की है। आरोपी अंकित और राकेश उनके घर पहुंचे और गालियां देते हुए कहा, 'तेरी सफारी हमने बेच दी, जो करना है कर ले।' जब भरत ने कार के कागजात मांगे तो आरोपियों ने उन पर लात-घूंसे बरसाए। जान बचाकर घर में घुसे भरत का पीछा करते हुए आरोपी अंदर घुस आए और फर्नीचर व सामान तहस-नहस कर दिया। इस दौरान गले से सोने की माला भी छीन ली गई। धोखाधड़ी की कहानी और भी गहरी है। अंकित ने कबूल किया कि भरत के फर्जी हस्ताक्षर से नोटरी कराकर कार श्यामबहादुर को मात्र 80 हजार रुपये में बेच दी। इसमें 35 हजार यूपीआई से और 45 हजार नकद मिले। टाटा कंपनी के रिकॉर्ड से पता चला कि कार 26 अप्रैल 2025 को ट्रांसफर हो गई। भरत उस समय मुंबई में थे, उनका अटेंडेंस रजिस्टर इसका सबूत है। घटना के प्रत्यक्षदर्शी अंबुज, चंद्रप्रकाश समेत कई ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपियों की दबंगई नहीं रुकी। वे धमकी दे रहे हैं कि परिवार को जान से मार देंगे और संपत्ति कब्जा लेंगे। औराई थाने में सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन भरत ने एसपी से एफआईआर दर्ज कराने और आरोपियों पर सख्त एक्शन की गुहार लगाई है। यह मामला न केवल परिवारिक विवाद का, बल्कि पुलिस की कथित सुस्ती का भी उदाहरण बन रहा है। ग्रामीणों में आक्रोश है कि दबंगों को संरक्षण मिल रहा है। पुलिस अब क्या कार्रवाई करती है, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं। पीड़ित को न्याय कब मिलेगा, यही बड़ा सवाल है।

# चौबेपुर में ऐतिहासिक इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण, ग्रामीण को मिली नई गति की विकास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**औराई,भदोही** औराई विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मणा के चौबेपुर क्षेत्र में सोमवार को एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ हुआ। ब्लॉक प्रमुख माननीय श्री बृजमोहन मिश्रा (विकास) जी ने ऐतिहासिक इंटरलॉकिंग रोड का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने समारोह को और भी भव्य बना दिया। विकास मिश्रा ने कहा कि नई इंटरलॉकिंग सड़क ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाएगी तथा स्थानीय निवासियों के लिए दैनिक जीवन में बड़ी राहत प्रदान करेगी। बारिश के दिनों में कीचड़ और असुविधा से जूझने वाले ग्रामीणों को अब मजबूत और टिकाऊ सड़क की सुविधा मिलेगी, जो क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित रहे आदरणीय सुभाष चौबे, बेचूलाल (क्षेत्र पंचायत सदस्य), ज्वाला चौबे, ओमप्रकाश मिश्रा (क्षेत्र पंचायत सदस्य, मुन्नू चौबे,त्रिभुवन चौबे जी, प्रफुल्ल कुमार चौबे जी, विजय कुमार जी (पूर्व प्रधान),रिंकू दुबे एडवोकेट , कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने ब्लॉक प्रमुख श्री बृजमोहन मिश्रा जी के नेतृत्व की सराहना की और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों में इस लोकार्पण को लेकर खुशी की लहर है और उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे। यह विकास कार्य पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्रामीण को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। क्षेत्रवासियों ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और आगे भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा की।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर घूरपुर में सख्त कार्रवाई,42 वाहनों का चालान



**ब्यूरो प्रयागराज।** तहसील बारा अंतर्गत घूरपुर थाना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा, अब्दुस सलाम खान के नेतृत्व में बुधवार को व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना प्रपत्रों के संचालित हो रही डग्गामार प्राइवेट बसों सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 6 डग्गामार प्राइवेट बसों को सीज किया गया।जांच में पाया गया कि यह बसें बिना परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, और बीमा के ही सड़क पर दौड़ रही थी। जिससे यात्रियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ था। सहायक पुलिस आयुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस प्रकार के वाहनों के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए,और नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा चेकिंग के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को मिलाकर कुल 42 वाहनों को सीज किया गया।इसमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले, बिना सीट बेल्ट के चारपहिया चलाने,वैध दस्तावेज न होने, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालक शामिल थे। कई वाहन चालकों को मौके पर ही नियमों की जानकारी दी गई,और भविष्य में सावधानी बरतने की भी चेतावनी दी गई। सहायक पुलिस आयुक्त अब्दुस सलाम खान ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस प्रकार का अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि डग्गामार वाहन न केवल कानून का उल्लंघन करते हैं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं। ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता है। अभियान के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही,जिससे चेकिंग प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सकी।

### सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा ने टोंस नदी पर अवैध बालू खनन पर, लगाई रोक



**प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान द्वारा थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत टोंस नदी के संचालित घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर बालू का अवैध खनन होता देखा। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्होंने संबंधित घाटों को बंद कराया प्राप्त जानकारी के अनुसार, लंबे समय से टोंस नदी के विभिन्न घाटों पर बिना अनुमति और नियमों को दरकिनार कर बालू का अवैध खनन किए जाने की शिकायत पर मिल रही थी।इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सहायक पुलिस आयुक्त ने भारी पुलिस बल के साथ घाटों पर पहुंचकर उन्हें बंद करा दिया।उन्होंने कहा कि बिना वैध प्रपत्रों के बालू निकासी किसी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। इससे नदी के पर्यावरण और आसपास के गांवों के लिए भी खतरा उत्पन्न होगा।कार्रवाई के दौरान घाट पर मौजूद लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए उन्होंने अवैध खनन तत्काल प्रभाव से बंद कराया।सहायक पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा, कि यदि भविष्य में इस घाट पर दोबारा खनन शुरू किया गया, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,और ऐसे मामलों में दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

अब्दुल सलाम खान ने बताया कि अवैध बालू खनन से नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ जा रहा है, जिससे कटाव, बाढ़ और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं और स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने खीरी थाना पुलिस को निर्देश दिए कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, और किसी भी संबंधित गतिविधि की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को भी दी जाए। प्रशासन की इस पहल से लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है। एसीपी कौंधियारा ने आम लोगों से भी अपील किया कि यदि कहीं भी घाटों पर संदिग्ध गतिविधियां दिखाई पड़े, तो बेहिचक पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो जाए।

# माघ मेला 2026: स्नान पर्वों पर शहर बनेगा नो-व्हीकल जोन, सुरक्षा के लिए लागू होंगे 8 इमरजेंसी प्लान

**● 44 दिन, 6 महापर्व, 250 सीसीटीवी और पांच जोन में बंटा मेला–पुलिस का अब तक का सबसे बड़ा मेगा प्लान।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला 2026 को लेकर प्रयागराज पुलिस ने श्रद्धालुओं के नियंत्रित आगमन और सुरक्षित वापसी के लिए व्यापक और सख्त मेगा प्लान तैयार किया है। प्रमुख स्नान पर्वों पर मेला क्षेत्र ही नहीं, पूरा शहर नो-व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा, ताकि भीड़ प्रबंधन और आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाला माघ मेला इस बार 44 दिनों तक चलेगा, जिसमें छह प्रमुख स्नान पर्व और 22 सामान्य पर्व शामिल हैं। इन सभी अवसरों पर विशेष ट्रैफिक और सुरक्षा प्लान लागू रहेगा। इस बार मेला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए मेला क्षेत्र को तीन के बजाय पांच जोन में बांटा है। हर जोन की कमान एएसपी के हाथ में होगी। वहीं, सर्किल की संख्या आठ से बढ़ाकर नौ कर दी गई है, जहां डीएसपी तैनात रहेंगे। माघ मेला 2026 में थानों की संख्या 14 से बढ़ाकर 17 कर दी गई है। चौकियों की संख्या 42 कर दी गई है, जबकि स्नान घाटों को 24 से बढ़ाकर 31 किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 42 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जहां एक लाख 30 हजार से अधिक वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मेला क्षेत्र में पुलिस लाइन और यातायात लाइन भी पूरी तरह तैयार कर ली गई है। श्रद्धालुओं के लिए खोया- पाया केंद्रों की संख्या बढ़ाकर सात कर दी गई है। महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों पर नजर रखने के लिए सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। मेला क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनमें 150 एआई आधारित होंगे। वहीं, पूरे शहर में पहले से ही 1152 कैमरे निगरानी में लगे हैं। एसपी मेला नीरज पांडेय ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आठ विशेष इमरजेंसी प्लान तैयार किए गए हैं। संगम पर अत्यधिक दबाव की स्थिति में पहले प्लान के तहत श्रद्धालुओं को रामघाट और हनुमान घाट की ओर डायवर्ट कर स्नान कराया जाएगा। दूसरे प्लान के अंतर्गत झूंसी की ओर से संगम की इंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएगी।तीसरे प्लान में फोर्ट रोड, जीटी जवाहर से पटेल संस्थान होते हुए काली मार्ग-दो से श्रद्धालुओं की आवाजाही कराई जाएगी। चौथे प्लान के तहत सीएमपी क्षेत्र से भीड़ को जार्जटाउन थाना होते हुए सोहबतियाबाग डाट पुल की ओर मोड़ा जाएगा। पांचवें प्लान में मेडिकल चौराहा से बक्शी बांध और नागवासुकि मार्ग से प्रवेश दिया जाएगा। छठे प्लान के अनुसार पुराने शहर से आने वाले श्रद्धालुओं को पुराने पुल से अरैल की ओर भेजा जाएगा। सातवें प्लान के तहत आवश्यकता पड़ने पर हनुमान मंदिर और अक्षयवट के दर्शन अस्थायी रूप से बंद किए जाएंगे। वहीं, आठवें और अंतिम प्लान में हालात गंभीर होने पर नावों का संचालन भी रोक दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन का दावा है कि यह मेगा प्लान माघ मेला 2026 को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए यादगार बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, ताकि आस्था का यह महापर्व बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

# कोहरे ने छीन ली एक ज़िंदगी: यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसे में भाजपा नेता राजू यादव की मौत

**● बस-कार की भीषण टक्कर, आग का तांडव; तीन साथी गंभीर घायल, प्रतापपुर में पसरा मातम।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** के प्रतापपुर क्षेत्र के निवासी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ राजू यादव की यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा घने कोहरे के कारण हुआ, जब एक्सप्रेसवे पर दृश्यता बेहद कम हो गई और एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। जानकारी के अनुसार, राजू यादव अपनी कार से दिल्ली की ओर जा रहे थे। मथुरा के समीप अचानक घने कोहरे में बस और कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक इलेक्ट्रिक बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिसने आसपास खड़ी कई कारों और बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

आग और टक्कर के बीच अफरा-तफरी मच गई। हादसे में राजू यादव के साथ यात्रा कर रहे तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। राजू यादव को बचाया नहीं जा सका। इस भीषण दुर्घटना में उनके अलावा भी कई लोगों की मौत की खबर है, जबकि सैकड़ों लोग घायल बताए जा रहे हैं। अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ राजू यादव भारतीय जनता पार्टी के प्रभावशाली और जमीनी नेता माने जाते थे। वह थाना सराय ममरेज क्षेत्र के निवासी और स्वर्गीय बंशीधर यादव के पुत्र थे।



पिता के निधन के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और अपने सरल स्वभाव व सक्रियता के बल पर क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई। वह कई मंत्रियों के करीबी भी माने जाते थे। राजू यादव के निधन की खबर जैसे ही प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में फैली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। हजारों की संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि और संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। उनके परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। एक हंसता-खेलता परिवार आज गहरे दुख में डूबा है। यह हादसा न सिर्फ एक नेता की मौत है,बल्कि क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसने हर आंख को नम और हर दिल को भारी कर दिया है।

# प्रयागराज में एकता का प्रतीक बना तिरूवल्लुवर की प्रतिमा, दक्षिण से उत्तर तक संस्कृति का सेतु

**● राष्ट्र, एकता और विकसित भारत का संदेश लेकर हुआ प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार का दिन सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय चेतना का साक्षी बना, जब तमिलनाडु के महान संत, कवि और दार्शनिक तिरूवल्लुवर की नवीन प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह अवसर केवल एक प्रतिमा स्थापना का नहीं था, बल्कि भारत की आत्मा में बसने वाली 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को जीवंत करने का क्षण था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने इसे राष्ट्रमंदिर बताते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देता है। आज का समय परिवार, जाति या क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्र और भारत माता के लिए समर्पण का है। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित प्रयागराज की दिशा में सभी को मिलकर आगे बढ़ना होगा। तिरूवल्लुवर की प्रतिमा को उन्होंने सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बताया और कहा कि यदि उत्तर भारत की विभूतियां दक्षिण में सम्मान पा सकती हैं, तो दक्षिण के महान संतों की प्रतिमाएं उत्तर भारत में स्थापित होना भी राष्ट्रीय एकता का स्वाभाविक उदाहरण है। प्रयागराज की धरती पर स्थापित यह प्रतिमा केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि उस विचार की प्रतीक है जो भाषा, क्षेत्र और संस्कृति की सीमाओं से ऊपर उठकर पूरे भारत को एक सूत्र में बांधता है।

# क्षेत्र की नहरों में पानी न आने से गेहूं की बुवाई पर संकटों के बादल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बारा क्षेत्र में इन दिनों नहरों में पानी न आने से किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। रबी सीजन के बीच गेहूं की फसल की तैयारी जोरों पर है,लेकिन सिंचाई की समुचित व्यवस्था न होने के कारण किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।कई गांव में गेहूं की बुवाई हो चुकी है,जबकि कई स्थानों पर किसान अभी भी पानी के इंतजार में खेत खाली छोड़ने को मजबूर हैं। क्षेत्र के पहाड़ी और ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की किल्लत और भी गंभीर बनी हुई है। इन इलाकों में नलकूप और अन्य वैकल्पिक साधन भी सीमित हैं। जिससे किसानों की निर्भरता पूरी तरह नहरों पर ही रहती है,लेकिन समय से पानी न आने के कारण पहले से बोई गई गेहूं की फसल अब सूखने लगी है। खेतों में नमी की कमी साफ दिखाई दे रही है,जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। किसानों का कहना है,कि यदि समय रहते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया,तो गेहूं की पैदावार में भारी गिरावट होगी। एक किसान ने बताया कि बीज,खाद और मजदूरी पर पहले ही काफी धन खर्च हो चुका है।।

ऐसे में यदि अब पानी नहीं मिला तो पूरी लागत और मेहनत बेकार हो जाएगी।वहीं दूसरे किसान ने बताया कि डीजल पंप से सिंचाई करना सभी के बस की बात नहीं है,क्योंकि डीजल के बढ़ते दामों ने लागत और बढ़ा दी है। नहर में पानी न आने से गेहूं की बुवाई का कार्य भी पिछड़ता जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, गेहूं की समय पर बुवाई अत्यंत आवश्यक होती है, देरी होने पर फसल की बढ़वार प्रभावित होती है,और उत्पादन भी कम हो जाता है। क्षेत्र के कई गांव में किसान दिन-रात नहरो की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं,लेकिन केवल निराशा ही हाथ लगी है। किसानों ने प्रशासन से जल्द ही नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की है।



### सुरियावां-जौनपुर मार्ग बना खतरे का मार्ग, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**सुरियावां-जौनपुर** मुख्य मार्ग की स्थिति दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं तथा कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है, जिससे यह मार्ग अब खतरे का मार्ग बन गया है। किसी भी समय यहां बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। कई बार वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों व यात्रियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि सुरियावां-जौनपुर मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए तथा गड्ढों को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले ही उचित कदम उठाया जा सके। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह टूटी हुई सड़क किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इस अवसर पर नितेश उपाध्याय,कांग्रेस नेता प्रेमबिहारी उपाध्याय, प्रवीन चौरसियाप्रबंधक BPMG, आशीष सिंह जिलापंचायत सदस्य सहित कई लोगों ने की। मांग।

### डीसीपी यमुनानगर ने नैनी लेप्रोसी चौराहे का निरीक्षण किया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** 3 जनवरी से शुरू होने वाले माघ मेले की तैयारी बड़े पैमाने पर चल रही है। जिसे लेकर शासन और प्रशासन व्यापक रूप से प्लान के तहत कार्य को पूर्ण कराने में जुटे हुए है। मंगलवार को माघ मेले में तैयारी और आने वाली भीड़ के साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने नैनी लेप्रोसी चौराहे पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने एसीपी करछना अरुण कुमार त्रिपाठी और नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम को व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कड़ा निर्देश दिए।डीसीपी ने लेप्रोसी चौराहे पर बनाए गए पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले में आने वाले बड़े वाहनों को सुचारू रूप से खड़े होने के साथ आने वाली भीड को नियंत्रित करने का प्लान भी बताया।

डीसीपी ने निर्देश देते हुए कहा कि माघ मेले के दौरान आने वाली भीड़ और चौराहे पर लगने वाले जाम के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। जिससे भीड़ इकठ्ठा न हो और आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियां न हो। नैनी के लेप्रोसी चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से आने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी की जाएगी। चौराहे पर स्वास्थ्य सुविधा के लिए एंबुलेंस की भी सुविधा रहेगी। जिससे मौके पर किसी के बीमार होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि यात्रियों के लिए कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

# मुट्ठीगंज के शीश महल में दबंगों का तांडव, 30 साल पुरानी दुकान खाली कराने पहुंचे, दुकानदार का सिर फोड़ा

**● एक आरोपी हिरासत में, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर के मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शीश महल इलाके में शनिवार को दबंगई की एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां दुकान खाली कराने को लेकर जमकर बवाल और हिंसा हुई। आरोप है कि करीब 30 वर्षों से संचालित फोम की दुकान को जबरन खाली कराने के इरादे से पहुंचे दबंगों ने दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक हुई मारपीट में दुकान मालिक का सिर फट गया और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। हमले के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, जिससे तनाव का माहौल बन गया। गंभीर रूप से घायल दुकानदार को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके सिर में कई टांके लगाए। पीड़ित दुकानदार ने मुट्ठीगंज थाने पहुंचकर इलाके के ही कई दबंग लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से दुकान खाली कराने का दबाव बना रहे थे और धमकी दे रहे थे, विरोध करने पर शनिवार को यह हमला कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुट्ठीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने मारपीट में शामिल एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है और लोगों ने दबंगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# माघ मेला-2026 की तैयारियों का बड़ा रिव्यू, भव्यता, सुरक्षा और स्वच्छता पर सरकार का फोकस

**● 200% बढ़ा बजट, 90 करोड़ की तैयारी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** मंगलवार को सर्किट हाउस के सभागार में माघ मेला-2026 की तैयारियों को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक हुई, जिसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागवार प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक का केंद्र बिंदु स्पष्ट था–माघ मेला का आयोजन दिव्य, भव्य, सुरक्षित और स्वच्छ हो तथा श्रद्धालुओं को किसी भी स्तर पर असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में बताया गया कि माघ मेला- 2026 के लिए इस बार बजट में लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और कुल 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में की गई यह बढ़ोतरी सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी प्रतिबद्धता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालु,तीर्थयात्री,कल्पवासी, संत-महात्मा और संस्थाएं–सभी को समय से और समुचित सुविधाएं मिलनी चाहिए। माघ मेला अधिकारी ने मेले की बसावट, सेक्टरवार विकास और विभागीय तैयारियों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री ने कल्पवासियों की सुविधाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वे पूरे मेले की अवधि में क्षेत्र में रहते हैं, ऐसे में उनके लिए पानी, बिजली, शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे। पांटून पुलों और सड़कों के निर्माण को समय से पूरा करने, सभी सेक्टरों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति और शिविरों में कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, हर कैंप में पानी के कनेक्शन और शौचालयों की नियमित सफाई पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। सिंचाई और जल संसाधन विभाग को मेले के दौरान स्वच्छ, निर्मल और पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। प्रशासन ने नैनी, झूंसी, फाफामऊ और शहरी क्षेत्र में 42 पार्किंग स्थलों की पहचान, रेलवे के साथ मूवमेंट प्लान और अंतरजनपदीय-अंतरराज्यीय समन्वय की जानकारी दी। मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या स्नान पर्वों को देखते हुए भीड़ के लंबे समय तक बने रहने की संभावना पर विशेष तैयारी के निर्देश दिए गए। नई सड़कों, पुलों और ओवरब्रिजों को ट्रैफिक प्लान में शामिल कर श्रद्धालुओं की पैदल दूरी न्यूनतम रखने पर जोर दिया गया।

फाफामऊ सिक्स लेन ब्रिज, रिंग रोड और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रमुख प्रोजेक्टों की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए निर्देश दिए गए कि अटके और सुस्त चल रहे कार्यों की सूची बनाकर नियमित निगरानी की जाए, ताकि जनता को हो रही परेशानी दूर हो सके।बैठक में माघ मेला क्षेत्र में एक दिन सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, फाफामऊ और रसूलाबाद के विद्युत शवदाह गृहों को पूरी तरह क्रियाशील रखने, निर्धारित शुल्क ही लेने और बिलिंग काउंटर पर सीसीटीवी लगाने के आदेश दिए गए। इसके लिए जांच समिति गठित कर स्थलीय निरीक्षण और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक के समापन पर उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महाकुंभ- 2025 के बाद माघ मेला-2026 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसलिए प्रशासन का लक्ष्य यही होना चाहिए कि हर श्रद्धालु सुरक्षित आए, सुरक्षित स्नान करे और सुरक्षित अपने गंतव्य तक लौटे–इसी सोच के साथ सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं।

### ओवरलोड वाहनों की चेकिंग के दौरान चालक ने खनन निरीक्षक को कुचलने का किया प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कौशांबी।** ओवरलोड वाहनों की जांच करने के दौरान एक ट्रक चालक ने खनन निरीक्षक को कुचलने का प्रयास किया। हादसे में निरीक्षक और उनके स्टाफ के लोग बाल-बाल बच गए, जबकि सरकारी वाहन के परखच्चे उड़ गए।घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके कोखराज टोल प्लाजा के पास चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया।खनन निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह अपनी टीम के साथ कोखराज थाना क्षेत्र में ओवरलोड गिट्टी-बालू लदी वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक बालू लदा 16 चक्का ट्रक को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने स्पीड बढ़ा दी।

खनन निरीक्षक ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया,कि परसरा और रोही पुल के पास ट्रक चालक ने उनकी सरकारी गाड़ी में हत्या के इरादे से जोरदार टक्कर मारी,और भागने लगा।खनन निरीक्षक ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी।

इस पर कोखराज थाना प्रभारी चंद्र भूषण मौर्य ने फोर्स के साथ घेराबंदी कर आरोपी ट्रक चालक सूरज कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी बरीबोझ थाना नवाबगंज,जिला प्रयागराज को टोल प्लाजा के पास से पकड़ लिया।थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में चालक ने हत्या के इरादे से खनन निरीक्षक की सरकारी गाड़ी में टक्कर मारने का जुर्म स्वीकार किया है। मामले में हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।



## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में आरोग्य मंत्रा प्राइवेट लिमिटेड के हेड ऑफिस का कार्यालय पूजा समारोह संपन्न



**हजारीबाग, झारखंडः-** आरोग्य मंत्रा प्राइवेट लिमिटेड के हजारीबाग स्थित हेड ऑफिस में कार्यालय पूजा समारोह पूरे विधि-विधान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों, टीम लीडर्स एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कशम के केंद्रीय अध्यक्ष एवं बसपा के प्रदेश सचिव सतीश कुमार 'बबलू' के द्वारा फीता काटकर कार्यालय उद्घाटन के साथ किया गया। उन्होंने आरोग्य मंत्रा द्वारा स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फाइटर ग्रुप के सभी सम्मानित टीम लीडर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से डायरेक्टर रंजीत कुमार, सुशील कुमार मिश्रा तथा टॉप लेवल लीडर सुनील प्रसाद अपनी-अपनी टीम के साथ उपस्थित रहकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यालय पूजा के दौरान संगठन की एकता, अनुशासन और सेवा भाव का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला। वक्ताओं ने कहा कि आरोग्य मंत्रा केवल एक कंपनी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार के अवसर पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आरोग्य मंत्रा परिवार के लक्ष्य को दोहराते हुए संकल्प लिया कि हर घर तक अच्छा स्वास्थ्य एवं रोजगार पहुंचाने के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य किया जाएगा।

### साइबर सिक्योरिटी सह फाइनेंसियल मैनेजमेंट पर निःशुल्क एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**50 सीमित सीट के लिए आज से निःशुल्क पंजीकरण शुरू, 19 को प्रशिक्षण**

VISA Payments Cybersecurity Certified

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** सीएससी की निगरानी में वीज़ा कंपनी द्वारा प्रायोजित एक निःशुल्क एक दिवसीय साइबर सिक्योरिटी सह फाइनेंसियल मैनेजमेंट पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय स्थित स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर तथा डिजिटल पंचायत कोनरा में आयोजित होगा। दोनों स्थानों पर 50-50 प्रशिक्षणार्थियों के लिए सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को साइबर फ्रॉड से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान, तथा वित्तीय प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जाएँगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, युवाओं एवं व्यापारियों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाना और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा। वीज़ा कंपनी विश्वस्तरीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के रूप में जानी जाती है, जो सुरक्षित, तेज़ और भरोसेमंद भुगतान प्रणालियों के माध्यम से डिजिटल वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करती है। इसी कड़ी में सीएससी के सहयोग से यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम के लिए आज बुधवार से पंजीकरण प्रारंभ हो जाएगा। पंजीकरण हेतु आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। उक्त जानकारी कोनरा पंचायत के सीएससी संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी।

## सांसद कार्यालय में नव-नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का सांसद मनीष जायसवाल की ओर से हुआ भव्य अभिनंदन

**●संगठन की वास्तविक शक्ति से होगा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सशक्तः सत्येंद्र नारायण सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग जिले के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चतरा जिले के पिपरवार भाजपा मंडल और कोडरमा जिले के चंदवारा भाजपा मंडल के नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का भव्य अभिनंदन- सह-सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह और हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू के संयुक्त अध्यक्षता में हजारीबाग के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय परिसर में किया गया। जिसमें विशेषरूप से पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, कोडरमा जिला सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू, प्रेमचंद प्रसाद, टाटीझरिया प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रेणुका कुमारी, इन्द्रनारायण कुशवाहा, भाजपा नेता जयनारायण मेहता, बद्री मेहता, मुकुंद साव सहित स्थानीय भाजपा नेता राजेश चंद्रवंशी, आशेष कुमार सिन्हा, विजय वर्मा, मुखिया नारायण साव, तरुण कशेरा, सांसद कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा, विशेषांक, अमन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर आयोजित उक्त सम्मान समारोह में उपस्थित सभी नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का सांसद प्रतिनिधियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत-एवं-सम्मान किया गया। स्वागत के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, पीएम मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, नितिन नवीन जिंदाबाद, सांसद मनीष जायसवाल जिंदाबाद सहित अन्य नारे खूब बुलंद हुए और भाजपा कि नई टीम में एक नया जोश और उत्साह दिखा। समारोह में मंच संचालन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा ने और धन्यवाद ज्ञापन से भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा ने किया। समारोह को विशेषरूप से लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, रेणुका कुमारी और भाजपा नेता रमेश ठाकुर ने संबोधित किया। सत्येंद्र नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन कि वास्तविक शक्ति आप मंडल स्तर के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ताओं से ही है। आप अपने अनुभव को संगठन और जनहित में खपाएंगे तो निश्चित रूप से संगठन धारदार बनेगा और संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सशक्त होगा। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल की ओर से उन्हें आश्वस्त किया कि हम संगठन और जनहित के आपके हर प्रयासों में मिलकर कार्य करेंगे। आपके हर जरूरत में सहयोगी बनेंगे। अजय कुमार साहू ने सभी का सांसद मनीष जायसवाल कि और से संगठन में दायित्व पाने पर अभिनंदन किया। रेणुका साहू और रमेश ठाकुर ने सभी को नए दायित्व कि बधाई दी और विश्वास जताया कि आप सभी के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग में भाजपा ओर सशक्त बनेगा । उक्त सम्मान समारोह में विशेषरूप से नव नियुक्त बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव, मंडल प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर कुमार रजक, मंडल प्रतिनिधि अमित कुमार, चौपारण मध्य मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव, मंडल प्रतिनिधि मुकेश सिन्हा, पदमा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, मंडल प्रतिनिधि नारायण यादव, उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता, मंडल प्रतिनिधि मनीष कुमार पाण्डेय, विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रवि पांडेय, चूरचू मंडल अध्यक्ष शशि कुमार, मंडल प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, डाडी मंडल अध्यक्ष राजदीप प्रसाद, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुमार कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार रविदास, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, मंडल प्रतिनिधि अशोक प्रसाद मेहता, हजारीबाग नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्णा, मंडल प्रतिनिधि विवेक बरियार, दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, मंडल प्रतिनिधि विनोद राणा, पिपरवार मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो, मंडला प्रतिनिधि रीना देवी, चंदवारा मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, मंडल प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद राणा, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष अरुण राणा और टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह पहुंचे जिनका शानदार अभिनंदन और सम्मान हुआ ।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में सफल कैंपस प्लेसमेंट, टफकॉन एक्सटी कंपनी में 10 छात्र शॉर्टलिस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हजारीबाग, झारखंडः-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर खुले। इस अवसर पर प्रतिष्ठित टफकॉन एक्सटी कंपनी ने विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया। चयनित विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान टफकॉन एक्सटी कंपनी की ओर से झारखंड हेड रणविजय सिंह, सीनियर सेल्स मैनेजर रंजन झा, एचआर कोलकाता प्रमुख सुमन चक्र उपाध्याय तथा एचआर गिरीडीह कुंटल मौजूद रहे। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की तकनीकी समझ, संचार कौशल और कार्यक्षमता का आकलन करते हुए इंटरव्यू और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी की। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, उप कुलसचिव विजय कुमार, उप कुलसचिव ललित मालवीय, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी मनोज कुमार, इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष हिमांशु चौधरी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुखी बनाना है। कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से उद्योग और शिक्षा के बीच मजबूत सेतु स्थापित हो रहा है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता और सतत प्रशिक्षण का परिणाम है। समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि आने वाले समय में और भी प्रतिष्ठित कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वहीं टफकॉन एक्सटी कंपनी के झारखंड हेड रणविजय सिंह ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि चयनित छात्र कंपनी के लिए महत्वपूर्ण मानव संसाधन साबित होंगे। कार्यक्रम के समापन पर चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई और भविष्य में बेहतर करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया गया।

## जनता दरबार में गोमो लोको बाजार के सामूहिक रास्ते से अतिक्रमण दूर करने की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**धनबाद, झारखंडः-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनों की समस्या सुनी। इसमें गोमो लोको बाजार से आए लोगों ने वहां के एक सामूहिक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण के संबंध में उपायुक्त को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सामूहिक रास्ते से अतिक्रमण दूर करने की गुहार लगाई। वहीं तोपचांची से आए लोगों ने जमीन पर जबरन कब्जा कर रास्ता बंद करने की शिकायत उपायुक्त से की। जनता दरबार में जयरामपुर कोलियरी से आए व्यक्ति ने? जमीन का म्यूटेशन नहीं होने, पाथरडीह से आए व्यक्ति ने रजिस्ट्री एवं म्यूटेशन होने के बाद भी जमीन पर दखल कब्जा नहीं मिलने, टुंडी से आए व्यक्ति ने ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत कराने, राजगंज से आए व्यक्ति ने एनएच चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भाइयों द्वारा हड़प लेने की शिकायत की। वहीं प्रीत विहार कॉलोनी, हीरापुर से आई महिला ने सड़क के दोनों और बनी नालियों में एक तरफ की नाली बंद कर देने, झरिया बोरा पट्टी से आए व्यक्ति ने जल संकट दूर करने, बोर्रागढ़ में चल रहे अवैध जुआ संचालन बंद कराने सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने आम जनों की समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## आईआईटी आईएसएम ने आदिवासी महिलाओं के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**धनबाद, झारखंडः-** आईआईटी आईएसएम धनबाद ने मंगलवार से पश्चिम बंगाल में आदिवासी महिलाओं के लिए तीन दिवसीय मिलेट खेती और उद्यमिता पर आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के प्रो. नीलाद्रि दास, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, और प्रो. रश्मि सिंह, को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, कर रहे हैं। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक खेती, उद्यमिता और डिजिटल तकनीक के जरिए आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। राष्ट्रीय स्तर पर मिलेट को बढ़ावा देने, महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशी ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए इस पहल को पश्चिम बंगाल के सलमा गांव में लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम शुरू होने से पहले प्रो. नीलाद्रि दास और प्रो. रश्मि सिंह के मार्गदर्शन में एक विस्तृत सर्वे किया गया, जिसमें गांव की खेती की स्थिति, सामाजिक-आर्थिक हालात, उपलब्ध संसाधन और मिलेट खेती से जुड़ी समस्याओं का आकलन किया गया। इसी सर्वे के आधार पर जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं, ताकि कार्यक्रम का असर लंबे समय तक बना रहे। सलमा गांव की चयनित आदिवासी महिलाओं को विशेषज्ञों द्वारा कक्षा प्रशिक्षण, व्यवहारिक कार्यशालाओं और खेतों में प्रदर्शन के जरिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मिलेट की वैज्ञानिक खेती, छोटे व्यवसाय की शुरुआत, बिजनेस प्लान बनाना और डिजिटल माध्यम से उत्पादों की वैल्यू बढ़ाने, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर खास जोर दिया जा रहा है, जिससे महिलाएं केवल गुजारे की खेती से आगे बढ़कर बाजार से जुड़ा व्यवसाय कर सकें। कार्यक्रम के पहले दिन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग, कोलकाता के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. बिधान दास ने पैकेजिंग, लेबलिंग, कम लागत में बेहतर पैकिंग और एफएसएसएआई मानकों की जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को कैनवा जैसे आसान डिजिटल टूल्स की मदद से अपने मिलेट उत्पादों के लिए लोगो, लेबल और पैकेजिंग डिजाइन करना भी सिखाया गया। दूसरे दिन बाजार से जुड़ने और डिजिटल मार्केटिंग पर फोकस रहेगा। बीसीकेवी के डॉ. अभिजीत कुमार नंदी व्हाट्सऐप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए मार्केटिंग, ग्राहकों की पहचान और एफपीओ व रिटेल नेटवर्क से जुड़ने के तरीकों पर प्रशिक्षण देंगे। इस दौरान महिलाएं अपने ऑनलाइन बिजनेस पेज भी तैयार करेंगी। ार्यक्रम के अंतिम दिन व्यवसाय को आगे बढ़ाने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर चर्चा होगी। पीएमएफएमई, एसएफयूआरटीआई, एनआरएलएम और नाबार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महिलाएं अपने मिलेट आधारित व्यवसाय के विस्तार की योजना विशेषज्ञों के सामने रखेंगी, जिसके बाद समापन समारोह के साथ इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम को जमीन पर सफल बनाने में रोहित सिंह, सनी कुमार, सुमना बनर्जी और फिरदौस अंसारी की टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है। यह पहल कोल इंडिया लिमिटेड की ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।वहीं आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के लिए यह एक उदाहरण है कि कैसे अकादमिक ज्ञान और शोध को गांवों तक पहुंचाकर आदिवासी महिलाओं के लिए टिकाऊ और आत्मनिर्भर आजीविका के रास्ते खोले जा सकते हैं।

## हजारीबाग में हिस्ट्री क्लासेज कोचिंग का शुभारंभ, प्रतियोगी परीक्षाओं में इतिहास की भूमिका पर जोर

**●डॉ. अमरदीप यादव ने किया उद्घाटन, नेट/जेआरएफ व सिविल सेवा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग के हीरा बाग अटल चौक स्थित हिस्ट्री क्लासेज कोचिंग संस्थान का उद्घाटन भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमरदीप यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इतिहास विषय किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की आधारशिला है और सिविल सेवा, नेट/जेआरएफ सहित विभिन्न परीक्षाओं में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से इतिहास को गंभीरता से पढ़ने और इसे अपनी सफलता का मजबूत आधार बनाने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हितेंद्र अनुपम ने की। उन्होंने कहा कि इतिहास विषय निरंतर विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय रहा है और स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन के बाद नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करना शोध एवं शैक्षणिक करियर की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम होता है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी ने जानकारी दी कि नेट/जेआरएफ शोधकर्ता सुमित कुमार द्वारा इतिहास विषय के लिए हजारीबाग में यह पहला समर्पित कोचिंग संस्थान स्थापित किया गया है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। आनंदा कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को स्वयं ज्ञान का दीपक बनना चाहिए, ताकि एक से दूसरे में ज्ञान की ज्योति निरंतर प्रज्वलित होती रहे। वहीं चतरा कॉलेज, चतरा के इतिहास विभागाध्यक्ष विवेक आशीष बाखला ने आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के सभी प्राध्यापक इस शैक्षणिक पहल में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। उद्घाटन समारोह में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शोधार्थी अमरेंद्र आज़ाद, जय कुमार, माधुरी कुमारी, फरहीन सहित स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के तृतीय सेमेस्टर के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बुंडू में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार व नए भवन निर्माण को लेकर आम सभा आयोजित

**●बरही प्रखंड के बुंडू गांव में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर हुई व्यापक चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम बुंडू में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार एवं नए भवन निर्माण को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की जर्जर आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना, शिक्षण वातावरण को बेहतर बनाना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि स्थानीय मुखिया विजय यादव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत भवन और बेहतर संसाधन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विद्यालय के जीर्णोद्धार और नए भवन निर्माण के लिए संबंधित विभाग से समन्वय कर आवश्यक पहल की जाएगी।आम सभा के दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, जैसे भवन की जर्जर स्थिति, कक्षाओं की कमी, शौचालय एवं पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग रखी। आमसभा में बाबूलाल यादव, जागेश्वर यादव, पिंटू कुमार, संतोष यादव, मनोज पंडित, मुकेश कुमार, रामलखन यादव, मनीष कुमार, बासुदेव यादव, प्रदीप यादव, बिनोद यादव, धर्मेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, लालो पंडित, लक्ष्मण सिंह, राजकुमार यादव, बालगोविंद यादव, महेश यादव, सिकंदरा सिंह, आशा देवी, मुन्नी देवी, पिंकी देवी, प्रदीप कुमार यादव, जागेश्वर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आम सभा के अंत में सभी ने एकजुट होकर विद्यालय के विकास के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया और उम्मीद जताई कि जल्द ही विद्यालय का कायाकल्प होगा, जिससे क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

## बिनोदिनी पार्क के मुख्य पंडाल में गायन-वादन प्रतियोगिताएं संचालित हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव झूमर 2025 के अंतर्गत मंगलवार को विनोदिनी पार्क में अवस्थित मुख्य पंडाल में सबसे पहले सुगम संगीत (एकल गायन) प्रतियोगिता को संपन्न कराया गया। इसमें 14 प्रतिभागियों ने प्रवेश लिया। उसके बाद फोल्क आरकेस्ट्रा का आयोजन हुआ। इसमें 06 महाविद्यालयों ने प्रवेश लिए। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित दर्शक गण को मोहित किया। इसमें निर्णायक मंडली के सदस्य के रूप में सिद्धार्थ वत्स, श्रीकांत दुबे, अशोक कुमार सिन्हा तथा कुमार केशव निर्णायक की भूमिका में रहे। पश्चिमी वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्पेनिश गिटार, एकॉस्टिक ड्रम आदि वाद्य यंत्रों पर अपनी करामाती दिखाई। इस विधा में कुल सात प्रवेश लिए गए। इसके बाद पश्चिमी एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनके साथ एकॉस्टिक ड्रम और गिटार वादन ने एक अद्भुत समा बांधा। इसके बाद पश्चिमी समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसने पंडाल में उपस्थित सारे लोगों को झुमा दिया। इसमें कुल पांच दलों ने प्रवेश लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों का शैक्षिक स्तर उत्तम.. राजकुमार पुरोहित



**महरौनी।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाकर बच्चों के शैक्षिक स्तर को परखा जा रहा हैं। इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित द्वारा कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिदरवाहा महरौनी का निरीक्षण किया गया जिसमें गणित में बच्चों से 287 की उत्तरावर्ती संख्या,भिन्न,योगात्मक प्रतिलोम, गुणात्मक प्रतिलोम, के उत्तर पाकर शाबाशी दी तथा सामाजिक विषय में दक्षिण एवं उत्तर भारत की नदियां, देश के पड़ोसी राज्य, तथा अंग्रेजी में अनुवाद और हिंदी में पर्यायवाची आदि प्रश्नों के उत्तर पाकर बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक लखन लाल सेन आर्य, ज्योति जैन, आराधना सिंह, वर्षा सिंह, अंजली अहिरवार, प्रवीण कुमार, कपिल त्रिपाठी, राजाबेटी उपस्थित रहीं।

### जल चढ़ाने गयी पुत्री को पड़ोसी पर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** सदर पुलिस चौकी अंतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री बीती 15 दिसम्बर को सुबह करीब 6.30 बजे मोहल्ले में बने मंदिर में जल चढ़ाने के लिए गयी हुयी थी। देर दोपहर तक जब वह जल चढ़ाकर वापस नहीं लौटी तो उसने पुत्री को इधर-उधर मोहल्ले में, रिश्तेदारी में फोन लगाकर काफी खोजा, लेकिन वह नहीं मिली। बाद में कुछ मोहल्लेवासियों ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले रामअवतार पुत्र स्व.हरदास कुशवाहा उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपनी मोटर साइकिल पर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रोजगार मेले का आयोजन बीस दिसम्बर को

**ललितपुर।** सेवायोजन अधिकारी ने जिले के युवाओं को अवगत कराया है कि कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में आईटीआई परिसर में एक पिंक रोजगार मेले का आयोजन 20 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे किया जा रहा है। इसमें अन्य कंपनियां प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आई.टी.आई. में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। पिंक रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में कराना होगा। पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। रोजगार मेले के साथ ही एक दिवसीय कैरियर प्री-काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। यह भी बताया कि चयन प्रक्रिया निशुल्क है, जिसमें किसी भी प्रकार की डिपॉजिट की डिमांड की बात को सत्य न मानें।

### बच्चों के विवाद में महिला को पीटा, धमकाया

**ललितपुर।** पास के गांव सतरवांस निवासी सगुन पत्नी सहदेव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 12 दिसम्बर को सुबह 7 बजे बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर कुछ लोग उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर ललितादेवी पत्नी स्व.लखन, संतराम पुत्र लखन, अंगहरी पत्नी संतराम व दीपका पुत्री संतराम ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर बचाने आये पृथ्वी पुत्र हरीसिंह ने बचाव किया। आरोप है कि अपराह्न 1 बजे फिर से दीपिका आयी और उसके साथ मारपीट कर दी और ललितादेवी ने मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शादी के उद्देश्य से पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 दिसम्बर को सुबह 7 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री को गांव में रहने वाला संदीप पुत्र गुलाब बुनकर शादी करने के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़्क्षड़ता की तहरीर पर संदीप के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# शहजाद नदी पर सेतु निर्माण तक पुलिस चौकी स्थापित कराने की मांग

**●अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल पंजी. ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शहजाद नदी पर बनाये जा रहे सेतु और लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर शहजाद नदी के पार पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल पंजी. ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि नगर क्षेत्र के मध्य से प्रवाहित शहजाद नदी पर नवीन पुल निर्माण प्रस्तावित होने के कारण मवेशी बाजार को शहर से जोडने वाला पुराना पुल ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे मुख्य मार्ग पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो चुका है। वर्तमान में केवल पैदल एवं दोपहिया वाहनों हेतु वैकल्पिक मार्ग बनाए गए हैं, जिन पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। जबकि नगर की लगभग 33 प्रतिशत आबादी नदी के दूसरी तरफ निवास करती है। पुल ध्वस्त होने के कारण क्षेत्रीय नागरिकों में असुरक्षा की भावना व्याप्त है। उक्त क्षेत्र वर्तमान में सदर चौकी के अंतर्गत आता है, जबकि सदर चौकी का कार्यक्षेत्र पहले से ही अत्यधिक विस्तृत है। नगर के प्रमुख एवं व्यस्त व्यवसायिक क्षेत्र सराफा बाजार, नजाई बाजार, साड़ी लाइन सहित लगभग 8 बैंक एवं 12 एटीएम सदर चौकी के अंतर्गत आते हैं, जिससे प्रभावी पुलिसिंग प्रभावित हो रही है। पूर्व में नदीपार पुलिस चौकी की मांग इस आधार पर लंबित रही कि थाना से दूरी कम है, किंतु वर्तमान में पुल टूटने के कारण हाईवे होकर नदीपार जाने की दूरी पर्याप्त हो गई है, जिससे त्वरित पुलिस सहायता में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से नदी पार पुलिस चौकी स्थापित किये जाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, आरिफ पठान, मोहित जैन, करीम राइन, फूलचंद रॉय, असलम, इस्लाम साकी, दीपक जैन, धनुषराम यादव, धीरज कुशवाहा, अमित गोयल, शिवम सिंह, इब्राहिम, जितेंद्र यादव, विजय कुशवाहा, केशव साहू, सुरेश ताम्रकार आदि मौजूद रहे।

# टैंकर चालक की लापरवाही से टकराई थी शिक्षिकाओं से भरी मारूति वैन

**●मृतक शिक्षिका के पति की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना सीपरी बाजार अंतर्गत म.नं. 01 रसबहार कालोनी व हाल सी-1102 विजन हाइट्स राजघाट कालोनी निवासी प्रशान्त सुन्दरानी पुत्र स्व. गोपी सुन्दरानी ने तालबेहट थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी धर्मपत्नी ज्योति लाल सुन्दरानी जो कि प्राथमिक विद्यालय दिगारा तालबेहट में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। बताया कि 10 दिसम्बर को सुबह करीब 9 बजे उसकी धर्मपत्नी ज्योति लाल व उनके साथ 5 अन्य महिला शिक्षिका वाहन संख्या यू.पी.93 बी.जी. 4379 से स्कूल जा रहीं थीं। तालबेहट माताटीला रोड पर टैंकर संख्या एम.पी.17 एच.एच. 4639 बिना किसी संकेत के रोड पर खड़ा हुआ था। दुर्घटना टैंकर चालक की लापरवाही से टैंकर खड़ा करने से हुयी। इस दुर्घटना में उसकी पत्नी ज्योतिलाल सुन्दरानी को गंभीर चोटें आयीं, जिन्हें घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर झांसी रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान ज्योति लाल सुन्दरानी की मौत हो गयी। इसी घटना में एक अन्य शिक्षिका आरती शर्मा की तालबेहट सीएचसी में मृत्यु हो गयी थी। वहीं चार महिला शिक्षिकाओं में सुभाषिनी साहू, आरती साहू, आरती पटेल व पूनम त्रिपाठी के अलावा चालक हरीसिंह घायल हो गये थे। सभी घायलों का उपचार झांसी में चल रहा है। पुलिस ने प्रशान्त सुन्दरानी की तहरीर पर टैंकर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बार पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार, शांति भंग करने पर न्यायालय भेजा गया



**बार।** बार थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूलचंद पुत्र जगन लोधी (35) निवासी ग्राम मरौली, थाना बार को 16 दिसंबर 2025 को दोपहर 12:20 बजे गिरफ्तार किया गया। उसे संबंधित धाराओं में माननीय न्यायालय भेजा गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बार के नेतृत्व में की गई। युवक को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मूलचंद पुत्र जगन लोधी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है। वह ग्राम मरौली, थाना बार, जिला ललितपुर का निवासी है। उसे भारतीय न्याय संहिता (BNSS) की धारा 170, 126 और 135 के तहत न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह और होमगार्ड योगेन्द्र नामदेव शामिल थे।

# बिजली बिल राहत योजना

**●शत प्रतिशत ब्याज के साथ मूलधन राशि में भी 25 प्रतिशत की मिलेगी छूट : डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिले के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि शासन द्वारा वर्तमान में बिजली बिल राहत योजना लागू की गयी है, जिसके तहत 2 कि.वा. भार तक के घरेलू एवं 01 कि.वा. भार के कामर्शियल ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा 31 मार्च, 2025 के बाद से अब तक एक बार भी भुगतान नहीं किया गया है (लॉग पेड उपभोक्ता) एवं ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा 21 मार्च, 2025 के बाद कभी भी भुगतान किया गया हो (नेवरपेड उपभोक्ता) इस योजना के तहत ब्याज में शत्-प्रतिशत की छूट के साथ ही मूलधन राशि में 25 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में जिले के 68000 उपभोक्ता पात्र हैं जिन पर कुल 124 करोड़ रुपया बकाया है। उपरोक्त पात्र उपभोक्ताओं में से 3283 नग लॉग अनपेड एवं 641 नेवरपेड उपभोक्ताओं कुल 3929 नग विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा योजना में पंजीकरण कराते हुए 1.80 करोड़ रुपये की धनराशि विद्युत विभाग में जमा करायी गयी है। उक्त के अतिरिक्त अभी काफी संख्या में उपभोक्ता उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु शेष हैं। अतएव ऐसे सभी उपभोक्ताओं जिनके द्वारा अब तक इस महत्वपूर्ण एवं लाभकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया गया है, वे शीघ्रातिशीघ्र बिजली बिल राहत योजना में अपना-अपना पंजीकरण करते हुए उपरोक्त लाभकारी योजना का लाभ उठावें। जिससे विद्युत संयोजन विच्छेदन एवं आर.सी.वसूली जैसी अप्रिय कार्यवाहियों से बचा जा सके।

# एसआईआर की प्रगति पर डीएम ने राजनीतिक दलों संग की बैठक, मांगा सहयोग

**●किसी भी दशा में दो गणना प्रपत्र न भरे मतदाता:डीईओ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत जनपद की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए डीईओ ने गणना प्रपत्र जमा कराने और एएसडी श्रेणी के निर्वाचकों के चिन्हांकन में राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीएलओ एवं बीएलए की बैठकें आयोजित कर ली गई हैं। इन बैठकों में उपस्थित सभी बीएलए को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप अनुपस्थित, शिफ्टेड और मृतक (एएसडी) मतदाताओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की एएसडी सूची डीईओ पोर्टल के लिंक https://kanpurnagar.nic.in/deo-portal/ पर भी उपलब्ध है, जिसे कोई भी व्यक्ति देख सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 की मतदाता सूची के अनुसार जनपद में कुल 35,38,261 मतदाता थे। 16 दिसंबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार 26,28,422 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का वेरिफिकेशन बीएलओ द्वारा पूरा किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 74.29 प्रतिशत है। इसमें से 6,08,747 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य शेष रह गया है जिसे बीएलओ द्वारा निरंतर किया जा रहा है, जिससे न्यूनतम संख्या में मतदाताओं को नोटिस जारी करने की आवश्यकता पड़े।

# रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट पहुंचे एसपी

**●अपराध व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने मंगलवार को कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रिपोर्टिंग चौकी राजघाट का आकस्मिक निरीक्षण कर चौकी परिसर, बैरक व कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। एसपी ने सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबंध करना एवं चौकी परिसर/ कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। चौकी में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया। लंबित आईजीआरएस/प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया। साथ ही चौकी प्रभारी को प्रतिदिन चौकी क्षेत्र में पैदल गस्त करने हेतु निर्देशित किया। पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, वस्तु के विरुद्ध चेकिंग चलाने हेतु निर्देशित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक व उनका पालन कराने हेतु निर्देशित किया।

# छोटा हाथी टैक्सी से दो भैंसे व एक बछड़ा चोरी करने का आरोप

**●पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** दो दिसम्बर को घर के बाहर बंधी भैंस व उसका बच्चा चोरी हो जाने और टोल पर जाकर जांच करने पर टैक्सी में पहचान करने पर अब पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। जानकारी देते हुये सुरईघाट मुक्तिधाम के पास रहने वाले कालूराम कुशवाहा पुत्र स्व. बालचंद्र ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 2 दिसम्बर की को खिरकापुरा हाईवे स्थित उसके घर के बाहर दो भैंस व एक छोटा भैंस बंधा हुआ था। सुबह करीब 4 बजे जब वह सोकर उठा तो उसने देखा कि मौके पर भैंसें व उसका बच्चा गायब था। खोजबीन करने पर कुछ ही दूरी पर उसने छोटा हाथी नामक लोडिंग गाड़ी के टायरों के निशान देखे और भैंसों को सर्दी से बचाने के लिए उढ़ायी गयीं बोरियां भी वहीं पड़ी मिली। मोहल्ले में काफी खोजबीन करने के बाद जब नहीं मिलीं तो वह विघा महर्रा स्थित टोल टैक्स पर पहुंचा, जहां उसने जानकारी की तो वहां कार्यरत कर्मचारी ने बताया कि एक छोटा हाथी लोडिंग टैक्सी नम्बर यू.पी.92 ए.टी. 6875 जो कि रात में करीब 3.30 बजे यहां टोल से निकली है, उक्त गाड़ी में 2 भैंसे व एक बछड़ा था और वह आगे की ओर गया है। पीड़ित ने टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में देखकर अपनी भैंसों की पहचान कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लोडिंग टैक्सी से अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बुन्देली गौरव सम्मान समारोह का आयोजन आज



**ललितपुर।** श्रीलंका में सम्पन्न हुये अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी संघ (आईसीए) के निर्वाचन में निर्विरोध निर्वाचित होकर भारतीय सहकारी आंदोलन का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाले कृभको चेयरमेन/अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी संघ के अध्यक्ष डा.चन्द्रपाल सिंह यादव (पूर्व सांसद) का ललितपुर के झांसी रोड स्थित अमर पैलेस में भव्य सम्मान समारोह एवं सहकारित सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में डा.चन्द्रपाल सिंह यादव को बुन्देली गौरव सम्मान से नवाजा जायेगा। अपराह्न 1 बजे से शुरू होने वाले आयोजन की जानकारी देते हुये पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव ने सभी आमंत्रित अतिथियों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक, स्वयं सेवी एवं सहकारिता संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

# भाई बनकर आया दिव्यांग व्यक्ति सोने-चांदी के जेवरात लेकर भागा

**●महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पनारी के तुलसी नगर निवासी रामवती पत्नी भगवान दीन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 दिसम्बर को सुबह करीब 11 बजे एक अनजान व्यक्ति उसके घर आया और उसका भाई होने का दावा करते हुये उसके घर आकर बैठ गया। बताया कि उक्त व्यक्ति दोनों पैर से दिव्यांग है, जो कि अन्य युवक जो कि दोपहिया वाहन लेकर आया हुआ था। काफी समय वह और उसकी पुत्री दुर्गा घर पर अकेले थे, जिसका फायदा उठाकर उक्त लोग चिकनी-चुपड़ी बातें करते हुये परिवार की जानकारी ली और घुलमिल गया। आरोप है कि बातों ही बातों में उक्त व्यक्ति उनके घर में रखे सोना-चांदी के आभूषण देखने के लिए मांगे, जिस पर उसने भरोसा करते हुये चार तोला सोना आभूषण, तीन मंगलसूत्र व आधा किलो चांदी के आभूषण में एक करधोनी व दो जोड़ी पायलें लेकर दिखा दिये। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने पीने के लिए पानी मांगा। वह जैसे ही पानी लेने गयी तो उक्त लोगों ने उसके आभूषण रख लिये और जिस कपड़े में रखे थे, उसमें पत्थर रखकर रस्सी जैसी वस्तुएं लपेट कर उसे दे दीं। उक्त लोग पानी पीकर वहां से रफूचक्कर हो गये। कुछ समय बाद जब उसने कपड़ा खोला तो उसके होश फाख्ता हो गये। आरोप है कि उक्त व्यक्ति के उसकी पुत्री ने मोबाइल से दो तस्वीरें भी खींची, जो कि साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं। पीड़िता ने यह भी बताया कि उक्त व्यक्ति उसके घर पहले सिलाई मशीन भी सुधारने आ चुका है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ग्रामीण सड़क मरम्मत में लापरवाही, पीडब्ल्यूडी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**●धूल-मिट्टी पर डामर, कम कोलतार से उखड़ रही सड़क, ग्रामीणों में आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** ग्रामीण सड़कों की मरम्मत के नाम पर लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा की जा रही कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। विकासखंड महरौनी अंतर्गत ग्राम धवारी में लगभग 800 मीटर लंबी सड़क के मरम्मत कार्य में भारी लापरवाही उजागर हुई है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। सड़क की सतह की समुचित सफाई किए बिना ही धूल-मिट्टी पर डामर बिछाया जा रहा है। वहीं, कोलतार (डामर) की मात्रा भी बेहद कम होने के कारण जगह-जगह गिट्टी उखड़ने लगी है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की गुणवत्ता-विहीन सड़कें एक वर्ष भी नहीं चल पातीं। मरम्मत के नाम पर हर साल लाखों-करोड़ों रुपये खर्च दिखा दिए जाते हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। आरोप यह भी है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और शिकायतों के बावजूद जांच प्रक्रियाएं ठंडे बस्ते में पड़ी रहती हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क मरम्मत कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो तथा मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और टिकाऊ सड़क सुविधा मिल सके।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष : महरौनी में घर-घर पहुंच रहे स्वयंसेवक, पंच परिवर्तन का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महरौनी नगर में गृह संपर्क अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संघ के स्वयंसेवक घर-घर पहुंचकर नागरिकों को भारत माता का चित्र एवं संबंधित प्रपत्र निःशुल्क भेंट कर रहे हैं तथा संघ के उद्देश्यों और कार्यपद्धति की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। संघ की दृष्टि से महरौनी नगर को पांच बस्तियों में विभाजित किया गया है, जिनमें सरस्वती बस्ती, विवेकानंद बस्ती, प्रताप बस्ती, शिवाजी बस्ती एवं अंबेडकर बस्ती शामिल हैं। इन सभी बस्तियों में अलग-अलग टोलियां गठित की गई हैं, जो नगर की प्रत्येक गली और प्रत्येक घर तक पहुंचकर जनसंपर्क स्थापित कर रही हैं। गृह संपर्क अभियान के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 'पंच परिवर्तन' अभियान का भी संदेश दिया जा रहा है। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संघ के स्वयंसेवकों ने समाज में ऊंच-नीच और भेदभाव की भावना को त्यागकर सभी हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। अभियान के माध्यम से सामाजिक एकता, राष्ट्रभावना और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश घर-घर पहुंचाया जा रहा है।

### सार्वजनिक रास्ता पर अवैध कब्जा को हटवाने को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र

**जाखलौन।** कस्बा जाखलौन में किसानों का कहना है। आराजी संख्या 94, 95, 298, व डूब क्षेत्र राजघाट के खेतों तक जाने वाला रास्ता जो 40 वर्ष पुरानी प्रचलित है। जो की नंबर रकवा के बगल से मुख्य मार्ग से आराजी संख्या 94 से होकर गुजरते हुए 95 के बगल से गुजरते हुए ग्राम सभा एवं कुछ डूब क्षेत्र के खेतों को जाता है। जिनको आगे वाले मुख्य काश्तकार द्वारा रास्ता को बंद करने का वह अपना खेत बताने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पीछे लगे कई किसानों के खेतों का रास्ता बंद हो रहा है। एवं आवाजाही में परेशान होने की संभावना है। जबकि आराजी नंबर 94 जो की गोचर में आता है। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए किसानों ने उनकी समस्या का उचित समाधान करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में निहाल,अतल सिंह, पर्वत, भरत लाल,मुन्नी देवी, बृजलाल, जगदीश, आदि किसानों के नाम मौजूद रहे।

# राष्ट्र निर्माण में आयकर की भूमिका पर आईटीएम गीडा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां** - इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गीडा, गोरखपुर के डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार में 'राष्ट्र निर्माण में आयकर का योगदान' विषय पर आयकर जन-जागरूकता कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेष रूप से प्रबंधन संकाय के छात्रों को आयकर की भूमिका, महत्व एवं भविष्य में उनकी सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, आयकर आयुक्त ए. एन. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि 'आयकर से प्राप्त राजस्व देश के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रक्षा एवं सामाजिक कल्याण योजनाओं की आधारशिला है। ईमानदारी से किया गया कर भुगतान सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, संयुक्त आयकर आयुक्त, गोरखपुर, रजत सेन ने कहा कि तकनीकी सुधारों और पारदर्शी प्रक्रियाओं के कारण कर अनुपालन पहले की तुलना में अधिक सरल एवं भरोसेमंद हुआ है। उप आयकर आयुक्त, गोरखपुर वृत्त-एक, रविंदर कौर सैनी ने कहा कि आयकर केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने सभी सम्मानित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ एन के सिंह संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, आयकर निरीक्षक चंदन कुमार रंजन, सुजीत बरनवाल, अंकुर पाटवा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### एक राय होकर दम्पत्ति से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला गोविंद नगर में रहने वाले हुसैन शाह पुत्र चिराग शाह ने पुलिस को लिखित शिकायत की है। बताया कि 15 दिसम्बर की रात करीब 10 बजे पड़ोस में रहने वाले अबी पुत्र वाहिद शाह एवं वाहिद व उसकी पत्नी सायरा ने उसे व उसकी पत्नी को गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये उसके सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोग नाली से निकले गंदे पानी को लेकर आये दिन विवाद करते हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कोहरे के मद्देनजर यातायात पुलिस एलर्ट



**कानपुर।** घने कोहरे को देखते हुए पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार पूरी तरह एलर्ट हो गये हैं ताकि कोहरे के कारण कोई बड़ी घटना न घटे आज दिनांक 16.12.2025 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख मार्गों एवं क्रिटिकल कोरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया गया । पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने हैलट हॉस्पिटल मार्ग, कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल मार्ग, भाटिया तिराहा, भौती बाईपास, भीमसेन कट, थाना क्षेत्र पनकी एवं सचेंडी के अंतर्गत आने वाले दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का गहन अवलोकन किया गया। इन स्थानों पर यातायात दबाव, सड़क की भौतिक स्थिति, संकेतकों की उपलब्धता, यू-टर्न/कट की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । साथ ही अस्पताल मार्गों पर एम्बुलेंस एवं आपातकालीन वाहनों की निर्बाध आवाजाही बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसीपी पनकी, एसएचओ पनकी व सचेंडी तथा छ्ष्ट टीम (क्रिटिकल कोरिडोर) पनकी व सचेंडी के समस्त टीम सदस्य उपस्थित रहे ।

### महाराज पुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय पेंटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र में 20 वर्षीय एक पेंटर कारीगर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है, जानकारी के अनुसार म्रतक की पहचान महाराज पुर क्षेत्र के प्रेमपुर गांव निवासी राजू पेंटर के बेटे शिवांशु 20 वर्ष के रूप में हुई है , शिवांशु सरसौल के भेवली मोड़ स्थित मनोहर खेड़ा गांव निवासी संदीप के मकान में पुट्टी का काम कर रहा था, परिजनों ने बताया कि बीतीं रात जब उन्होंने शिवांशु को फोन किया तो,फोन नहीं उठाया, इससे उन्हें किसी अनहोनी की आंशका हुई, इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे,तो शिवांशु का शव रस्सी के सहारे छत के कुंडे से लटका मिला,आनन फानन में उसे रात में ही उसे सरसौल स्थिति सीएचसी ले जाया गया , जहां डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया,देर रात सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा,और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, घटना के बाद म्रतक के परिजनों में शोक का माहौल है।

### बिस्कोहर में बनेगा ढाई करोड़ की लागत से एक मंजिला बरात घर



**सिद्धार्थनगर।** जिले के नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 15 विश्वनाथ नगर मोहल्ला डेगहर में लगभग ढाई करोड़ की लागत से एक मंजिला बरात घर का निर्माण किया जाएगा।मंगलवार को चेयरमैन अजय गुप्ता ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। यह भवन मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत तैयार किया जा रहा है और इसे एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर में बनने वाला यह बारात घर गरीब, दिव्यांग और कमजोर वर्गों के लिए विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक सुलभ एवं सुव्यवस्थित केंद्र होगा। इस मौके पर लेखपाल पन्नालाल यादव, सभासद निर्पेंद्र प्रताप सिंह, लालू नाइक, मोनू गुप्ता, चंदू यादव, पिंकू मोदनवाल, मनोज सिंह, राम नरेश पासवान,इरफान खान, कैप्टन खान, कन्हैया वरुण, अमन चौरसिया, राम सुधि प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की सक्रियता के बाद भी कानपुर में बेलगाम चोरी की घटनाएं, लोगों में रोष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**कानपुर।** पुलिस की लगातार कथित सक्रियता के बाद भी जिले भर में चोरी की घटनाएं बेलगाम हो चली हैं। मतलब ऐसा कोई दिन नहीं जाता ,जिस दिन विभिन्न थाना क्षेत्रों में तकरीबन 1 दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं ना होती हों। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित नौबस्ता गोविंद नगर, चकेरी, कल्याणपुर, सचेंडी ,घाटमपुर , गुजैनी आदि थाना क्षेत्र हैं। जिससे लोगों में पुलिस के खिलाफ जबरदस्त रोष भी व्याप्त है। याद रहे कि कई साल पहले घरों में आए दिन बड़ी संख्या में हो रही चोरी की वारदातों सेवा : परेशान पुलिस ने खाली घरों की रखवाली करने का भी निर्णय लिया था ,जिसके तहत वह गृह स्वामी के बाहर जाने की दशा में इसकी सूचना देने के बाद उसके घर की रखवाली भी करती थी।

इसके लिए लोगों को चोरी की घटनाओं से बचने के लिए घर बंद कर बाहर जाने से पहले थाने में सूचना भी देनी होती थी जिसके आधार पर पेट्रोलिंग टीम उस घर पर विशेष निगरानी रखी जाती थी। दूसरे के साथ कड़ाके की ठंड में चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस ने उस समय जो योजना बनाई थी,उसके मुताबिक रात में एक से सुबह सात बजे तक गश्त पुलिसकर्मी करते थी। जो कि लगभग अब भी की जाती है। जबकि पहले रात में गश्त के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर 5 पुलिस कर्मियों की विशेष टीमें बनायी गयीं थी। कुल मिला कर लगातार हो रहीं चोरी की घटनाएं पुलिस की नींद हराम भी हराम किए है। वह चोरों की तलाश में भी लगातार जुटी हुए है, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

### जिलाधिकारी ने ड्रेनेज खण्ड की नहरों का किया निरीक्षण,दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** ड्रेनेज खण्ड के अंतर्गत चिल्हिया-रजवाहा, धुसुरी माइनर, कटया माइनर एवं भावपुर माइनर का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान नहरों में सिल्ट/स्क्रेपिंग का कार्य होते हुए पाया गया। जिलाधिकारी ने किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जमींदारी नहर प्रणाली के अंतर्गत बजहा सागर एवं मझौली सागर का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अभियंताओं को निर्देश दिए कि रबी फसल की सिंचाई को ध्यान में रखते हुए रोस्टर के अनुसार नहरों में पानी का संचालन समय से सुनिश्चित करायें ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, ड्रेनेज खण्ड कृपा शंकर भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रोपर्टी के लिए बेटा बना पिता की जान का दुश्मन, पिता बोला प्रोपर्टी मंदिर को दे देंगे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** कमिश्नरेट के अंतर्गत एक अजीब मामला सामने आया है। मामला थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरैना बहादुर नगर का है, जहां पर रहने वाले देवेंद्र सिंह की बेटी की बीती 3 दिसंबर को आग से जल जाने के कारण मृत्यु हो गई थी। बताया गया है कि वह अपने पिता के साथ रहती थी द्य पीड़ित पिता देवेंद्र सिंह अपनी बेटी को आग से बुझाते हुए खुद भी गंभीर रूप से जल गया है उसका इलाज चल रहा है द्य वह अपने ही बेटे पर आरोप लगा रहा है कि 17 वर्ष पहले से मेरा बेटा मुझे छोड़ कर अपने ननिहाल में रह रहा है, उसी ने अपनी बहन को प्रताड़ित करके आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया है, पिता ने बताया कि जब से मैंने कुछ प्रॉपर्टी और कुछ एफडी अपनी बेटी के नाम करवाई है तब से यह लोग उसको प्रताड़ित कर रहे थे, और अब मेरी जान का भी खतरा बना हुआ है, पिता ने बताया कि मेरा पूरा शरीर जला हुआ है, इसलिए पुलिस के अधिकारियों से गुहार लगाई है क्योंकि मेरा बेटा मेरी प्रॉपर्टी के पीछे पड़ा हुआ है इसलिए जो मेरी लड़की के नाम प्रॉपर्टी मैंने करी है, उसको हम वृद्धा आश्रम और मंदिर बनाने में लगाएंगे मगर अपने बेटे को हरगिज नहीं देना चाहते हैं इसी कारण से बेटा मेरा दुश्मन बना हुआ है। उसने कमिश्नरेट पुलिस से गुहार लगाई है कि उसकी जान की रक्षा की जाये, नहीं तो ये बेटा उसे मार डालेगा।

## नेता जी एक्सप्रेस ट्रेन में 38.20 लाख कैश के साथ युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** नेता जी एक्सप्रेस ट्रेन में 38,20 लाख रुपए कैश लेकर संदिग्ध रूप से सफर कर रहे एक युवक को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया, आरोपी से पूछताछ करने पर वह कैश के विषय में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, और सिर्फ इतना बताया कि यह रूपए उनके मालिक का हैं। जिसके बाद आरपीएफ ने आयकर विभाग को बुला कर युवक को उनके सुपुर्द कर दिया गया है, जिसके बाद युवक से पूछताछ की जां रहीं हैं, युवक नेता जी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहा था, और संदिग्ध लगने पर आरपीएफ ने उसकी तलाशी ली, तो जिसके बाद टीम को उसके पास से भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। ट्रेन में आरपीएफ अवैध वेंडर अन्य संदिग्धो की जांच के लिए अभियान चला रही है , प्रयागराज से कानपुर आनेवाली नेता जी एक्सप्रेस ट्रेन में एस आई ओंकार सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद थे,इसी दौरान उन्हें जनरल कोच में खड़ा एक व्यक्ति संदिग्ध लगा,जिसकी गतिविधियां संदिग्ध थी, आरपीएफ को अवैध वेंडर होने का संदेह था,और उसके पास एक झोला भी था,,जब उससे पूछताछ की गई, तो वह सकपका गया, उसके झोले की जांच की गई, तों उसके अंदर एक बैग भी था,और उसके अऐ500,200,100, रूपए के नोटों की गड्डियां भरी हुई थी, रूपए के बारे में वह सही जानकारी नहीं दे सका, जिसके बाद उसे कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर उतार कर पूछताछ शुरू कर दी गई, युवक के बैग से पुलिस को 38,20 लाख रुपए कैश बरामद हुआ है, आरोपी से पूछताछ में अपना नाम मनीष दुबे पुत्र राजू दुबे निवासी गाजीपुर जनपद फतेहपुर बताया, आरोपी ने बताया कि वह किराने की दुकान में काम करता है, उसके मालिक का नाम अभिषेक गुप्ता हैं, और उसने अपने मालिक का मोबाइल नंबर भी पुलिस को बताया, युवक ने बताया कि वह कानपुर में किसी नारियल वाले को पेमेंट करने के लिए आया था, पुलिस ने मोबाइल नंबर पर संपर्क किया , लेकिन बात नहीं हो सकी, जिसके बाद युवक को हिरासत में ले लिया गया, आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक की जानकारी आयकर विभाग को दे दी गई है ,, जिसके बाद आयकर इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार और अवधेश गुप्ता, आरपीएफ पोस्ट कानपुर सेंट्रल पर पहुंचे, जिसके बाद आयकर विभाग की टीम युवक को अपने साथ ले गई हैं, पोस्ट कमांडर ने बताया कि युवक के पास से बरामद हुए 38,20 लाख रुपए आरपीएफ पोस्ट पर सुरक्षित रखें गए हैं, जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार रूपयों से जुड़ी कारवाई की जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय 18 को जिला कारागार पहुँच अमिताभ ठाकुर से करेंगे मुलाक़ात

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय दिनांक गुरुवार, 18 दिसंबर को जिला कारागार देवरिया का दौरा करेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के हवाले से जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने दी। प्रवक्ता के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष 11:30 बजे जिला कारागार पहुंचकर पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दौरा कांग्रेस पार्टी की संवेदनशीलता तथा जनसमस्याओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजनों से कार्यक्रम में समय से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## शोहरतगढ़ ब्लॉक परिसर में रबी गोष्ठी का आयोजन, किसानों को किया जागरुक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को विकास खण्ड शोहरतगढ़ परिसर में कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय रबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को समय से नैनो यूरिया, डीएपी एवं सल्फर के प्रयोग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में एडीओ कृषि राजीव सिंह ने कहा कि रबी फसलों की बेहतर उपज के लिए संतुलित उर्वरकों का निश्चित समय पर प्रयोग आवश्यक है। उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों में खरपतवार नियंत्रण के लिए अनुशंसित समय पर दवाओं का छिड़काव करें, जिससे फसल की बढ़वार प्रभावित न हो।गोष्ठी के दौरान किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री कुसुम योजना (सोलर पंप), पराली प्रबंधन तथा फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि पराली का उपयोग पशुओं के चारे के रुप में कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

इस अवसर पर एडीओ कृषि राजीव सिंह, एडीओ पीपी मनोज कुमार गुप्ता, संजीव कुमार, बीटीएम श्रीधर सहित किसान रामकिशोर, संतराम जायसवाल, हरिहर चौधरी, भगेलू, कृष्ण कुमार एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहें।

## डीएम ने कैलेण्डर वर्ष 2026 हेतु साप्ताहिक बन्दी के दिवसों को किया निर्धारित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 की धारा-8 (2) तथा सपठित उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुये उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 के अन्तर्गत जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिये जहां पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते है, कैलेण्डर वर्ष-2026 हेतु साप्ताहिक बन्दी के दिवसों का निर्धारण घोषित किया है। यह आदेश 01 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा।31 दिसम्बर 2026 तक लागू रहेगा।

साप्ताहिक बन्दी दिवस के क्रम में रविवार को तहसील पट्टी अन्तर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाइयों की दुकान छोड़कर) बन्द रहेंगे। मंगलवार को तहसील कुण्डा अन्तर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, नगर पालिका क्षेत्र-चिलबिला एवं माधोगंज (महुली) में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, नगर पालिका क्षेत्र-प्रतापगढ़, चिलबिला एवं माधोगंज (महुली) की समस्त नाईयों की दुकान बन्द रहेगी। बुधवार को टाउन एरिया कटरा मेंदनीगंज एवं प्रतापगढ़ सिटी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान, वृहस्पतिवार को टाउन एरिया-मानिकपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, शनिवार को टाउन एरिया पट्टी में स्थित नाईयों की समस्त दुकान, नगर पालिका क्षेत्र-बेल्हा (चिलबिला व माधोगंज के अतिरिक्त) में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, नगर पंचायत-कटरा गुलाब सिंह एवं देल्हूपुर, तहसील/नगर पंचायत-लालगंज एवं रानीगंज में स्थित नाई की दुकान तथा रविवार को तहसील/नगर पंचायत लालगंज एवं रानीगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान की दुकाने बन्द रहेंगी।

### जिलाधिकारी ने खाद की दुकान का किया औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा चिल्हिया स्थित मेसर्स संजय ट्रेडिंग कम्पनी का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान खाद के स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण रजिस्टर का गहनता से मिलान किया गया।जिलाधिकारी ने मौके पर किसानों से दूरभाष के माध्यम से बातचीत कर खाद वितरण की स्थिति की जानकारी ली जिसमें सभी किसानों ने व्यवस्था संतोषजनक बताई। जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने संबंधित विक्रेता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि खाद का वितरण शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही किया जाए तथा किसानों को किसी भी प्रकार से अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## केआईटी में छात्रों व कालेज प्रबंधन की बीच गतिरोध समाप्त, उच्चाधिकारियों ने की मध्यस्थता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** थाना महाराजपुर क्षेत्रान्तर्गत केआईटी कॉलेज, रूमा, कानपुर नगर में आज दिनांक 15.12.2025 को केआईटी कॉलेज के छात्रों एवं कॉलेज प्रबंधन के मध्य परीक्षा एवं अध्ययन पद्धति (ऑटोनोमस मोड) को लेकर गतिरोध की स्थिति उत्पन्न हुई। छात्रों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रातः लगभग 09:30 बजे से विरोध प्रदर्शन किया गया। कालेज प्रबंधन द्वारा प्रकरण की सूचना तत्काल उच्चाधिकारी गण को दी गई। मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त, अपर जिला मजिस्ट्रेट (सिटी) एवं उच्च शिक्षा अधिकारी उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) से चार सदस्यीय विशेष दल कॉलेज पहुँचा, जिसने अधिकारियों, कॉलेज प्रबंधन एवं छात्रों के साथ वार्ता कर समस्या के समाधान का प्रयास किया। एकेटीयू के विशेष दल द्वारा छात्रों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उन्हें स्वीकार किया गया, जिसके उपरांत छात्रों की भीड़ शांतिपूर्वक वापस लौट गई। इसी दौरान केआईटी कॉलेज के कॉन्फ्रेंस रूम में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। चूँकि थाना स्थानीय एवं अन्य आवंटित पुलिस बल मौके पर तैनात था, अतः स्थानीय संसाधनों एवं फायर सर्विस की सहायता से आग पर शीघ्र काबू पा लिया गया। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। वर्तमान में मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। एकेटीयू द्वारा छात्रों की मांगें स्वीकार किए जाने के पश्चात् गतिरोध पूर्णतः समाप्त हो गया है।

## चौकी प्रभारियों की मीटिंग में पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने दिये दिशा निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** आज दिनांक 16.12.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा दक्षिण कार्यालय में सर्कल नौबस्ता व बाबूपुरवा के समस्त चौकी प्रभारियों की मीटिंग आहुत की गई । जिसमें समस्त चौकी प्रभारियों को चोरी / नकबजनी / छिनैती की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु निम्न दिशा निर्देश दिए गए । मीटिंग में निर्देश दिए गए कि चौकी क्षेत्र में स्थित समस्त एटीएम की दिन एवं रात्रि चेकिंग की जाए, समस्त बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस की भी चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि ज्वेलर्स की दुकान के बाहर संदिग्ध व्यक्तियों / वाहनों की चेकिंग की जाए। इसके अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी रात्रि गस्त के दौरान अवश्य चेक किया जाए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कहा कि सभी चौकी प्रभारी रात्रि गस्त के दौरान हूटर / सायरन का प्रयोग अवश्य करें। चौकी क्षेत्र में स्थित नॉनवेज एवं शराब आदि की दुकान रात्रि 10:00 बजे के बाद ना खुलें। वाहन चेकिंग करते समय बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, नंबर प्लेट में छेड़छाड़ किए हुए वाहनों पर विशेष रूप से चेक किया जाए और एमबी एक्ट में निहित प्रावधानों के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाए। ऑटो चालकों द्वारा भी टप्पे बड़ी किए जाने की घटनाएं कृत हुई हैं, कोई भी अवैध ऑटो स्टैंड संचालित ना होने पाए । वैद्य रूप से संचालित ऑटो स्टैंड वालों की मीटिंग कर समस्त ऑटो चालकों/ई रिक्शा का सत्यापन कर सूची रखी जाए। कच्ची बस्ती में रहने वाले लोगों का भी सत्यापन अवश्य कर लिया जाए। मीटिंग में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण, सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा भी मौजूद रहे।

## जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा, सत्यापन के बाद 32941का राशनकार्ड से कटेगा नाम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कानपुर।** जिले में सरकारी राशन पाने वालों में 32941 लाभार्थी ऐसे सामने आए हैं जो कि कंपनी के डायरेक्टर हैं,कार या पांच एकड़ जमीन के मालिक हैं,या फिर 25 लाख से बिजनेस का टर्नओवर फाइल करने वाले हैं,यह वह लोग हैं, जिन्होंने गरीबों को दिया जाने वाला कोटे का राशन सालो तक सरकारी दाम में बिना पात्र रहते हुए लिया। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा सत्यापन करा कर इनकी सूची तैयार कर राशन कार्ड से नाम काटने की तैयारी है,डीएसओ राकेश कुमार ने बताया कि विभाग ने ज़िले भर के राशनकार्डो में शामिल लाभार्थियों का आधार कार्ड के जरिए सत्यापन कराया है, सत्यापन में यह सामने है आया है कि दो लोग ऐसे निकलें है,जो कि मीडियम मोटर व्हीकल के मालिक हैं, इसके अलावा 14520 लाभार्थी कार,एलएमवी,,3048 ऐसे किसान राशन पाते मिले हैं,जिनके पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन है, वहीं 3036 लाभार्थी किसी कंपनी के डायरेक्टर के पद पर हैं इसके अलावा 267लोग ऐसे मिले हैं जिनका जीएसटी नंबर के हिसाब से ग्रास टर्नओवर 25 लाख से ज्यादा हैं विभाग के अधिकारी बताते हैं कि सत्यापन में चिंहित किए गए अपात्र सालों से गरीबो के हिस्से का राशन कम दामों में लेते आ रहे हैं, सत्यापन में इनके नाम सामने आने के बाद अब इनका राशन रोका जाएगा,जो भी लोग अपात्र हैं उनका भी नाम काटा जाएगा।

### जनपद की 159 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में संचालित होगें डाकघर

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने बताया है कि अधीक्षक डाकघर प्रतापगढ़ मण्डल के कार्यालय पत्र 09 दिसंबर के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को सम्बोधित पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जनपद प्रतापगढ़ में फेज-1 में समस्त 17 विकास खण्डों के अन्तर्गत 159 शाखा डाकघरों को ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में डाकघर स्थापित करने की अपेक्षा की गयी ताकि लोगों को उत्तम एवं सुगम सेवायें प्राप्त हो सके। पंचायत भवन में ही आने वाले समय में डिजिटल लाइब्रेरी, जन सेवा केन्द्र एवं डाकघर संचालित होंगे। सभी सचिव को कम से कम 04 कमरें का पंचायत भवन बनाये जाने का निर्देश दिया गया है।

## डिवाइन विज़डम एकेडमी बढ़नी के विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हासिल किया बेहतर रैंक

### ●डिवाइन विज़डम एकेडमी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी के डिवाइन विज़डम एकेडमी के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाणपत्र , स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश टैलेंट प्रतियोगिता में डिवाइन विज़डम एकेडमी विद्यालय के कक्षा पांच के छात्रा अनन्या पाल ने प्रथम रैंक, सिदरा खान ने तृतीय, कुदसिया अफ़ज़ल ने चतुर्थ, कक्षा छः के छात्र अदीब उस्मान को प्रथम, श्रेया पी श्रीवास्तव को द्वितीय रैंक हासिल हुआ। कक्षा सात के तेजस गोयल को प्रथम रैंक, अमान जमील को द्वितीय रैंक, मानसी वर्मा को तृतीय रैंक, मोहम्मद साद व राया सिंह पटेल को चतुर्थ रैंक, हमजा खान को पांचवा रैंक, प्रियांशी रौनियार को छठवां रैंक प्राप्त हुआ। इसी तरह कक्षा आठ की छात्रा सृष्टि पी श्रीवास्तव को प्रथम रैंक और ओबादा जहीर को द्वितीय रैंक और कक्षा नौ की सामिया को प्रथम रैंक प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ।

उत्तर प्रदेश टैलेंट ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों सिद्धार्थनगर, बलरामपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हुआ था। संस्था के द्वारा परिणाम घोषित होने पर बढ़नी बाजार के डिवाइन विज़डम एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर बेहतर रैंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्रों का अभिनन्दन करते हुये प्रधानाचार्य मेल्विन रोज़ारियो रोड्रिग्स और एच आर शैली जॉन ने मेडल, प्रमाणपत्र , स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या मेल्विन रोज़ारियो रोड्रिग्स व एचआर शैली जॉन ने कहा कि योग्य शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था देने का पूरा प्रयास है। बच्चों को पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये भी तैयारी व मार्गदर्शन शिक्षक देते रहते हैं। शिक्षकों व विद्यालय परिवार की मेहनत से बच्चों का टैलेंट निखर कर सामने आ रहा है। विद्यार्थियों और अभिभावकों में भी बच्चों के उपलब्धि पर काफी खुशी है। इस दौरान ज्योति सिंह, मोहम्मद हाशिम, रजत कुमार ,मनीष, टार्जन, ऋतिक, शगुफ्ता, तस्लीमा, जॉली आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अन्तर्गत सहकारिता विभाग के बिन्दु पैक्स कम्प्यूटराईजेशन में प्रगति लाने एवं समिति सचिवों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के दृष्टिगत जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के सभागार में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन, सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीसीबी नन्द किशोर, जनपद के समस्त एडीओ, एडीसीओ, समिति सचिव, कोआपरेटिव इंटर्न एवं एसआई द्वारा प्रतिभाग किया गया। एसआई द्वारा समस्त प्रतिभागियों को बाउचर फीडिंग, प्रोग्रेस रिपोर्ट, डेटा वेरीफिकेशन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन द्वारा पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के महत्व एवं भविष्य में इसकी उपयोगिता के सन्दर्भ में प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया, साथ ही अवगत कराया गया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के तृतीय चरण का कार्य प्रगति पर है। तृतीय चरण में चयनित 56 समितियों का सन्तुलन पत्र तैयार कर आडिट विभाग को प्रेषित कराकर 31 दिसम्बर तक उसका आडिट सम्पन्न कराया जाना है।

# संक्षिप्त खबरें

## जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं , जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**हमीरपुरः-** जनपद में बढ़ती शीत लहर और ठंड के दृष्टिगत, मंगलवार के दिन जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने जनता दर्शन के दौरान जन-सामान्य की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित जरूरतमंदों एवं असहाय फरियादियों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल भी बांटे।जनसुनवाई में 91 शिकायतें आई जिनमें से अधिकांश का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालयों में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण करें, इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए। इस दौरान आई शीतलपुर की राजदुलारी तथा शांति, कजियाना की देवंती और वर्मा का डेरा निवासिनी गुड्डी को जिलाधिकारी ने कम्बल दिए।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने बिल्डर को टेबल टॉप ब्रेकर और हाई मास्ट लाइट लगाने के दिये निर्देश



**हमीरपुर-** इस वर्ष की बारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार के दिन डा0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष की बारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने मेसर्स- जय बिल्डर्स, कानपुर को रानी लक्ष्मीबाई तिराहे पर टेबल टॉप ब्रेकर बनाये जाने तथा एन0एच0ए0आई0 कानपुर/मेसर्स- जय बिल्डर्स कानपुर को यमुना/बेतवा पुल/लक्ष्मीबाई तिराहा एवं राठ तिराहे पर हाई मास्ट लाईट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हमीरपुर द्वारा जिलाधिकारी महोदय को बैठक में Hit and Run के सम्बन्ध में अवगत कराया कि कोई भी प्रकरण नहीं आ रहे है। इस बैठक में घनश्याम मीणा-जिलाधिकारी, विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी, द्रगपाल सिंह वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, अभिताभ राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), लेखराज सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर,चन्दन पाण्डेय, यात्री एवं मालकर अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## ग्रापए ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन विधायक को सौंपा



**हमीरपुर-** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) के प्रांतीय अध्यक्ष के आह्वान पर मंगलवार को तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रकारों ने सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति को सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सभी संवाददाताओं को तहसील स्तर पर मान्यता देने, जिला, मंडल एवं तहसील स्तर पर स्थायी समिति की बैठक नियमित कराने, पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा, प्रदेश स्तरीय मान्यता एवं विज्ञापन समिति में ग्रापए के दो सदस्यों को शामिल करने, लखनऊ में संगठन के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने तथा पत्रकारों से जुड़े विवादों में राजपत्रित अधिकारी की जांच के उपरांत ही मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष मुनीर खान, जिला महासचिव नंदकिशोर यादव, संतोष चक्रवर्ती, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र यादव, महासचिव हरीशराज चक्रवर्ती, हिमांशु गुप्ता, सोनू चौधरी, सुबोध गुप्ता, हर्षित गुप्ता, सुनील प्रजापति, दीपक खंगार, महेश गुप्ता 'दीपू' सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# पति ने गला दबाकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर थाना क्षेत्र में सोमवार के दिन विश्वास और रिश्तों का खून कर देने वाली घटना सामने आई, जहां पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। महिला अपने मायके में रह रही थी। घटना का खुलासा शाम को परिजनों के घर लौटने पर हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र केबांक गांव निवासी रामदास ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अर्चना की शादी वर्ष 2020 में जालौन जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छेवना गांव निवासी धर्मेंद्र से की थी। मृतका के चाचा नेतराम कुशवाहा के अनुसार, करीब तीन साल पहले पुत्र के जन्म के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया था। इसके बाद अर्चना मायके में रहने लगी थी और पति के खिलाफ भरण-पोषण का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन था। सोमवार को अर्चना का भाई रामदास, भाभी फुलझरिया और चाचा नेतराम कुशवाहा खेतों में काम करने गए थे। इसी दौरान अर्चना का पति धर्मेंद्र मायके पहुंच गया। घर में अर्चना को अकेला पाकर उसने कथित तौर पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

शाम करीब 5:30 बजे जब परिजन घर लौटे, तो अर्चना को मृत अवस्था में पाया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता रामदास ने बताया कि घटना के बाद मौके से भागने की कोशिश कर रहे आरोपी धर्मेंद्र को उनके छोटे भाई नेतराम और ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अर्चना को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका का तीन वर्षीय पुत्र रेहान है।

### बे बुनियाद शक ने ली महिला जान

शादी के बाद से ही एक दूसरे पर बढ़ा शक मौत के मंजर के साथ समाप्त हुआ। इस शक में 3 वर्षीय पुत्र बेसहारा हो गया। मां की मौत हो गई और पिता जेल चला गया है। मृतका के पिता ने दामाद के खिलाफ पुत्री की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शादी के बाद से ही दोनों एक दूसरे पर शक करने लगे और 2 वर्ष के अंदर इनमें अलगाव हो गया। इसी बीच इनके एक पुत्र रेहान 3 वर्ष हुआ। पति से मनमुटाव बढ़ने पर अर्चना पुत्र को लेकर मायके आ गई



और पिछले तीन वर्षों से मायके पर ही रह रही थी और अदालत में भरण पोषण का वाद दायर कर रखा था। सोमवार को मायके में अर्चना घर पर अकेली थी। माता-पिता भाई खेतों में थे तभी धर्मेंद्र ससुराल पहुंचा और अर्चना की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर भागते समय ग्रामीणों ने धर्मेंद्र को दबोच लिया। अर्चना के पिता रामदास ने आरोप लगाया है कि दामाद पुत्री के चाल चलन पर शक जाहिर करके प्रताड़ित करता था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके आ गई थी। दामाद ने आकर हत्या की है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके हिरासत में लिया है। शक का इतना खौफनाक अंत होगा किसी ने नहीं सोचा था और एक दूसरे पर किए गए शक में पत्नी जान से हाथ धो बैठी पति जेल चला गया और तीन वर्ष का रेहान बेसहारा हो गया।

## एण्टी करप्शन विभाग ने लोगों को किया जागरूक, लगाए पोस्टर



**हमीरपुरः-** एंटी करप्शन विभाग ने मौदहा कस्बा के प्रमुख स्थानों में पोस्टर लगाते हुए लोगों को जागरूक किया, कहा कि यदि किसी भी विभाग का सरकारी कर्मचारी राजकीय कार्य के लिए रिश्वत की मांग करता है, तो लोग बिना भय के इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह जानकारी थाना एंटी करप्शन चित्रकूट धाम मंडल, बांदा से आई टीम ने दी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय हमीरपुर में पुलिस लाइन परिसर के भीतर फिंगरप्रिंट कार्यालय के बगल में एंटी करप्शन की चौकी स्थापित की गई है, जहां क्षेत्र की जनता अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। किसी भी विभाग के सरकारी अथवा राज्य कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की स्थिति में एंटी करप्शन विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरक्षी अभिषेक सिंह ने बताया कि थाना एंटी करप्शन बांदा मंडल की चौकी हमीरपुर के अंतर्गत तहसील मौदहा, थाना मौदहा, ब्लॉक मौदहा, नगर पालिका कार्यालय मौदहा, तहसील राठ क्षेत्र एवं तहसील सरीला क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान आमजन से वार्ता कर उन्हें भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया गया।

# भाजपा के नव मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से केंद्रीय कार्यालय में मिलकर पेरिका सुरेश ने दी बधाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भाजपा के सोशल मीडिया एवं आईटी सदस्य पेरिका सुरेश ने भाजपा के नव मनोनीत युवा कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को केंद्रीय कार्यालय में फूल का गुच्छा एवं पटका डालकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सुरेश ने महाकुंभ के दौरान उनके द्वारा की गई जन सेवा से संबंधित पुस्तिका भी उन्हें प्रदान की।श्री नबीन ने श्री सुरेश द्वारा धार्मिक कार्यों में अभिरुचि एवं सेवा के लिए उनकी काफी प्रशंसा की।श्री सुरेश ने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन युवा, ऊर्जावान,अनुभवी नेता है जो पार्टी के जनाधार विस्तार एवं इसे शिखर तक ले जाने में पूरी तरह सक्षम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जहां परिवारवाद नहीं है और योग्यता के अनुसार सबको समान अवसर एवं पद दिया जाता है। श्री सुरेश ने कहा कि एक युवा को राष्ट्रीय संगठन की सर्वोच्च जिम्मेदारी देकर भाजपा ने आने वाली पीढ़ी की सहभागिता को सुनिश्चित किया है और यह एक क्रांतिकारी कदम है।उन्होंने कहा कि नितिन नवीन व्यवहार कुशल एवं अनुभवी नेता हैं जो सभी को लेकर चलने की नीति पर काम करते रहेंगे और इससे पार्टी को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

## आवारा जानवर को बचाने में पलटी स्कूली वैन, तीन बच्चे घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मुस्करा कस्बा में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब स्कूली बच्चों को ले जा रही वैन आवारा जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में वैन सवार तीन बच्चे घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। यह दुर्घटना मुस्करा कस्बे में लीलावती पेट्रोल पंप के पास हुई। बताया गया कि वैन में करीब छह बच्चे सवार थे, जो आसपास के गांवों से स्कूल जा रहे थे। अचानक सड़क पर आवारा जानवर आ जाने से चालक ने वैन मोड़ने का प्रयास किया, जिससे वाहन पलट गया।

हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को वैन से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चों को



मामूली चोटें आई थीं, उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

घायल बच्चों की पहचान बसवारी गांव निवासी कनक (पुत्री योगेंद्र), अर्पित (पुत्र जितेंद्र) और आलिम (पुत्र अंसार) के रूप में हुई है। यह वैन मुस्करा कस्बे में संचालित स्वामी विवेकानंद एकेडमी स्कूल की बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कूली वैन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है और मामले की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नेत्र शिविर में नेत्र परीक्षण के साथ-साथ बनाए गए आयुष्मान कार्ड



**हमीरपुर-** कुरारा विकासखंड क्षेत्र के पतारा गांव स्थित श्री राम जानकी मंदिर लालदास बाबा आश्रम में मंगलवार के दिन नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 48 लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण में सात लोगों को मोतियाबिंद की समस्या पाई गई जिनको ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा जाएगा। गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश द्विवेदी ने बताया कि गांवके लोगो को सहायता के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आयुष्मान मित्र मनीष द्वारा 23 पात्र ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश तिवारी बचरौली, अहिवरन सिंह आदि ने सहयोग किया।

# एसडीएम के आश्वासन पर नौवें दिन गन्ना मंत्री के पुतला दहन के बाद धरना समाप्त

**● क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि प्रशासन की उदासीनता का है परिणाम अपने ही पैसे के लिए धरना पर बैठे हैं किसान नौवें पुतला दहन के बाद धरना खत्म**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज** के ओसवाल चीनी मिल को गन्ना देने के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों को उनके गन्ने का भुगतान नहीं मिला कभी झूठा बादा किया गया एक महीने में भुगतान करवा दिया जाएगा तो कभी चीनी मिल नीलाम कर दिया जायेगा तब पैसा मिल जाएगा। कभी कहा मिल बिक रही है इस तरह किसानों को केवल किया गया गुमराह इस कड़ाके की सर्दी में भी अपने गन्ना भुगतान को लेकर तहसील कार्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना पर बैठे हुए हैं इनकी सुनने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं जन प्रतिनिधि नहीं आ रहे है।

सामाजिक संस्था पहनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार के नेतृत्व में गन्ना किसानों का



भुगतान करवाने के लिए तहसील प्रांगण में 8 दिसंबर 2025 से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी है उनके साथ किसान ओसवाल चीनी मिल को गाना देने के बाद अपना पैसा मांगने के लिए अवधारणा देने को मजबूर है ज्ञात रहे ओसवाल चीनी मिल ने किसानों का गाना लेने के बाद 2 वर्ष बीत जाने के बादभी भुगतान नहीं किया जब के किसानों का 70 करोड़ रूपया चीनी मिल पर बकाया है। धरना पर बैठे किसानों ने आज धरना स्थल पर ही गन्ना मंत्री का पुतला फूंक दिया इसके बाद नवाबगंज एसडीएम उदित सिंह पवार के शासन पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

फिर भी किसानों के भुगतान करने के लिए कोई भी मैदान में नहीं उतरा धरना दे रहे किसानों ने गन्ना किसानों ने समिति मिलाकर



चलने का आश्वासन दिया इस घटना में क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान के साथ ही अर्जुन सिंह वाहिद अहमद अंसारी ब्रह्मानंद गंगवार राम रतन गंगवार बृजेश उम्र राय लाल फौजी सरदार सेवा सिंह आदि ने भी करने में पहुंचकर समर्थन किया।

इस धारणा को गति देने के लिए सपा ने भी धरना में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार शीतल नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज सानू और बिलासपुर मुख्य नरोत्तम दास मुन्ना ओमेंद्र गंगवार जिला पंचायत सदस्य नेहा गंगवार छेड़ लाल दिवाकर ग्राम प्रधान प्रहलाद गंगवार नरेंद्र गंगवार बबलू गंगवार आदि धरना दे रहे किसानों का हौसला अफजाई करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया।

# बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति को बढ़ावा देने हेतु आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने हेतु प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान गणित और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत 'नव वैज्ञानिक बच्चे' थीम पर आधारित ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र मुस्करा में आयोजित हुई।प्रतियोगित का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा की अध्यक्षता में हुआ , जिसमें SRG रामकृष्ण शुक्ला ने विज्ञान के विषय में प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में सुपर- 100, सुपर- 10, सुपर - 5 बच्चों को चयनित किया गया । कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र सचिन पुत्र अनिल कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त



किया। द्वितीय स्थान पर शुभम यूपीएस भुगैचा और तृतीय स्थान पर राज यूपीएस छेड़ी बसायक रहा।

प्रतियोगिता में सफल प्रथम पांच बच्चों को जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता और विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान होगा। साथ ही शैक्षिक भ्रमण करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में नोडल राजकुमार UA R P मुस्करा, प्रवीण सचान और कक्ष निरीक्षक में पवन कुमार, दीपक सोनी, रमन कुमार, आशीष आर्य, वेद प्रकाश,



कुलदीप, पीयूष कुमार, अंजुली गुप्ता, रवि कुमार प्रजापति, गजराज सिंह, बाबूराम चक्रवर्ती, रामकृपाल, पूरन सिंह आदि प्रधानाध्यापक और सहायक आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम कासंचालन श्यामसुंदर विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर सुपर 10 बच्चों को एक्सपेरिमेंट किट, ज्योमेट्रीबॉक्स, प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान किया गया एवं प्रतिभागी समस्त बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# दंपत्ति के नाम से आवंटित राशन की दुकानों में एक निलंबित तो दूसरे से मांगा गया स्पष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** मौदहा विकासखण्ड की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में दंपत्ति के नाम से आवंटित सरकारी राशन की दुकान में बीते रविवार को पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान दोनों राशन की दुकानों में काफी मात्रा में गेंहू, चावल, चीनी इत्यादि का भण्डारण पाया गया। राशन की दुकान में स्लोगन तथा जिला शिकायत निवारण अधिकारी का नाम व सम्पर्क नंबर न लिखा होना तथा भण्डारण की मात्रा सूचना पट्ट में प्रदर्शित न करने को देख जांच पड़ताल करने आए पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय ने घटतौली आदि की आशंका जाहिर करते हुए पत्नी के नाम से आवंटित राशन की दुकान को निरस्त कर एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देने के साथ पति के नाम से आवंटित राशन की दुकान का स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर मांगा है। अन्यथा की स्थिति में नजदीकी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का लिखित आदेश जारी किया है।

मौदहा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा व भैंसता गांव में दंपत्ति के नाम से सरकारी राशन की दुकान आवंटित हैं। पति अब्दुल गनी के नाम से भैंसता तो पत्नी कुरैशा बानो सिजनौडा गांव की उचित दर विक्रेता है।

बीते रविवार को पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय अभय उपाध्याय ने दंपत्ति के नाम से आवंटित दोनों दुकानों का भौतिक सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान राशन की दुकानों में सरकारी आदेशानुसार जिला शिकायत निवारण अधिकारी का नाम व सम्पर्क नंबर, रेट बोर्ड व भण्डारण पट्ट अद्यतन नहीं पाया गया साथ ही सूचना पट्ट प्रदर्शित न होने के साथ वन राशन वन नेशन सम्बंधित सूचनाएं प्रदर्शित नहीं की गई थीं। जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि दुकान में फोर्टिफाइड राइस सम्बंधित सूचना तथा विभागीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर इत्यादि की सूचनाएं प्रदर्शित नहीं पाई गई। आदेश में बताया कि भण्डारण रजिस्टर भी नहीं उपलब्ध कराया गया। दुकान में रखे खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करने पर चावल 18 बोरी व गेंहू 21 बोरी मौके पर पाया गया। आदेश में प्रदर्शित सारणी के माध्यम से कुरैशा बानो के नाम से आवंटित दुकान पर 4.251 किग्रा गेहूं अधिक तथा 0.371 किग्रा चावल कम मिलने का हवाला दिया गया है। भौतिक सत्यापन में उपलब्ध खाद्यान्न को देखते हुए घटतौली, कालाबाजारी करने का अंदेशा जताते हुए निलंबित करने का आदेश जारी करते हुए पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण भी मांगा है। इसी प्रकार भैंसता गांव में अब्दुल गनी के नाम से आवंटित राशन की दुकान के भौतिक सत्यापन में 0.58 क्विंटल गेंहू कम व 0.18 क्विंटल चावल के साथ 0.23 क्विंटल चीनी अधिक पाई गई है। भौतिक सत्यापन के दौरान विभागीय आदेशों को धरातल में लागू न करने पर अब्दुल गनी से भी पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं कुरैशा बानो के नाम से आवंटित सिजनौडा उचित दर विक्रेता के स्थान पर उरदना गांव के उचित दर विक्रेता को नामित किया गया है।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में लंबे समय से शिकायतें सिर्फ नाम का मॉडल अस्पताल

**● मरीज मॉडल की सुविधाओं से वंचित! सिर्फ कहकर रेफर!**

**इलाके के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री और जिला अधिकारी का ध्यान दवाओं और चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग की ओर आकर्षित किया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल में लोगों का अच्छा इलाज पाने का एकमात्र भरोसेमंद स्थल है। लेकिन इस मॉडल अस्पताल का भरोसेमंद स्थल केवल रेफर करने तक सीमित है, यह सिर्फ नाम का मॉडल अस्पताल है! चिकित्सा सेवाएँ लगभग नहीं हैं। रोगी मॉडल की सुविधाओं से वंचित हैं! केवल कहकर रोगियों को रेफर किया जा रहा है, रोगियों को वापस भेजा जा रहा है, स्वास्थ्य सेवा के नाम पर रोगियों को सही सेवा नहीं मिल रही। किसी साधारण कारण से भी रोगी को श्रीभूमि सिविल अस्पताल या सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है, अन्यथा किसी और अस्पताल में। अपनी असंतुष्टि व्यक्त करते हुए इलाके के लोग शिकायत कर रहे हैं कि दुल्लभछड़ का अस्पताल गंभीर रूप से




बीमार रोगियों को स्वास्थ्य जोखिम में पहुंचाने पर केवल सेवा की उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं और सुव्यवस्था नहीं प्रदान करता, बल्कि रोगियों को केवल रेफर किया जाता है। रेफर करने से क्या रोग ठीक होता है? अब यह मॉडल अस्पताल केवल रेफर के नाम से परिचित है। रोगियों का कहना है कि इन मॉडल अस्पतालों की सुविधाओं में, जिनमें उपकरण और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं, उनमें बहुत सारी खामियां हैं। महिलाओं (गाइनी) के रोगियों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर और सीज़रियन सेक्शन की कोई सुविधा नहीं है और छोटे बच्चों के इलाज के लिए डॉक्टर नहीं हैं।

विभिन्न समस्याएं इस अस्पताल में मौजूद हैं। चिकित्सकों और दवाओं की कमी और रेबीज (Rabies) वैक्सीन की अनुपस्थिति, और आपातकालीन सेवाओं में लापरवाही के कारण इस अस्पताल की सेवाओं के बारे में व्यापक शिकायतें हैं। इस संबंध में प्रभावित लोग स्वास्थ्य मंत्री अशोक सिंगल और जिला कलेक्टर प्रदीप कुमार द्विवेदी का ध्यान आकर्षित किया। और अत्यंत जरूरी एक मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर और महिला विशेषज्ञ डॉक्टर सहित अस्पताल में आवश्यक विभिन्न प्रकार की दवाओं की उपलब्धता महत्वपूर्ण तथा सही गुणवत्ता वाली सेवाओं के लिए स्थानीय लोग जोरदार तरीके से अपना दावा पेश कर रहे हैं।

इस बीच सूत्रों से पता चला है कि डॉक्टर और नर्सों के लिए भी रहने के क्वार्टर की सुविधा नहीं है, केवल नाम में मॉडल अस्पताल है, यही असली तस्वीर है। और अस्पताल में जो डॉक्टर और नर्स काम कर रहे हैं, वे मरीजों का इलाज और सेवा संबंधी कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कर्मचारियों की कमी के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब सरकार महत्वपूर्ण चिकित्सा और जनकल्याण के मामलों में लोगों के हित में क्या कदम उठाती है।

## उद्योग नगरी को ग्रीन फील्ड हाईवे से जोडने की मांग करते हुए सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** प्रस्तावित ग्रीन फील्ड हाईवे से सुमेरपुर उद्योग नगरी को जोड़ने की मांग करते हुए व्यापार मंडल ने सदर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। सदर विधायक ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया है कि वह केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से मिलकर समस्या का निदान कराएंगे। कानपुर से लेकर महोबा जिले के कबरई कस्बे तक बनने वाले ग्रीन फील्ड हाईवे के निर्माण को हरी झंडी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में प्रदान दी है। यह प्रस्तावित राजमार्ग अप्रैल से बनना शुरू होगा। इस हाईवे में उतरने चढ़ने के लिए एप्रोच मार्ग मुख्यालय की कुछेछा के पास दिया गया है। जबकि कस्बे में उद्योग नगरी के साथ अन्य कई बड़े व्यापार संचालित है। जिससे दूसरे प्रांत के लोगों के साथ गाड़ियों की आवाजाही होती है। लेकिन कस्बे को इस हाईवे से नहीं जोड़ा जा रहा है। इसी के मद्देनजर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति को ज्ञापन सौंप कर कस्बे की उद्योग नगरी को फोरलेन हाईवे से जोड़ने की मांग की है। सदर विधायक ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया है कि वह केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर समस्या से अवगत कराकर कस्बे को



प्रस्तावित फोर लेन हाईवे से जुड़वाने का कार्य करेंगे। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के चेयरमैन अनुज शिवहरे, महामंत्री श्यामलाल गुप्ता, विजय उर्फ कल्लू चौरसिया, अनिल परनामी,रामजी मिश्रा, शिवनारायण धुरिया, गुड्डू गुप्ता आदि शामिल रहे।

# अपोलो अस्पताल ने दिल्ली पुलिस परिवारों के लिए आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली** रोहित कुमार IHRPACF ने दिल्ली पुलिस परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें अपोलो अस्पताल के सहयोग से कल्याण केंद्र बेगमपुर उत्तर पश्चिम दिल्ली में 15 दिसंबर 2025, सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में कैम्प अपोलो अस्पताल संयोजक विनोद सिंह, डॉक्टर ज्ञानीस्ट आराधना, नर्सिंग स्टाफ पूजा और सुचि, सहायक हरेंद्र, बीएमडी तकनीशियन वीरेन्द्र सिंह, आँख विशेषज्ञ डॉक्टर शहनाज, दंत विशेषज्ञ डॉक्टर सुबोध और शरीर की जांच विशेषज्ञ डॉक्टर जकिया ने




अपनी सेवाएं दीं।